RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 27
फरीदाबाद, मंगलवार, 02 मार्च, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए
YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



इंटरव्यू के लिए जा रहे हैं तो ऐसे करें तैयारी
पेज- 12

उफ ये महंगाई क्या करके छोड़ेगी

रसोई गैस के दाम फिर 25 रुपये बढ़े

## इस साल अब तक 125 रुपये महंगा हुआ

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सरकारी** तेल कंपनियों ने सोमवार को गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी की है। 14.2 किलोग्राम के बिना सब्सिडी वाले सिलेंडर के दाम में 25 रुपये तक का इजाफा किया गया है।

दिल्ली में बिना सब्सिडी वाला एलपीजी सिलेंडर अब 25 रुपये महंगा होकर 819 रुपये हो गया है, पहले ये 794 रुपये था। 2021 में ही रसोई गैस सिलेंडर 125 रुपये महंगा हुआ है। एक जनवरी को इसकी कीमत 694 रुपये थी, जो अब 819 रुपयेहै। फरवरी में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम तीन बार बढ़े थे। सरकार ने 4 फरवरी को एलपीजी के दाम में 25 रुपये का इजाफा किया था। उसके बाद 15 फरवरी को 50 रुपये और 25 फरवरी को 25 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी।



एक जनवरी को इसकी कीमत 694 रुपये थी

एक दिसम्बर को घरेलू गैस सिलेंडर 594 रुपये से बढ़कर 644 रुपये हुए थे। एक जनवरी को फिर से 50 रुपये बढ़ाए गए, जिसके बाद 644 रुपये वाला सिलेंडर 694 रुपये हो गया। चार फरवरी को की गई बढ़ोत्तरी के बाद इसकी कीमत 694 रुपयेसे बढ़कर 719 रुपये हो गई है। 15 फरवरी को 719 रुपयेसे 769 रुपये हुई और 25 फरवरी को 25 रुपये दाम बढ़ने से इसकी कीमत 769 रुपये से 794 रुपये पर आ गई थी। अब फिर बढ़ोतरी के बाद इसकी कीमत 819 रुपये पर पहुंच गई है। जनवरी में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एलपीजी की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया था।

हालांकि दिसंबर में दो बार कॉमर्शियल और घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी हुई थी। दिसंबर में दिल्ली में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 91.50 रुपये मंहगा हुआ था। वहीं घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 100 रुपये का इजाफा हुआ था।

### सरकार 12 घरेलू सिलेंडरों पर देती है सब्सिडी

**सरकार** एक साल में प्रत्येक गैस कनेक्शन के लिए 14.2 किलोग्राम के 12 सिलेंडरों पर सब्सिडी देती है। ग्राहक को हर सिलेंडर पर सब्सिडी समेत कीमत चुकानी होती है। बाद में सब्सिडी का पैसा खाते में वापस आ जाता है। अगर ग्राहक इससे ज्यादा सिलेंडर लेना चाहते हैं तो उन्हें बाजार मूल्य पर खरीदना होता है। तेल कंपनियां हर महीने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों की समीक्षा करती हैं। इनमें बढ़ोतरी या कमी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत और अमेरिकी डॉलर के एक्सचेंज रेट पर निर्भर करती है। 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर भी 90.50 रुपये महंगा हुआ है। अब दिल्ली में इस सिलेंडर की कीमत 1614 रुपये हो गई है। उसी तरह मुंबई का रेट अब 1563.50 रुपये प्रति सिलिंडर हो गया है।

## चुनाव की दस्तक के बीच मोदी ने लगवाई कोरोना वैक्सीन

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कोरोना का पहला टीका लगवा लिया है। उन्हें भारत बायोटेक की कोवैक्सिन का डोज दिया गया। वे सोमवार सुबह असम का गमछा गले में डालकर दिल्ली एम्स पहुंचे। यहां पुडुचेरी की पी निवेदा ने मोदी को टीका लगाया, इस दौरान केरल की सिस्टर रोसम्मा अनिल पास में खड़ी थीं। इन तीनों राज्यों में 27 मार्च से छह अप्रैल तक विधानसभा चुनाव होने हैं।

एम्स में तीन साल से काम कर रहीं सिस्टर पी निवेदा ने बताया कि उनकी ड्यूटी वैक्सीन सेंटर पर लगी है। सोमवार सुबह ही उन्हें बताया गया कि प्रधानमंत्री टीका लगवाने के लिए आ रहे हैं। वैक्सीन लगवाने के बाद मोदी ने नर्स से कहा, 'लगा भी दी, पता ही नहीं चला।' एम्स के डायरेक्टर रणदीप गुलेरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री ने नर्सिंग ऑफिसर्स को सहज करने के लिए उनसे मजाक किया। उनसे लोकल लैंग्वेज में बात की और पूछा कि आप कहां की रहने वाली हैं। इससे नर्सिंग स्टाफ को सहूलियत हुई।

कृषि क्षेत्र में बजट पर मोदी ने कहा

# समय है कि खेती में प्राइवेट सेक्टर का योगदान बढ़े

### गेहूं-चावल उगाने तक ही सीमित न रहें किसान

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग हमारे देश में पहले से होती रही है। उन्होंने यह भी कहा कि एग्रीकल्चर सेक्टर में रिसर्च एंड डेवलपमेंट को लेकर ज्यादातर योगदान पब्लिक सेक्टर का है। समय आ गया है कि इसमें प्राइवेट सेक्टर का योगदान भी बढ़े। होलिस्टिक अप्रोच चाहिए, पूरा साइकल होना चाहिए। हमें किसानों को ऐसा विकल्प देना चाहिए कि वे गेहूं-चावल उगाने तक ही सीमित न रहें। प्रधानमंत्री कृषि क्षेत्र में बजट लागू करने को लेकर हुए वेबिनार को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमें किसानों को ऐसी टेक्नोलॉजी, ऐसे बीज उपलब्ध कराने हैं जो जमीन के लिए उपयोगी हों और जिनमें न्यूट्रिशन की मात्रा भी हो। हमें एग्रीकल्चर सेक्टर से जुड़े स्टार्टअप को बढ़ावा देना होगा, युवाओं को जोड़ना होगा। कोरोना के समय हमने देखा है कि कैसे स्टार्टअप्स ने फलों और सब्जियों को लोगों के घरों तक पहुंचाया। देखा गया है कि ज्यादातर स्टार्टअप युवाओं ने ही शुरू किए।

माइक्रो इरिगेशन फंड की राशि बढ़ाकर दोगुनी कर दी गई है। देश की 1000 और मंडियों को ई-नाम से जोड़ने का फैसला लिया गया है। इन सारे फैसलों में सरकार की सोच झलकती है, इरादा महसूस होता है और सरकार के विजन का पता चलता है। लगातार बढ़ते हुए कृषि उत्पादन के बीच 21वीं सदी में भारत को फूड प्रोसेसिंग क्रांति और वैल्यू एडिशन की आवश्यकता है। देश के लिए बहुत अच्छा होता, अगर ये काम 2-3 दशक पहले ही कर लिया गया होता। अब जो समय बीत गया है, उसकी भरपाई तो करनी ही है। आने वाले दिनों के लिए अपनी तैयारी और तेजी को भी बढ़ाना है।

हमें एग्रीकल्चर के हर क्षेत्र में प्रोसेसिंग पर सबसे ज्यादा फोकस करना है। इसके लिए जरूरी है कि किसानों को अपने गांव के पास ही स्टोरेज की सुविधा मिले। खेत से प्रोसेसिंग यूनिट तक पहुंचाने की व्यवस्था सुधारनी ही होगी। हम सब जानते हैं कि फूड प्रोसेसिंग क्रांति के लिए किसानों के साथ ही पब्लिक, प्राइवेट और को-ऑपरेटिव सेक्टर को पूरी ताकत से आगे आना होगा। हमें देश के एग्रीकल्चर सेक्टर का प्रोसेस फूड के वैश्विक मार्केट में विस्तार करना ही होगा।

सिर्फ खेती नहीं, फिशरीज सेक्टर में भी प्रोसेसिंग का बहुत बड़ा स्कोप हमारे यहा हैं। भले ही हम दुनिया के बड़े फिश एक्सपोर्टर में से हैं, लेकिन वैश्विक मार्केट में हमारी उपस्थिति बहुत सीमित है। ये स्थिति बदलनी होगी। इसके लिए जरूरी रिफॉर्म्स के अलावा करीब 11000 करोड़ रुपये की प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव स्कीम सरकार ने बनाई है।

आत्मनिर्भर अभियान के तहत लाखों छोटी फूड एंड प्रोसेसिंग यूनिट्स को मदद की जा रही है। फूड प्रोसेसिंग के साथ ही इस बात पर फोकस करना है कि छोटे से छोटे किसान को भी आधुनिक तकनीक का लाभ कैसे मिले। क्या ट्रैक्टर और दूसरी मशीनों को शेयर करने का एक सस्ता विकल्प किसानों को दिया जा सकता है। आज जब हवाई जहाज को घंटों के हिसाब से किराए पर ले जा सकते हैं, तो किसानों के लिए भी ऐसी व्यवस्था की जा सकती है।



### फल-सब्जियों के परिवहन पर दी जा रही सब्सिडी

**ऑपरेशन** ग्रीन्स योजना के तहत किसान रेल के लिए सभी फलों और सब्जियों के परिवहन पर 50 फीसद सब्सिडी दी जा रही है। किसान रेल भी आज देश के कोल्ड स्टोरेज का सशक्त माध्यम बनी है। बीते छह महीने में करीब 275 किसान रेलें चलाई जा चुकी हैं। छोटे किसानों के लिए बहुत बड़ा माध्यम तो है ही, कंज्यूमर और इंडस्ट्री को भी इसका लाभ हो रहा है।

कृषि कानूनों का विरोध

### बिजली मंत्री के लिए चूड़ियां लेकर पहुंचे किसान, कहा पहन लो

**पायनियर समाचार सेवा।** सिरसा

**देश** में कृषि कानूनों के खिलाफ कई महीनों से आंदोलन जारी है। इसी बीच सिरसा में सोमवार को सैकड़ों किसान हरियाणा के बिजली एवं जेलमंत्री चौ. रणजीत सिंह चौटाला का घेराव करने के लिए पहुंचे। किसान मंत्री के लिए चूड़ियां लेकर पहुंचे थे।

कई घंटे हुए हंगामे में किसानों और पुलिस में तनातनी भी हुई। किसानों की तरफ से बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की गई। जब पुलिस प्रशासन ने महिला पुलिस को आगे कर दिया तो आंदोलनकारी लौट गए। लंबे समय से चल रहे नाराजगी के माहौल के बीच रविवार को बरनाला रोड स्थित पक्के मोर्चे पर धरना दे रहे किसानों ने भूमणशाह चौक पर एकत्रित होकर बिजली मंत्री का पुतला फूंका था। किसानों के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए चौटाला हाउस की तरफ जाने वाली सड़क को बैरिकेड्स लगाकर बंद किया गया था। पुलिस जवान तैनात किए गए थे।

सोमवार को दूसरे दिन फिर किसानों के रणजीत सिंह के आवास के बाहर हंगामा किया। बैरिकेडिंग हटाए जाने की कोशिश में किसानों और सुरक्षाकर्मियों के बीच धक्का-मुक्की की नौबत आ गई। करीब दो घंटे तक किसानों ने यहां सरकार और मंत्री चौटाला के खिलाफ नारेबाजी की।

अब पंजाब के चुनावी रणनीतिकार बने प्रशांत किशोर

## एक रुपये सैलरी में प्रिंसिपल एडवाइजर बनाया, मिला कैबिनेट मंत्री का दर्जा

**एजेंसी।** चंडीगढ़



2022 के विस चुनाव में कांग्रेस की रणनीति तैयार करने में करेंगे मदद

**पंजाब** के चीफ मिनिस्टर कैप्टन अमरिंदर सिंह ने सोमवार को चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर को अपना प्रिंसिपल एडवाइजर बनाया है। वह 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की रणनीति तैयार करने में मदद करेंगे। प्रदेश सरकार ने उन्हें कैबिनेट मिनिस्टर का दर्जा दिया है। हालांकि, प्रशांत किशोर की सैलरी एक रुपया होगी।

अमरिंदर सिंह ने कहा कि हम पंजाब के लोगों की भलाई के लिए एक साथ काम करने के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने पार्टी की प्रमुख सोनिया गांधी के साथ इस मुद्दे पर बात की थी। उनपर ही फैसला छोड़ दिया था। प्रशांत किशोर ने 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

प्रशांत किशोर यूनाइटेड नेशन्स के हेल्थ वर्कर रहे हैं। 2011 में वे भारत लौटे और पॉलिटिकल पार्टियों के इलेक्शन कैम्पेन संभालने लगे। उन्होंने सबसे पहले बीजेपी और नरेंद्र मोदी के साथ गुजरात में कैम्पेन शुरू किया। 2012 में उन्होंने नरेंद्र मोदी को गुजरात का सीएम बनाने के लिए कैम्पेन की कमान अपने हाथों में ली। तब प्रशांत गुजरात के सीएम हाउस में रहते थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में प्रशांत नरेंद्र मोदी के कैम्पेन स्ट्रैटजिस्ट्स थे। तब बीजेपी को पूर्ण बहुमत मिलने के पीछे उनकी रणनीति का भी हाथ रहा। इसके बाद प्रशांत किशोर अपनी रणनीति के बलबूते बिहार चुनाव में नीतीश और लालू के साथ महागठबंधन की सरकार बनवाने में सफल रहे। इसके बाद ही कांग्रेस ने यूपी और पंजाब सहित बाकी राज्यों के चुनावों में जीत दिलाने के लिए प्रशांत किशोर को अपने साथ किया था।

### कच्चा तेल महंगा होने से विमान ईंधन की कीमतों में उछाल

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन की कीमतों में सोमवार को 6.5 फीसदी की बड़ी वृद्धि हुई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दामों में तेजी आ रही है, जिससे विमान ईंधन महंगा हुआ है। सार्वजनिक क्षेत्र की ईंधन कंपनियों की अधिसूचना के अनुसार एटीएफ के दाम 3663 रुपये प्रति किलोलीटर या 6.5 प्रतिशत बढ़ाए गए। इससे राष्ट्रीय राजधानी में विमान ईंधन का दाम 59,400.91 रुपये प्रति किलोलीटर की ऊंचाई पर पहुंच गया। फरवरी से विमान ईंधन कीमतों में यह तीसरी वृद्धि है। 16 फरवरी को विमान ईंधन के दाम 3.6 फीसदी बढ़े। एक फरवरी को विमान ईंधन के दाम 3,246.75 रुपये प्रति किलोलीटर बढ़ाए थे। सोमवार को ब्रेंट कच्चा तेल बढ़त के साथ 65.49 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

## हरियाणा के दस जिलों में पकड़े 2735 बिजली चोर

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** बिजली निगमों की फ्लाइंग द्वारा प्रदेश के दस जिलों में चलाए गए विशेष आप्रेशन के दौरान जहां 2735 बिजली चोर पकड़े गए हैं। बिजली निगमों की फ्लाइंग ने 10 शहरों में लगातार दो दिनों तक चली छापेमारी के दौरान सात हजार 710 प्रतिष्ठानों में सर्च की। हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने पत्रकारों से बातचीत में इस आपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि लगातार दो दिन चली छापेमारी के दौरान बड़ी संख्या में अधिकारियों व कर्मचारियों की भी मिलीभगत सामने आई है।

बिजली निगमों की टीम ने गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल, रेवाड़ी, नारनौल, हिसार, फतेहाबाद, सिरसा, भिवानी व जींद में छापेमारी की। रणजीत सिंह ने बताया कि पिछले पंद्रह दिनों से इस मुहिम के लिए अंदरखाने काम चल रहा था। लगभग 1200 अधिकारियों-कर्मचारियों की टीम ने इन 10 शहरों में कुल 7 हजार 710 प्रतिष्ठानों में छापा मारा। इनमें घरेलू, गैर-घरेलू व औद्योगिक इकाइयां शामिल थीं। इनमें गुरुग्राम, फरीदाबाद, मानेसर, रेवाड़ी व धारूहेड़ा आदि शहरों में चलने वाले पीजी अधिक हैं। इसी तरह से 195 बड़े शोरूम, शॉपिंग कॉम्पलैक्स, मॉल और बड़ी कंपनियों के दफ्तरों में चोरी पकड़ी गई।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | 49,099 | 749.8 |
| निफ्टी | 14,751 | 232.9 |
| सोना | 45,520 | 241 /10 gm |
| चांदी | 68,887 | 781/kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 29.00°C
न्यूनतम 16.00°C

## क्विक न्यूज

### जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के नए चरण के संकेत : अधिकारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सांबा सेक्टर से पिछले महीने जब्त चिपकने वाले बम की बरामदगी से राज्य के सुरक्षा प्रतिष्ठान काफी सतर्क हो गए हैं क्योंकि यह केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवाद के नए चरण की शुरुआत की ओर संकेत है। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ ने जम्मू क्षेत्र के सांबा सेक्टर में 14 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास ड्रोन से गिराए गए एक बम को जब्त किया था। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं और उनका अनुमान था कि कुछ आईईडी कश्मीर घाटी में पहुंच चुके हैं।

### राज्यपाल को करना चाहिए राज धर्म का पालन : शिवसेना

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार के मंत्रिमंडल से संजय राठौड़ के इस्तीफा देने के एक दिन बाद सोमवार को शिवसेना ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की सराहना की और राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से आग्रह किया कि वह विधान परिषद के लिए अपने कोटे से 12 सदस्यों को नामित कर राज धर्म का पालन करें। पुणे में एक युवती द्वारा कथित तौर पर आत्महत्या करने के बाद उपजे सियासी बवाल के चलते शिवसेना विधायक राठौड़ ने इस्तीफा दे दिया था। पार्टी के मुखपत्र सामना में शिवसेना ने कोश्यारी को भाजपा द्वारा नियुक्त राज्यपाल करार दिया और राज्यपाल के कोटे से विधान परिषद के 12 सदस्यों को नामित करने का निर्णय लेने में देरी करने का आरोप लगाया।

### दो भाई पानी की टंकी में गिरे, दोनों की मौत

**जींद।** सोमवार को यहां घर में पशुओं के लिए बने पानी की टंकी में 2 बच्चे डूब गए। इनमें से एक भाई 4 साल तो दूसरा महज ढाई का था। हादसा उस वक्त का है, जब परिवार के लोग दूसरे कामों में व्यस्त थे। दोनों भाई आंगन में खेल रहे थे। दिखाई नहीं देने पर ढूंढा तो दोनों हौद में मिले। अस्पताल पहुंचने से पहले दोनों की सांसें थम चुकी थी। घटना जिले के गांव गांगोली का है।

### दो आईएएस बदले, चार को दी तरक्की

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने 2017 बैच के चार आईएएस अधिकारियों को आईएएस के सीनियर टाइम स्केल में पदोन्नत किया है। ये आदेश पहली जनवरी, 2021 से लागू होंगे। सरकारी प्रवक्ता ने सोमवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आईएएस के सीनियर टाइम स्केल में पदोन्नत अधिकारियों में साहिल गुप्ता, स्वप्निल रविन्द्रा पाटिल, विश्राम कुमार मीणा तथा वैशाली शर्मा शामिल हैं।

आज का राशिफल 02 मार्च
>> पढ़े पेज-10

### पति के अवैध संबंध से नाराज पत्नी ने दो बेटियों समेत आत्महत्या की

**रोहतक।** पति और उसकी प्रेमिका से परेशान महिला ने रविवार को अपनी दो बेटियों के साथ जहर खाकर जान दे दी। आरोपी पति शुगर मिल में अटेंडेंट पद पर कार्यरत है और आरोपी की प्रेमिका एक अकादमी में शिक्षिका के तौर पर नौकरी करती है। पुलिस के मुताबिक झज्जर जिले के गांव भापड़ौदा निवासी देवेंद्र सिंह ने अर्बन एस्टेट थाने में शिकायत दी कि उसकी बेटी सोनिया (40) की शादी राजेश निवासी बोहर के साथ करीब 18 साल पहले हुई थी। सोनिया की बड़ी बेटी (16), छोटी बेटी (12) और उससे छोटा बेटा (7) है।

### फार्मा समूह पर छापेमारी, 400 करोड़ काला धन मिला

**नई दिल्ली।** हैदराबाद स्थित एक बड़ी फार्मास्यूटिकल कंपनी में आयकर विभाग की छापेमारी के दौरान करीब 400 करोड़ रुपये की अघोषित आय का पता चला है। सीबीडीटी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। यह छापेमारी 24 फरवरी को पांच राज्यों में कुल 20 स्थानों पर की गई। बताया कि यह फार्मास्युटिकल ग्रुप इंटरमीडिएट, ऐक्टिव फार्मास्युटिकल अवयव (एपीआई) और फार्मूला निर्माण के कारोबार में लगा हुआ है।

### भाजपा ने असम में सीएए लागू करने पर चुप्पी साध रखी है : प्रियंका

**लखीमपुर (असम)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को दावा किया कि भाजपा नेता देश भर में घूम-घूम कर संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) लागू करने की बातें कर रहे हैं, लेकिन असम में आते ही वे इस पर चुप्पी साध लेते हैं। सीएए के खिलाफ असम में 2019 में हिंसक प्रदर्शन हुए थे और उनमें पांच लोगों की जान चली गई थी। प्रियंका ने कहा कि कांग्रेस और छह अन्य पार्टियों का महागठबंधन विधानसभा चुनाव के बाद असम में सरकार बनाएगा क्योंकि राज्य के लोग भाजपा के झूठे वादों से आजिज आ गए हैं।

## व्हाट्सऐप निजता नीति पड़ताल के लिए केंद्र को दिया समय

**नई दिल्ली।** केंद्र ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि 15 मई से प्रभावी होने जा रही व्हाट्सऐप की नई निजता नीति की उच्चतम स्तर पर पड़ताल की जा रही है और सरकार इस मुद्दे पर उससे कुछ स्पष्टीकरण मांग रही है। न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा ने इस दलील पर संज्ञान लेते हुए इस कार्य के लिए केंद्र को तीन सप्ताह का वक्त दिया और विषय की सुनवाई के लिए अगली तारीख 19 अप्रैल निर्धारित की।

अदालत फेसबुक के मालिकाना हक वाले मैसेजिंग ऐप व्हाट्एसऐप की नई निजता नीति के खिलाफ एक वकील की याचिका पर सुनवाई कर रही है। केंद्र सरकार के वकील कीर्तिमान सिंह ने कहा कि वे इस मुद्दे पर और अधिक स्पष्टता जुटाने की प्रक्रिया में लगे हैं और व्हाट्सऐप से स्पष्टीकरण मांग रहे हैं। इससे पहले, केंद्र ने उच्च न्यायालय से कहा था कि व्हाट्सऐप भारतीय उपयोगकर्ताओं से अलग तरह का बर्ताव कर रहा है। उसकी नई नीति सरकार के लिए चिंता का विषय है और वह इस मुद्दे पर गौर कर रही है। गौरतलब है कि अधिवक्ता मनोहर लाल के मार्फत दायर चैतन्य रोहिल्ला की याचिका में दावा किया गया है कि व्हाट्सऐप की नई निजता नीति किसी उपयोगकर्ता की ऑनलाइन गतिविधियों तक पूर्ण रूप से पहुंच प्रदान करती है।

### सीआईसीएसई की बोर्ड परीक्षाएं नौ अप्रैल और पांच मई से

**नई दिल्ली।** सीआईसीएसई बोर्ड की परीक्षाओं की तारीख आ गई है। बोर्ड के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि 10वीं की परीक्षाएं 5 मई से और 12वीं की 9 अप्रैल से कराई जाएंगी। इनके रिजल्ट जुलाई तक आने की उम्मीद है। कुछ दिन पहले ही सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन ने भी 10वीं-12वीं के प्रैक्टिकल एग्जाम की तारीखें जारी की हैं। 10वीं- 12वीं के प्रैक्टिकल एग्जाम 1 मार्च से 11 जून 2021 के बीच होंगे। बोर्ड ने सभी स्कूलों को सभी प्रोजेक्ट असाइनमेंट और इंटर्नल असेसमेंट भी 11 जून तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। बोर्ड परीक्षाएं 4 मई से 10 जून तक होंगी। रिजल्ट 15 जुलाई तक जारी कर दिया जाएगा।

## भारतीय पिच पर इंग्लैंड द्वारा लगाए गए आरोप निराधार : रैना

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू

### सुरेश रैना ने तावडू में बाल गृह के अनाथ बच्चों के साथ क्रिकेट खेलकर और खाना बनाकर बिताया समय

**उपमंडल** के अंतर्गत गांव पीपाका में स्थित बाल गृह ऑर्फन इन नीड में सोमवार को भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना पहुंचे। इस दौरान वह अनाथ बच्चों से मुखातिब हुए। उन्होंने बच्चों और स्थानीय लोगों के साथ बाल गृह परिसर में लगभग एक घंटा क्रिकेट खेलकर समय बिताया। इसके बाद उन्होंने अनाथ बच्चों के लिए खाना भी बनाया।

क्रिकेटर सुरेश रैना ने इस दौरान कहा कि इंग्लैंड की टीम ने भारत की पिच पर जो आरोप लगाए हैं, वह निराधार हैं। भारतीय टीम जहां भी विदेशों में जाती है। जैसी पिच मिलती है उसी अनुरूप खेलती है। हारने के बाद इस तरह के आरोप लगाना समझ से परे हैं। इसी पिच पर अश्विन ने शतकीय पारी खेली है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट ही नहीं किसी भी फील्ड में आगे बढ़ने के लिए प्रतिस्पर्धा की भावना को होना बेहद जरूरी है। युवा एक लक्ष्य रखें और फिटनेस पर भी ध्यान दें।

उन्होंने कहा कि वह समय-समय पर वह स्कूल व बालगृहों में जाते रहते हैं व बच्चों आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। तावडू के ऑर्फन इन नीड बाल गृह में पहुंचकर उनको काफी अच्छा लगा है। बच्चों के लिए जीवन में कुछ करने का जज्बा उनमें पहले से है व हम सभी में होना भी चाहिए। आज वह जो कुछ भी है अपने प्रेरणादाई गुरुजनों की वजह से हैं। क्रिकेटर सुरेश रैना ने बच्चों संग काफी देर तक क्रिकेट भी खेली व छक्के जड़कर सभी का दिल जीता। उन्होंने बच्चों संग भोजन किया।



अनाथ बच्चों के साथ क्रिकेट खेलते हुए क्रिकेटर सुरेश रैना।

### इस बार चेन्नई सुपर किंग्स खेलेगी रोमांचक

**सुरेश** रैना ने बताया कि इस बार चेन्नई सुपर किंग्स ( सीएसके) की टीम बड़ी धमाकेदार है। इस बार सीएसके रोमांचक टीम खेलेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष हुए आईपीएल में वह अपने घरेलू कारणों से नहीं खेल पाए थे। जब उनसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में धोनी संग संन्यास लेने की बात कही तो उन्होंने हंसते हुए इस प्रश्न पर मौन उचित समझा।

जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस दौरान बालगृह संचालक शेख अनीस मूसा, अनम चौधरी, अर्जुन प्रसाद, कपिल रावत, जहीरअब्बास, हैदर अब्बास के अलावा कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

Good Morning!
# फरीदाबाद पायनियर
हरियाणा, मंगलवार, 02 मार्च, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

एमसीएफ बजट 2021-22

# छोटी सरकार ने पास किया 2500 करोड़ का बजट

## वर्ष 2021-2022 के बजट में आय से ज्यादा खर्च होने का अनुमान

राजेश दास। फरीदाबाद



फोटो : राजेश पुंजानी

**नगर** निगम यानी शहर की छोटी सरकार का वर्ष 2021-2022 का बजट सदन की बैठक में सोमवार को किसी तरह पास कर दिया गया। सदन की बैठक का आयोजन लघुसचिवालय की छठी मंजिल में स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया।

नगर निगम द्वारा आगामी वित्तिय वर्ष के बजट का जो प्रारूप तैयार किया है, उसमें विभिन्न मदों से होने वाली आय और व्याय का पूरा विवरण दिया गया है। जिसके मुताबिक आगामी वित्तिय वर्ष में निगम को क्षेत्र के निवासियों और राज्य सरकार की तरफ से दिये जानी वाली अनुदान राशि से प्राप्त होने वाली आय से बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। आगामी वर्ष बकाया सम्पति कर, पानी एवं सीवर शुल्क, विकास शुल्क की वसूली के लिए निगम ने कुछ सख्त कदम उठाने का फैसला लिया है।

### सरकार से मदद का अनुमान

**आगामी** वित्तीय वर्ष में नगर निगम के खाते में ओपनिंग बैलेंस 8082.83 लाख रुपये होंगे। जबकि विभिन्न मदों से होने वाली आय का अनुमान 257667.50 लाख रुपये है। यानी इस वर्ष निगम के पास कुल 265750.33 लाख रुपये होंगे। इस बार सरकार द्वारा विकास कार्यो के लिए मिलने वाली राशि का अनुमान 139125.00 लाख रुपये लगाया गया है। जिसमें मुख्यमंत्री घोषणा के तहत होने वाले कार्यों के लिए 50000.00 लाख रुपये, राज्य सरकार द्वारा विभिन्न स्कीमों के लिए 81625.00 लाख और केंद्र सरकार की तरफ से 7500.00 लाख रुपये मिलने का अनुमान है।

### इन मदों से होगी आय

**निगम** ने वित्तीय वर्ष में सम्पति कर के रूप में 30000.00 लाख रुपये मिलने का अनुमान लगाया है। इसी तरह मल्टीपलैक्स शो से 15.00 लाख रुपये, वॉटर कनेक्शन से 6810.00 लाख रुपये, बिजली निगम 10000.00 लाख रुपये टैक्स, फायर टैक्स के रूप में 1000.00 लाख रुपये, कर्मचारियों का मकान किराया और अन्य मदों से 699.80 लाख रुपये, ड्रेनेज एंड ओफेंसिव ट्रेड लाइसेंस फीस से 1000.00 लाख रुपये, बिल्डिंग प्लान एप्लीकेशन फीस से 255.00 लाख, कोपिंग फीस से 0.10 लाख, तहबाजारी फीस 10.00 लाख रुपये, विज्ञापन फीस से 500.00 लाख, सीवर चार्जेज से 5000.00 लाख, टावर फीस, लेबर सेस व रजिस्ट्रेशन से 2095.00 लाख, योजना विभाग से आय 31972.60 लाख रुपये, रोड कट, मलवा फीस व अन्य मदों से 400.00 लाख रुपये, जन्म-मृत्यु पंजीकरण से 30.00 लाख रुपये, सस्पेंस लेखा से 1500.00 लाख रुपये, जमा राशि पर ब्याज 100.00 लाख रुपये, पार्किंग फीस, स्क्रैप नीलामी, टेंडर फीस व रजिस्ट्रेशन आदि से 1655.00 लाख रुपये की आय का अनुमान है।

### वित्तीय वर्ष के खर्चों का ब्योरा

**आगामी** वर्ष रोल पर अधिकारी व कर्मचारियों, अस्थाई व ठेकेदारी के कर्मचारियों को 36457.00 लाख रुपये वेतन दिया जाएगा। 723.00 लाख रुपये प्रशासनिक खर्च, ओरिजनल वर्क्स व ऑपरेशन एंड मैटेनेंस पर 201507.00 लाख रुपये, अन्य मदों पर 20706.00 लाख रुपये खर्च करने का अनुमान है। जिसमें मेडिकल बिल, वाहनों की मरम्मत, नए वाहनों की खरीद, इलेक्टिसिटी ड्यूटी टेक्स, ऋणों का भुगतान, वकीलों की फीस और ऑडिट फीस शामिल है।

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 29.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 16.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- बीके अस्पताल में कोरोना जांच, ओपीडी और वैक्सीनेशन : सुबह 9 बजे
- रविन्द्र फागना अकादमी में क्रिकेट मैच का आयोजन : सुबह 9 बजे
- सेक्टर-12 में किसानों व पीटीआई टीचरों का धरना : सुबह 9 बजे
- शहर के मंदिरों में पूजा- अर्चना : सुबह 5 बजे

**निवेश गुरु**

**डाबर** इंडिया ने वित्त वर्ष 2020-21 की तीसरी तिमाही में अपना दमदार प्रदर्शन जारी रखा। इस दौरान कंपनी की कुल बिक्री सालाना आधार पर 16 फीसदी बढ़ी। जबकि तिमाही आधार पर इसमें 9 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान सालाना आधार पर प्रॉफिट में 24 फीसदी का इजाफा हुआ। वहीं, तिमाही आधार पर इसमें 2 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। घरेलू वॉल्यूम में ग्रोथ के कारण डाबर को इस तरह के आंकड़े पेश करने में मदद मिली। इस दौरान डाबर के वॉल्यूम में सालाना आधार पर 18 फीसदी की ग्रोथ हुई। कुछ कमोडिटी के दाम बढ़ने के बावजूद प्रबंधन मार्जिन मेनटेन करने में कामयाब रहा। विश्लेषकों का मानना है कि डाबर में तेज ग्रोथ का दौर मध्यम से लंबी अवधि में बना रहेगा। इसके पीछे कई कारण हैं।

**यूटीलिटी न्यूज**

### भाजपा नेता असम रवाना

**फरीदाबाद।** नई दिल्ली इंदिरा गांधी अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे से हरियाणा के राजनेताओं ने असम राज्य मे गुवाहाटी में होने वाले चुनाव के लिए जीत के हौसलों के साथ रवानगी की। गौरतलब है कि असम राज्य के गुवाहाटी में होने वाले चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ द्वारा हरियाणा कि राजनीति के बड़े चेहरों के साथ साथ अपने मजबूत कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई है। जिनमें सांसद करनाल और कुरुक्षेत्र के अलावा दो चेयरमैन हरियाणा सरकार से और 17 आदमियों की कमेटी जिनमें पूर्व विधायक, चेयरमैन के अलावा पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल शामिल है, सभी ने जीत के एक स्वर के साथ गुवाहाटी में होने वाले चुनाव के लिए यात्रा शुरू की। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा लगायी गई चुनाव ड्यूटी का मुख्य उद्देश्य भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को जनता के बीच प्रचार करने और जीत के उद्देश्य के साथ भेजा गया है।

**क्विक न्यूज**

### महिला उत्थान सप्ताह शुरू

**फरीदाबाद।** महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिता शर्मा ने बताया कि आठ मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक मार्च से आठ मार्च तक महिला उत्थान सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। सप्ताह की शुरूआत सोमवार को कार्यस्थलों पर महिला सुरक्षा विषय पर बेवीनार आयोजित कर की गई। वेबीनार में 35 सरकारी व निजी संस्थानों की महिलाओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि वेबीनार में स्थानीय शिकायत समिति की चेयरमैन माधुरी बक्शी ने बेवीनार में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए हमें स्वयं जागरूक होना होगा। उन्होंने कहा कि जब महिला अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होगी तो वह अधिकारों को सुरक्षित रख सकती है।

# भारी विरोध और हंगामे के बाद बुझेमन से पार्षदों ने दी बजट पर सहमति

## बैठक में बजट पर कम और भ्रष्टाचार पर ज्यादा हुई चर्चा

राजेश दास। फरीदाबाद





**वित्तीय** वर्ष 2021-2022 का बजट सोमवार को नगर निगम सदन की बैठक में मंजूरी के लिए रखा गया। बैठक की अध्यक्षता नगर निगम की मेयर सुमन बाला ने की। बैठक में निगमायुक्त एवं उपायुक्त यशपाल यादव, एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा, वरिष्ठ उप महापौर देवेंद्र चौधरी, उप महापौर मनमोहन गर्ग, सभी पार्षद गण और निगम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बजट पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई सदन की बैठक की शुरुआत विभिन्न तरह के आरोप प्रत्यारोप और हंगामे के साथ हुई। सदन की बैठक में पेश किए गए बजट में पार्षदों के वार्ड में विकास कार्य कराने के लिए किसी तरह की राशि का प्रावधान नहीं किया। जबकि इससे पहले पार्षदों को अपने क्षेत्र में काम कराने के लिए सालाना दो करोड़ रुपये दिये जाते थे। इस बात लेकर ज्यादातर पार्षदों ने खासी नाराजगी दिखाई। बजट पार्षदों के गले नहीं उतर रहा था। इस दौरान हंगामा के बाद निगमायुक्त द्वारा मर्यादा का पाठ पढ़ाने पर कुछ पार्षद सदन का बहिष्कार करके जाने लगे। अन्य पार्षदों ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत किया। बैठक में सबसे ज्यादा निगम अधिकारियों के भ्रष्टाचार का मुद्दा रुक-रुक कर गर्माता रहा। अंत में पार्षदों ने बेमन से बजट पर अपनी सहमति दे दी।

### सदन का वहिष्कार

**सदन** की बैठक में वार्ड नंबर तीन के पार्षद जयवीर खटाना ने बताया कि वार्ड तीन और चार में पिछले चार महीने से शहर की मेन सीवर लाइन की सफाई का काम चल रहा है। जिसके कारण वार्ड की स्थिति काफी बदहाल हो गई है। सीवर की सफाई के लिए बड़ी मशीन की जरूरत है। उनकी मांग पर निगम के एक्सईएन तीन बार वार्डों का दौरा कर चुके हैं, इसके बावजूद मशीन की अनुमति नहीं मिल रही है। इस दौरान जयवीर खटाना ने निगम अधिकारियों पर विज्ञापन, टावर और अन्य कई तरह के घोटाले करने के आरोप लगाए। खटाना के पक्ष में अन्य पार्षद भी खड़े हो गए। हंगामा होने पर निगमायुक्त यशपाल यादव ने सभी को सदन की मर्यादा बनाए रखने का अनुरोध किया। जिस पर गर्मागरम बस छिड़ गई। आवेश में आकर खटाना सदन का बहिष्कार कर जाने लगे। साथ ही उन्होंने मंगलवार को अपना इस्तीफा तक देने की चेतावनी दी। उनके समर्थन में करीब अन्य आधा दर्जन पार्षद भी उठकर जाने लगे। जिसके बाद अन्य पार्षदों और सदन के वरिष्ठ सदस्यों के हस्तक्षेप के बाद किसी तरह मामला शांत हो पाया और पार्षदों ने अपना स्थान ग्रहण किया।

### समस्याओं का होगा समाधान



**विभिन्न** समस्याओं और अधिकारियों के भ्रष्टाचार को लेकर पार्षदों को रोष प्रकट करते देख निगमायुक्त यशपाल यादव को मोर्चा सम्भालना पड़ा। अधिकारियों के भ्रष्टाचार के मामले में उन्होंने कहा कि सरकार ने स्टेट विजिलेंस को जांच के आदेश दिए हैं। जांच में सबकुछ स्पष्ट हो जाएगा। पार्षद की संस्तुति के बिना किसी भी ठेकेदार का भुगतान नहीं किया जाएगा। आय बढ़ाने के लिए निगम द्वारा पानी, सीवर, हाउस टेक्स और विकास शुल्क का कॉमन नोटिस दिया जाएगा। वहीं टैक्स भरने की प्रक्रिया सरल बनाने के लिए भी काम किया जा रहा है। कई शुल्क ऑनलाइन भरने की व्यवस्था हो चुकी है और कुछ पर काम चल रहा है। जल्दी ही सभी व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त हो जाएगी।

### प्रति फाड़कर जताया रोष

**वैसे** तो नगर निगम सदन की ज्यादातर बैठक हमेशा ही हंगामेदार होती हैं, लेकिन बजट चर्चा को लेकर बुलाई गई बैठक सबसे ज्यादा हंगामेदार रही। बैठक में पार्षद राकेश भड़ाना का कहना था कि बजट हम जनता की बजाए अधिकारियों के हित में ज्यादा है। क्योंकि बजट में पार्षदों द्वारा विकास कार्य कराने के लिए कोई प्रावधान नहीं रखा गया। पार्षद कुलबीर तेबतिया का कहना था कि उनके वार्ड की सड़कें और गलियां टूटी हुई हैं। बुजुर्ग लोग आए दिन सड़क के गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। जबकि बिना काम के ठेकेदारों को करोड़ों रुपये का भुगतान किया जा रहा है। उनका कहना था कि यह 2500 करोड़ रुपये भी अधिकारियों के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएंगे। इतना कहकर उन्होंने बजट की प्रति फाड़कर फेंक दी। पार्षद दीपक चौधरी का कहना था कि भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों पर भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### पार्षदों ने मांगा बजट

**सदन** में बजट पर चर्चा के दौरान पार्षदों को इस बात पर काफी नाराजी थी कि उन्हें अपने वार्डों के विकास कार्य कराने के लिए कोई बजट नहीं दिया जा रहा है। पार्षदों का कहना था कि नगर निगम चुनावों को मात्र एक साल शेष रह गया है। अब तक तो वे अपने वार्डों में जनता की संतुष्टि के मुताबिक विकास कार्य नहीं करा पाए, लेकिन अंतिम वर्ष भी यदि उन्होंने काम नहीं कराए तो उन्हें चुनावों में जनता के कोप का शिकार होना पड़ेगा। पार्षदों का कहना था कि आखिर उन्हें जनता के सवालों का जवाब देना पड़ता है। अधिकारी तो आम लोगों के फोन तक रिसीव नहीं करते। ऐसे में पार्षद अपने वार्डों की जनता को कामों से संतुष्ट करने के लिए दो-दो करोड़ रुपये की मांग कर रहे थे। इस मांग को लेकर अनेक पार्षदों ने जमकर हंगामा भी किया। वहीं दूसरी तरफ निगम अधिकारी इस मामले में कोई संतोष जनक जवाब नहीं दे रहे थे। जिसके कारण पार्षद अपनी मांग पर अढ़े रहे, लेकिन बाद में निगमायुक्त द्वारा आश्वासन दिये जाने पर पार्षद शांत हुए।



# मानव रचना में राष्ट्रीय पैरा शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

## भारत के सबसे सुशोभित पहलवान सुशील कुमार मुख्य अतिथि थे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**मानव** रचना में पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया(पीसीआई) के द्वारा आयोजित की जा रही पहली राष्ट्रीय पैरा शूटिंग प्रतियोगता 2020-21 का उद्घाटन किया गया। एक से पांच मार्च तक आयोजित की जा रही इस प्रतियोगिता में भारत के अलग-अलग हिस्सों से लगभग 200 निशानेबाज हिस्सा ले रहे है।

प्रतियोगिता के आयोजन में ओलंपियन पद्मश्री सुशील कुमार, पहलवान, डॉ. दीपा मलिक, अध्यक्ष, राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (पद्मश्री और अर्जुना आवॉर्डी) मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। डॉ. अमित भल्ला, वीपी, मानव रचना शैक्षणिक संस्थान गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में शामिल हुए। इस समारोह के दौरान पीसीआई के महासचिव गुरशरण सिंह, अशोक बेदी, सहायक सचिव, पीसीआई, राहुल स्वामी, मुख्य प्रशासक, पीसीआई, जेपी नौटियाल, अध्यक्ष, पीसीआई, सुभाष राणा, भारतीय पैरा शूटिंग टीम के राष्ट्रीय कोच, सरकार तलवार, निदेशक-खेल, एमआरईआई और मानव रचना और पीसीआई से अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे। सुशील कुमार ने मानव रचना शूटिंग एकेडमी में 10 मीटर की शूटिंग रेंज का उद्घाटन किया।

उद्घाटन समारोह के दौरान डॉ. दीपा मलिक ने कहा कि इस तरह की चैंपियनशिप से पैरा स्पोर्टर्स देशभर में मुख्य तौर पर उजागर होगा। वहीं पद्मश्री सुशील कुमार ने खिलाड़ियों का प्रोत्साहन बढ़ाते हुए सबका धन्यवाद किया। डॉ. अमित भल्ला ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि हम सभी खेलों के लिए एक ऐसी कमेटी बनाना चाहते है जो खिलाड़ियों को इंटरनेशनल लेवल पर देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार कर सके।

मानव रचना को देश की पहली पैरा शूटिंग चैम्पियनशिप होस्ट करने का विशेषाधिकार ओलंपिक लेवल की शूटिंग सुविधाओं के कारण प्राप्त हुआ है। मानव रचना के साथ नौ ओलंपियन और 7000 से ज्यादा निशानेबाज शूटिंग रेंज ट्रेप के लिए ट्रेनिंग कर रहे है। मानव रचना में डबल ट्रैप, स्पोर्टिंग और स्कील, और देश का एकमात्र पेराजी लाउंज शूटिंग रेंज में शामिल है। केंद्रीय खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने हाल ही में मानव रचना कैंपस में पहली 25 मीटर और 50 मीटर कन्वर्टिबल शूटिंग रेंज का उद्घाटन किया था। यह शूटिंग रेंज दिल्ली-एनसीआर में सबसे अच्छी शूटिंग सुविधा में से एक है। रेंज इलेक्ट्रॉनिक और मैनुअल दोनों है जिसमें 10 लेन हैं। सुईस एसकोर इलेक्ट्रॉनिक टारगेट और 0.22 हथियारों से लैस, रेंज सभी के लिए खुला है।

### कर्मचारियों ने बैठक कर सौंपा मांग पत्र

**फरीदाबाद।** म्युनिसिपल कारपोरेशन ईम्पलाईज फैडरेशन यूनियन द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के भुगतान व निगम कार्यालय कार्यरत कर्मचारियों की असुविधाओं (बैठने के लिए कुर्सी-मेज, पीने के पानी की समुचित व्यवस्था न होना, शौचालयों की साफ-सफाई और अतिरिक्त महिला शौचालय बनवाने की आदि मांग व 11 सूत्रीय मांग पत्र) को लेकर फेडरेशन द्वारा नगर निगम प्रशासन को 22 जनवरी को एक मांग पत्र दिया था। जिस पर नगर निगम प्रशासन द्वारा कोई भी ठोस कार्यवाही नहीं की गई। यूनियन ने 23 फरवरी 2021 को एक स्मरण पत्र निगम प्रशासन को सौंपा था। जिस पर भी निगम प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की गई। जिसको लेकर यूनियन के पदाधिकारियों और कर्मचारियों में भारी रोष था। निगम प्रशासन द्वारा मांगें न मानने पर सोमवार को निगमायुक्त मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### सीवर समस्या के लिए सीएम को करना पड़ता है सूचित



**फरीदाबाद।** नगर निगम के बजट को लेकर बुलाई गई बैठक में विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि हम 2500 करोड़ रुपये का बजट पास कर रहे हैं और दूसरी ओर नगर निगम के हालात ऐसे हैं कि अगर सीवर रुक जाए और फंटी मारनी हो तो सीएम साहब को सूचित करना पड़ता है। शर्मा ने कहा कि टोटल बजट का लगभग 52 फीसदी हिस्सा सिर्फ कर्मचारियों की तनख्वाह जैसी अन्य मदों में खर्चों में जाएगा। जबकि सड़कों की मरम्मत आदि के लिए निगम चंडीगढ़ की ओर मुंह ताकेगा। लोगों की आवश्यकताओं की पूर्ति करना निगम की जिम्मेदारी है, लेकिन शहर में ज्यादातर विकास कार्य अधूरे पड़े हैं। जब आप बजट पास करते हैं तो जनता निगाह रखती है कि क्या आप ऐसा बजट पास कर पा रहे हैं। लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिल पाएं और इस बजट में नगर निगम की आर्थिक स्थिति के बारे में कोई पहलू नहीं दर्शाया है। उन्होंने कहा कि 2500 करोड़ रुपये सालाना खर्च करने के बावजूद शहर की जनता को वह सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं जिनकी वह अपेक्षा करती है। फिलहाल निगम में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। 50 करोड़ रुपये के घोटाले की जांच शुरू होते ही फाइलों में आग लग जाती हैं। पर्वतिया कॉलोनी में बेटी की शादी होती है तो सीएम को ट्वीट कर सफाई करानी पड़ती है।

### एसीसी इलेवन ने जीता आठ विकेट से मैच



**फरीदाबाद।** 17वें रविंद्र फागना मिक्स कॉरपोरेट क्रिकेट लीग मैच में एसीसी (इलेवन) ने जेएमड़ी (इलेवन) टीम को आठ विकेट से हराया। यह मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। बीसीसीआई कोच धर्मेन्द्र फागना ने बताया कि जेएमड़ी (इलेवन) ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.5 ओवर में 10 विकेट पर 103 रन बनाए। मनोज रतरा ने 24 रन, ललित पाल ने 17 रन और सन्नी टूटेजा ने 13 रनों का सहयोग दिया। एसीसी (इलेवन) के गेंदबाज परवीन थापर और संजय भाटिया ने तीन-तीन विकेट' प्रदीप मॉटी ने दो विकेट, उदित मोहन और सुनील कुमार ने एक-एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एसीसी (इलेवन) की टीम ने 14 ओवर में दो विकेट पर 104 रन बनाकर मैच जीत लिया। गौरव ढुंढ़ेजा ने 54 रन, मौलिक थापर ने 17 रन, विक्रम धारीवाल ने 13 रन बनाए। जेएमड़ी (इलेवन) के गेंदबाज ललित पाल और सन्नी टूटेजा ने एक-एक विकेट लिया। मैन आफ दा मैच संजय भाटिया (एसीसी इलेवन) और फाइटर ऑफ दा मैच सन्नी टूटेजा (जेएमड़ी इलेवन) को दिया गया।

### एडिटर 11 ने 6 विकेट से जीता मैच



**फरीदाबाद।** एशियन कॉरपोरेट क्रिकेट लीग का दूसरा क्वार्टरफाइनल लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में इम्पीरियल ऑटो और एडिटर 11 की टीम के बीच खेला गया। एडिटर 11 ने टॉस जीता और पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। इम्पीरियल ऑटो की टीम 19 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 98 रन बनाए। इम्पीरियल ऑटो के निशांत ने 30 बॉल में एक चौका और दो छक्के के साथ 29 रन बनाए। विक्की ने चार चौके के साथ 28 बॉल में 20 रन बनाए। एडिटर 11 के संतराम ने तीन विकेट, केएस राणा ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एडिटर 11 ने 10.5 ओवरों में चार विकेट पर 100 रन बनाए। राजिंद्र बिष्ट ने 29 बॉल में पांच चौके और तीन छक्के के साथ 44 रन बनाए। इम्पीरियल ऑटो के विक्की ने चार विकेट दिए। एडिटर 11 ने इम्पीरियल ऑटो को छह विकेट से हराया।

### एडी स्पोर्ट्स क्लब ने आठ विकेट से जीता मैच

**फरीदाबाद।** 17वें रविंद्र फागना मिक्स कॉरपोरेट क्रिकेट लीग मैच में एड़ी स्पोर्ट्स क्लब ने महादेव (इलेवन) टीम को आठ विकेट से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेन्द्र फागना ने बताया कि महादेव (इलेवन) ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 147 रन बनाए। नितिन सांगवान ने 55 रन, अभिषेक ठाकुर ने 34 रन और अक्षय ने 13 रन बनाए। एड़ी स्पोर्ट्स क्लब के गेंदबाज धर्मेन्द्र फागना और एसके ने दो-दो विकेट, गौरव वशिष्ट और प्रदीप फागना ने एक-एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एड़ी स्पोर्ट्स क्लब की टीम ने 19 ओवर में दो विकेट पर 150 रन बनाकर मैज जीत लिया। मोहित शर्मा ने 70 रन, नवाज राथर ने 41 रन और विक्रांत चौधरी ने 17 रन बनाए।

## हस्त मुद्रा योग, ज्योतिष एवं आध्यात्म




**श्रीमद्भगवतगीता अनुसार - एकाक्षर ब्रह्म - प्रणव मंत्र - om का महत्व, एवं अर्थ-**

**गीता 8/13:-**

ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन्मामनुस्मरन।
य: प्रयाति त्यजन्देहं
स याति परमां गतिम्।

**हिन्दी अनुवाद:**

जो व्यक्ति om यानि एक प्रणव अक्षर ब्रह्म का उच्चारण कर, मेरा (प्रभु श्रीकृष्ण का) स्मरण करता हुआ देहाध्यास का त्याग कर देता है, वह परम गति को प्राप्त होता है!

**Om का अर्थ-**

प्रणव मंत्र om' को एकाक्षर ब्रह्म माना गया है, जो पूरी प्रकृति की रचना, स्थिति और संहार का कारण है। इस तरह इन तीनों गुणों का ईश्वर 'om' है।

**विशेष: त्रिदेव और त्रेलोक्य प्रतीक:**

'om' शब्द - निम्न तीन ध्वनियों से बना हुआ है- "अ", "उ", "म"! उपनिषदनुसार ये तीनों ध्वनियाँ- ब्रह्मा, विष्णु और महेश के प्रतीक होने के सँग भू: लोक, भूव: लोक और स्वर्ग लोग का प्रतीक भी है।


**ज्ञान मुद्रा में om बीजमंत्र उच्चारण के कुछेक मुख्य मुख्य लाभ:**

ज्ञान मुद्रा लगा किसी सुखासन में बैठ - om के जाप से, ज्ञानवान, तनावमुक्त, स्थिर, एकाग्र चित्त हो स्थायी दिमागी शांति प्राप्ति होती है! हृदय प्रसन्न, उत्साहित, स्वस्थ और एहसास मुक्त रहता है एवं मेटाबॉलिज्म दुरुस्त रहने से शरीर मजबूत, हल्का, ऊर्जावान, स्वस्थ, रोगमुक्त बना रहता है!

**प्रस्तुति : शिक्षाविद् डीसी चौधरी**

**नोट:** विषय संबंधित अन्य जानकारी हासिल करने हेतु ई-मेल आईडी : pioneerhry@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता हैं!

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 31-12-2020 को मुस्ममी अन्नु शर्मा पुत्र जयप्रकाश निवासी गांव अनखीर फरीदाबाद ने एक दरखास्त बाबत उसकी पत्नि सोनी शर्मा व उम्र 23 साल जो दिनांक 23/11/2020 को किसी को बिना बताए घर से चली गई है जो घर वापिस नही आई। जिस पर मुकदमा न. 672 दिनांक 31/12/2020 धारा 346 भा.द.स. थाना सुरजकुण्ड मे दर्ज रजिस्ट्रर है। हुलिया - मजबूत हृष्ट-पुष्ट शरीर जींस टोप व पैरों मे सफेद जूते पहने हुए है अगर किसी भी प्रकार की सूचना मिले तो आप निम्न नम्बरों पर सूचित करें।

**एस.एच.ओ थाना सुरजकुण्ड फरीदाबाद - 9582200127**
**प्रभारी चौकी अनखीर फरीदाबाद - 9582200154**
**अनुसंधान अधिकारी एचसी अरविंद - 9896628006**

# 100 रुपये की जांच से होगा थैलेसीमिया और डायबिटीज से बचाव

कविता। फरीदाबाद

सिविल अस्पताल की लैब में हाई परफारमेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी (एचपीएलसी) मशीन लगाई गई है। मशीन से मरीजों में हीमोग्लोबिन और थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की जांच की जाएगी। इस मशीन से अस्पताल में आने वाले असामान्य हीमोग्लोबिन से संबंधित बीमारियों से मरीजों की जांच की जा सकेगी। थैलेसीमिया और शूगर रोग से ग्रस्त मरीजों की भी स्क्रीनिंग कर बीमारी से बचाव किया जा सकेगा।

थैलेसीमिया रोग में मरीज के शरीर में खून की कमी हो जाती है। इसके कारण उसे पूरा जीवन रक्त चढ़ाने की जरूरत बनी रहती है। मशीन से तीन माह के दौरान

## गर्भावस्था में और शादी से पहले जरूर करवाये जांच: डॉ. सविता

मरीज के शरीर में शुगर लेवल का औसत भी आसानी से निकाला जा सकता है। जानकारी के मुताबिक ब्लड सेल के डिसऑर्डर की पहचान के लिए सिविल अस्पताल में मुख्यालय की ओर से हाई परफॉरमेंस क्रमेटोग्राफी (एचपीएलसी) मशीन भेजी गई थी।

करीब 18 लाख रुपये कीमत की इस मशीन को अस्पताल के तृतीय तल पर मौजूद प्रयोगशाला में लगाया गया है। सिविल अस्पताल की प्रयोगशाला के इंचार्ज डा. एसएस दहिया ने बताया कि इस मशीन



के जरिये गर्भावस्था के दौरान ही यह पता लगाया जा सकता है कि बच्चों में थैलेसीमिया होने की संभावना है या नहीं।

### थैलासीमिया का पता

बीके अस्पताल की पीएमओ डॉ. सविता यादव ने बताया कि क्षेत्रों के अनुसार कुछ समुदायों में थैलासीमिया की बीमारी पाई जाती है। इस मशीन से बच्चों के साथ उनके स्वजनों की भी जांच की जाएगी। अब मरीजों को जांच करवाने के लिए रोहतक मेडिकल कॉलेज नहीं जाना पड़ेगा। बच्चों में खून में आवश्यक तत्वों की जांच भी यहीं हो सकेगी। यह जांच गर्भावस्था में और शादी से पूर्व करवाये तो आने वाली पीढ़ी को इन बीमारियों से मुक्त किया जा सकता है।

### मात्र 100 में जांच

पीएमओ डॉ. सविता यादव ने बताया कि निजी प्रयोगशाला में यह एचबीए वन सी वाली जांचें 400 से 500 रुपये में होती है। वहीं दूसरी तरफ एचबीएफ और एचबीए टू की जांच 2000 रुपये में की जाती है, लेकिन यह तीनों जांचे बीके अस्पताल में मात्र 100 रुपये में की जा रही है। जिसमें बीमारी का पता लगाने के बाद उसका इलाज शुरू किया जा सकता है।

### सिविल अस्पताल में होगा इलाज शुरू

सिविल अस्पताल में प्रयोगशाला के इंचार्ज डॉ. एसएस दहिया ने बताया कि यह मशीन हीमोग्लोबिन अथवा खून में तत्वों की जांच कर सकती है। इससे हीमोग्लोबिन एवं सामान्य है या नहीं इस बात का भी पता लगाया जा सकेगा। पिछले तीन महीनों की रिपोर्ट इसमें एक साथ मिल सकेगी। जिससे मरीज का इलाज करने में सफलता मिलेगी।

# नकली शराब बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र की टीम ने अवैध नशे के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए फैक्ट्री में छापा मारकर भारी मात्रा में नकली शराब बरामद की है। थाना छायंसा व थाना सदर बल्लभगढ़ के एरिया में नकली शराब के सेवन से काफी लोगों की मौत हो चुकी है।

पुलिस आयुक्त ओपी सिंह द्वारा फरीदाबाद शहर में नकली शराब बनाने वाले को काबू करने के आदेश व पुलिस उपायुक्त अपराध मुकेश मल्होत्रा व सहायक पुलिस आयुक्त अनिल कुमार के दिशा निर्देशों पर कार्य करते हुए पुलिस टीम ने नकली शराब बनाने वाले आरोपियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सुबह पुलिस टीम को गुप्त सूत्रों की सहायता से सूचना प्राप्त हुई कि डबुआ पाली रोड पर एक फैक्ट्री में अवैध शराब बनाने का कारोबार चल रहा है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी सब इंस्पेक्टर नरेंद्र की अगुवाई में टीम गठित की गई। जिसमें एसआई असरूद्दीन, एचसी सुमित, संजय, शिवचरण, जान मोहम्मद, ड्राइवर प्रभु के साथ एक्साइज इंस्पेक्टर सतवीर सिंह भी शामिल थे। पुलिस और एक्साइज की टीम ने मौके पर जाकर फैक्ट्री में छापा मारा। नकली शराब का धंधा करने वाले आरोपी पुलिस टीम के आने से पहले ही मौके से फरार हो चुके थे।

पुलिस टीम ने फैक्ट्री के अंदर जाकर जब तलाशी ली तो वहां पर बड़ी मात्रा में शराब बनाने के सामान के साथ नकली ऑफिसर चॉइस ब्लू शराब की 12 पेटियां बरामद की। नकली शराब के साथ-साथ बोतल पर लगने वाले नकली लेबल, हरियाणा आबकारी विभाग की नकली मोहर के होलोग्राम, ऑफिसर चॉइस ब्लू कंपनी के गत्ते की 70 खाली पेटियां, शराब की बोतल पर लगने वाले प्लास्टिक के ढक्कन, बोतल कैंप सीलिंग मशीन, प्लास्टिक की 2 लीटर की बोतल में नकली शराब बनाने के लिए कैमिकल कलर, करीब 25 /30 लीटर स्प्रिट कैमिकल और शराब की 800 खाली बोतलें बरामद की गई।

इस मामले में सराय ख्वाजा के रहने वाले दो व्यक्तियों ज्ञान सिंह और उनके बेटे तिलक के खिलाफ एक्साइज एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अभी मामले में तहकीकात कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करके कानून के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## पौधा देकर नवनियुक्त शिक्षा अधिकारी का किया स्वागत

फरीदाबाद। हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन ने जिले की नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी का स्वागत किया। संगठन के प्रधान संदीप चौहान ने एक पौधा देकर उनका स्वागत किया और संगठन की वरिष्ठ साथी पूनम तनेजा ने शाल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया।

संगठन के पूर्व प्रधान एसके दलाल ने उनका स्वागत करते हुए आशा प्रकट की, कि उनके मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग और अच्छा प्रदर्शन करेगा। रितु चौधरी ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह समय छात्रों की पढ़ाई की ओर विशेष ध्यान देने का है और किसी भी शिक्षक को अपने कार्यों के लिए चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं है उनके कार्य समय पर ही होंगे। उन्होंने आगे कहा की है आप सभी लोग दसवी और बारहवीं के रिजल्ट की ओर ध्यान दें और इस बार जिले का रिजल्ट 90 प्रतिशत से अधिक आना चाहिए। सभी मौजूद शिक्षकों ने मैडम को आश्वस्त किया कि वह पूरी मेहनत करके जिले के परिणाम में सुधार लाएंगे। बांके ने एक कविता सुना कर उनके प्रति आभार प्रकट किया। स्वागत समारोह में मनुस्मृति, राजेंद्र, योगेश राठी, जीवन ज्योति, संगीता, जगमोहन गुप्ता, पवन गुप्ता, सिकंदर, नानक चंद, ममता, सविता आदि उपस्थित थे।

# दर्द से छुटकारा दिलाएगी बीके की लेजर थैरेपी मशीन



फरीदाबाद। इन दिनों लाइफस्टाइल में आए बदलाव, शारीरिक श्रम की कमी, अधिक देर तक कंप्यूटर, लैपटॉप, टैब में काम करने से लोग हड्डियों व मांसपेशियों की समस्या से पीड़ित हो रहे हैं। यह समस्या आम हो गई है। इस समस्या के निदान के लिए बीके सिविल अस्पताल परिसर में मौजूद फिजियोथैरेपी सेंटर में लेजर थैरेपी मशीन लगाई गई है।

यह मशीन लोगों को मुफ्त में हड्डियों के दर्द और सूजन से छुटकारा दिलाएगी। इस मशीन का उद्घाटन बीके सिविल अस्पताल की पीएमओ डॉ. सविता यादव ने रिबन काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने मशीन की खुबियां बताई। मौके पर फिजियोथैरेपी सेंटर के इंचार्ज डॉ. शैलेन्द्र अत्रे और डॉ. प्रीति के अलावा डॉ. डॉ. एसएस दहिया, डॉ. राजेश धीमन, स्टाफ नर्स और अन्य सदस्य मौजूद रहे।

**मुफ्त में कराएं थैरेपी :** डॉ. शैलेन्द्र अत्रे ने बताया कि मशीन से मुफ्त थैरेपी की सुविधाएं मरीजों को उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस मशीन से मरीजों को दर्द से राहत दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि आजकल लोगों की गलत लाइफ स्टाइल के कारण हड्डीयों में दर्द, सूजन और अन्य कई तरह की समस्याएं सामने आ रही है, इस दर्द से छुटकारा अस्पताल में आई यह लेजर थैरेपी मशीन दिलाएगी।

**इस्तेमाल की विधि:** डॉ. सविता यादव ने बताया कि इस मशीन से आंखों को प्रभावित करने वाली किरणे निकलती है, जिनका प्रभाव एक मीटर तक रहता है। ऐसे में फिजियोथैरेपिस्ट और मरीज दोनों को ही इन किरणों से बचाव के लिए ग्लब्स उपलब्ध कराये जाऐंगे। ताकि इसका प्रभाव मरीज व चिकित्सक किसी पर न पड़े।

## संक्षिप्त समाचार

### वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ 15 बाइक बरामद



फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच सेंट्रल ने वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद शहर से दर्जनों मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को दबोचा है। गिरफ्तार आरोपी में दीपक पुत्र बीरपाल निवासी गांव हसापुर, थाना चांदहट, पलवल और मंजीत पुत्र मंगत सिहं निवासी गांव नंगलीया, थाना चांदहट, पलवल शामिल है। क्राइम ब्रांच सेंट्रल प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों आरोपी पिछले 5-6 माह से फरीदाबाद में लगातार मोटरसाईकिल चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे थे। आरोपियों से थाना सेक्टर 58, शहर बल्लभगढ़, सेक्टर 17, सेंट्रल, आदर्श नगर, पल्ला एरिया से चोरी की गई 12 वारदातों को सुलझाया है। इसके अलावा पुलिस टीम ने आरोपियों से तीन मोटरसाइकिल 102 सीआरपीसी के तहत कब्जे में ली है। पुलिस टीम ने आरोपियों से कुल 15 मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपी से बरामद की गई मोटरसाइकिल में बुलेट, स्प्लेंडर, बजाज इत्यादि मोटरसाइकिल शामिल है। पुलिस टीम ने आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया है रिमांड के दौरान आरोपियों से अन्य वारदात सुलझने की संभावना है।

### दो दिवसीय सम्मेलन समारोह आयोजित



फरीदाबाद । एनएच-4 स्थित आर्य समाज मंदिर में 48वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन समारोह का समापन हुआ। जहां पर सर्व प्रथम हवन यज्ञ और प्रवचन के साथ समारोह का शुभारंभ किया गया। समारोह में उपस्थित पुरुष एवं महिलाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि फरीदाबाद पेट्रोलियम असोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी मनमोहन गुप्ता थे। इस दौरान मेरठ और फरीदाबाद से उपस्थित कवियों ने समारोह में समाबांध रखा। समाज सेवा में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मेरठ से मुख्य वक्ता के रूप में आए आचार्य डा. संजय याज्ञिक ने कहा कि देश के नवनिर्माण के लिए युवा शक्ति का अहम योगदान है। जिसके लिए महर्षि दयानंद के आदर्शों पर चलकर कार्य करना जरूरी है। महर्षि दयानंद ने देश की आजादी, अंध विश्वास निवारण, स्त्री शिक्षा, छुआछूत व जाति बंधन में अतुलनीय योगदान देकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। आर्य समाज के मंत्री विकास भाटिया ने कहा कि कोरोना निवारण में यज्ञ ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यज्ञ से जीवाणुओं का नाश होता है, वातावरण शुद्ध होता है। उन्होंने आर्य समाज के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। पूर्व नौसेना अधिकारी राजेश वाधवा ने आर्य समाज के कार्यों पर प्रकाश डाला। समारोह में श्रुति सेतिया, जितेंद्र तायल, नोएडा से आए सहदेव सरस ने देश भक्ति व आर्य समाज के मधुर भजन सुनाए। इस अवसर पर आर्य केंद्रीय सभा के प्रधान शिव कुमार टुटेजा, डा. सत्यदेव, माता स्वदेश सत्यार्थी, निर्मला भाटिया, स्वर्णलता सखूजा, कौशल बोहरा, वंदना सतीजा, वसु मित्र सत्यार्थी, जोगेंद्र कुमार, प्रदीप गुलाटी, डा. संजय चौहान, संजय सखूजा, प्रधान कर्मचंद शास्त्री, वरिष्ठ उपप्रधान कुलभूषण सखूजा, मंत्री विकास भाटिया, महामंत्री योगेंद्र फोर, कोषाध्यक्ष कुलदीप गोयल व प्रचार मंत्री संदीप गोयल आदि मौजूद रहे।

### मास्टर बैडमिंटन चैंपियनशिप का हुआ समापन

फरीदाबाद। दूसरी फरीदाबाद मास्टर बैडमिंटन चैंपियनशिप का समापन समारोह हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि एसएस मान थे। दो दिन चलने वाली



चैंपियनशिप का समापन हुआ। टूर्नामेंट में जितने ने वालों को प्राइस वितरण किया गया। खिलाड़ियों ने 35 प्लस में सिंगल में पुलकित ने आशीष को हराया। 35 डबल्स में राकेश और पुलकित ने मनु तेवतिया और कुलदीप अत्री को हराया। 40 प्लस सिंगल में सुभद्ररीं ने पुष्पेंद्र नागर को हराया। 40 प्लस डबल्स में संजय नागर और हेमंत चौधरी ने दीपक दीवान और मनोज शर्मा को हराया। 45 प्लस सिंगल में विनीत शर्मा ने हेमंत शर्मा को हराया। 45 डबल में हेमंत शर्मा और विनीत शर्मा ने संजीव मगन और राजन बरार को हराया। 50 प्लस सिंगल में तरुण बेदी ने संजीव मगन को हराया। 50 प्लस डबल संजय सपरा और संजीव मगन ने सुबह सिंह मान और एमके सपरा को हराया। 55 प्लस सिंगल में एम के सपरा ने संजय सपरा को हराया। 55 प्लस डबल में संजय सपरा और जीएस जाखड़ ने महेंद्र सपरा ओर संजय तेवतिया को हराया। 60 प्लस सिंगल में रवि कालरा ने इंद्रजीत को हराया। 60 डबल में इंद्रजीत, इंदरजीत और राकेश पंजाबी ने हरीश यादव और भारद्वाज को हराया। 65 डबल में डीके जैन ओर एन के जैन ने रवि कालरा और डॉक्टर भारद्वाज को हराया।

### एवीएन ने फिर फहरायी विजय पताका

फरीदाबाद। सेक्टर-28 स्थित डायनेस्टी इंटरनेशनल स्कूल, में जनकल्याण संस्था द्वारा अंतर जिला प्रतियोगिता के अतंर्गत श्लोक एवं चौपाई गायन प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। जिसमें एवीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-19 के छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं की छात्रा नेहा ने अंतर जिला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तथा कक्षा 2वीं के छात्र गगन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अन्य चार छात्रों को विद्यालय स्तर पर प्रस्तुतिकरण के लिए द्वितीय पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता, दीपक गुप्ता और प्रधानाचार्या सुनीता खुल्लर ने सभी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।


# बच्चों की सुरक्षा को लांच किया हिफाजत अभियान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा पुलिस ने बच्चों का यौन शोषण रोकने, उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हिफाजत कैंपेन लॉन्च किया है जिसके तहत लोगों को बच्चों की हिफाजत करने के लिए जागरूक किया जाएगा। हरियाणा के डीजीपी मनोज यादव ने हरियाणा स्टेट कमिशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट (।स्ष्क्क्ष्क्र) के साथ मिलकर इस कैंपेन का शुभारंभ किया जिसमें उन्होंने हिफाजत एक्सप्रेस नामक एक वीडियो वेन को हरी झंडी दिखाई जिसके द्वारा पूरे राज्य में ज्यादा से ज्यादा लोगों को बच्चों के हितों की रक्षा करने के लिए जागरूक किया जाएगा।

हरियाणा बाल अधिकार आयोग द्वारा इस कैंपेन को बढ़ावा देने के लिए हिफाजत थीम सॉन्ग भी लॉन्च किया गया है जिसमें बच्चों का बचपन बचाने के संदेश सुरों में बहुत ही अद्भुत तरीके से पिरोया गया है। फरीदाबाद पुलिस आयुक्त ओपी सिंह ने पुलिस महानिदेशक हरियाणा के द्वारा लांच की गई कैंपेन हिफाजत के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बच्चे बहुत ही संवेदनशील और मासूम होते हैं जो किसी की भी बात पर आसानी से विश्वास कर लेते हैं जिसका कुछ अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति फायदा उठाकर उनका शोषण करते हैं। बच्चों को इन्हीं लोगों से बचाने के लिए नागरिकों को जागरूक किया जाएगा ताकि लोगों की मदद से बच्चों के साथ होने वाले बाल अपराध को रोका जा सके और बच्चों का सही मार्गदर्शन करके उनके भविष्य को उज्जवल बनाया जा सके। बच्चों को यौन शोषण से बचाने के लिए समाज के हर वर्ग का जागरूक होना अति आवश्यक है। बच्चों के परिजनों द्वारा बच्चों को यह समझाया जाना चाहिए कि यदि उन्हें कोई गलत तरीके से छूता है तो वह चुप न रहकर इसकी शिकायत अपने परिवार के सदस्यों से करें ताकि अपराधियों को इसकी सजा दिलाई जा सके। उन्होंने कहा कि यदि आप किसी बच्चे को किसी पार्क, सड़क या किसी भी सार्वजनिक स्थान पर अकेला घूमता देखें तो उससे उसके माता-पिता के बारे में पूछ कर उसके परिजनों को अवगत कराएं ताकि वह किसी गलत व्यक्ति के हाथ लगने से बच सके।

## ध्यान लगाने से असाध्य रोग होंगे ठीक: डॉ. बंसल



फरीदाबाद। ध्यान लगाने से जो सकारात्मक ऊर्जा आपके अंदर उत्पन्न होगी। उससे असाध्य से असाध्य रोग भी ठीक हो सकते हैं, वह भी बिना कोई पैसे खर्च किये। सहज योग की तरफ से डॉ. बंसल द्वारा लोगों तक संदेश पहुंचाया गया।

भागदौड़ भरी जिंदगी में ज्यादातर लोग गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हो चुके हैं और बीमारियों का इलाज करवाने के लिए वह लाखों करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी आराम नहीं पाते, लेकिन सहजयोग के पदाधिकारियों की तरफ से पूरे देश में एक मुहिम चलाई जा रही है। जिसमें योग और ध्यान करके गंभीर से गंभीर बीमारियां बिना किसी दवाई के ठीक हो सकती हैं। सहजयोग संस्था की तरफ से पहुंचे डॉ. ने जनसभा के माध्यम से बताया कि किस तरीके से आप ध्यान करके बड़े से बड़ी बीमारी को ठीक कर सकते हैं और वह भी बिना कोई पैसे खर्च किए हुए सहजयोग की मुहिम चला रहे हैं।

# जिले में 920 लोगों को लगा कोरोना का टीका

## कोरोना से एक मौत छह पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 46496

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



जिले में जहां एक तरफ कोरोना के मामले लगातार सामने आ रहे है। वहीं दूसरी तरफ जिले में वरिष्ठ नागरिकों को कोरोना का टीका सोमवार से लगाना शुरू कर दिया गया। पहले टीका लगाने के दिन ही कोरोना जिले में छह पॉजिटिव पाए गए, वहीं जिले में एक पॉजिटिव की मौत हो गई। जिससे पॉजिटिव का आंकड़ा 46496 पर पहुंच गया।

**विशेष तैयारी :** पहले दिन जिले के दस केंद्रों में 920 टीके लगाए गए। इसके लिए जिले में विशेष तैयारियां की गई। लोगों ने निजी व सरकारी अस्पतालों व स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर कोरोना का टीका लगवाया। बुजुर्गों की भीड स्वास्थ्य केन्द्रों पर देखी गई। लोग कोरोना वैक्सीन के बारे में पूछताछ करते नजर आए। कुछ में टीके को लेकर खुशी नजर आई। वहीं कुछ स्वास्थ्य कर्मियों ने पहला तो कुछ ने दूसरा डोज का टीका लगवाया। पुलिस कर्मी भी पहली डोज का टीका लगवाते नजर आए।

**6 पॉजिटिव:** जिले में कोरोना के सोमवार को छह मामले सामने आए। जिसमें सेक्टर-11, सेक्टर-28, सेक्टर-37, सेक्टर-86, सेक्टर-65 से 1-1 मरीज शामिल रहा। वहीं दूसरी तरफ 8 रोगियों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 99 प्रतिशत पर पहुंच गया। सोमवार को जिले में 478 सैम्पल जांच की गई।

### यह है आंकड़ा

| | |
|---|---|
| जिले में कुल जांचे | : 540697 |
| अब तक पॉजिटिव | : 46496 |
| अब तक नेगेटिव | : 494366 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 935 |
| ऑक्सीजन पर है | : 1 |
| अब तक मौत | : 417 |
| अब तक ठीक | : 46018 |

## जागरूकता शिविर का किया आयोजन

फरीदाबाद। समग्र शिक्षा के तत्वावधान में, संसाधन केंद्र फरीदाबाद में विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन समितियों के सदस्यों, विशेष प्रशिक्षकों व अध्यापकों हेतु एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा फरीदाबाद, डॉक्टर मुनेश चौधरी मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रही।

कार्यक्रम का आरंभ संसाधन केंद्र की प्राचार्य ज्योति मंगला के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने संसाधन केंद्र में संचालित होने वाली विभिन्न गतिविधियों से सभी उपस्थित प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान सहायक परियोजना समन्वयक सत्येंद्र कुमार ने दिव्यांग विद्यार्थियों को समान अवसर प्रदान करने व उनके कौशल को बढाने की महत्ता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सामान्य बच्चों की तरह शैक्षिक एवं अन्य गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रेरित करना चाहिए। जिला परियोजना समन्वयक, डॉ मुनेश चौधरी ने कुछ होनहार विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों अमित व नैना को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

# बीट अधिकारी दिव्यांगों के घर जाकर करेंगे मदद : सीपी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



पुलिस आयुक्त ओपी सिंह ने एक नई शुरुआत करते हुए फरीदाबाद के दिव्यांगजनों को ध्यान में रखते हुए उनकी सुविधा के लिए पुलिस के साथ-साथ अन्य प्रशासनिक विभागों द्वारा दी जा रही सर्विसिस बीट अधिकारियों द्वारा अब उनके घर पर मुहैया करवाई जाएंगी। पुलिस आयुक्त ने कहा कि दिव्यांगजन भी हमारे समाज का एक अभिन्न अंग है और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े इसलिए उनका खास ख्याल रखा जाना अति आवश्यक है। दिव्यांगों को विभिन्न प्रकार के प्रशासनिक कार्यों के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते हैं जिसकी वजह से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो एक ही कार्य के लिए सरकारी दफ्तर में कई चक्कर काटने पड़ते हैं जिसकी वजह से उनकी परेशानियां और बढ़ जाती हैं।

सिंह ने कहा कि बीट पुलिस कर्मचारी अपने बीट क्षेत्र में रहने वाले लोगों के बीच रहकर कार्य कर रहे हैं और अपने एरिया के ज्यादातर लोगों को जानते हैं। अब बीट पुलिसकर्मियों द्वारा उनके एरिया में रहने वाले दिव्यांगजनों, रिकार्ड मो0 न0 इत्यादी जानकारी एकत्रीत कि जायेगी ताकि जरूरत पड़ने पर उनके घर जाकर उनकी मदद कर सके।

### मिलेगी यह सहायता

फरीदाबाद पुलिस द्वारा बीट पुलिसकर्मियों के माध्यम से लोगों को विभिन्न सुविधाएं दी जा रही हैं। जिसमें पासपोर्ट वेरीफिकेशन, चालान व एफआईआर की कॉपी मुहैया करवाना, मुकदमों में लोगों की सहायता करना, अपने क्षेत्र की छोटी मोटी समस्याओं का निपटारा करवाना, आपसी झगड़ों को सुलझाने में सहायता करना, लोगों को समाज में घटित हो रहे अपराधों के बारे में जागरूक करके उन्हें अपराधों का शिकार होने से बचाना मुख्य हैं। अब इसी दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए पुलिस आयुक्त ने बीट पुलिसकर्मियों द्वारा उनके बीट क्षेत्र में रहने वाले दिव्यांगजनों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस प्रशासन के इलावा अब दिव्यांगजनों को अन्य प्रशासनिक विभागों से संबंधित कार्यों के लिए उन्हें घर बैठे मदद दी जाएगी। दिव्यांगजन अब वोटर आईडी, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, बिजली के बिल सहित अन्य प्रशासनिक कार्य भी बीट पुलिस कर्मचारियों की मदद से घर बैठे करवा सकेंगे। पुलिस आयुक्त की इस मुहिम से जिले के दिव्यांग जनों को फायदा मिलेगा और उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर काटने से मुक्ति मिलेगी।

## रक्तदान शिविर में 158 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

फरीदाबाद। रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद मिडटाऊन द्वारा महेश्वरी सेवा ट्रस्ट व महेश्वरी युवा संगठन के साथ मिलकर महेश्वरी सेवा सदन सेक्टर-7ए में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

इस शिविर का उदघाटन विधायक नरेन्द्र गुप्ता द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस मौके पर रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद मिडटाऊन के प्रधान रोटेरियन पंकज गर्ग, सचिव रोटेरियन डॉ.आशीष वर्मा, कोषाध्यक्ष रोटेरियन सचिन खोसला मुख्य रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर कुल 158 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस मौके पर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि रोटरी क्लब आफ फरीदाबाद मिडटाऊन और महेश्वरी सेवा ट्रस्ट की जितनी भी तारीफ की जाए वो कम है।

# भारतीय वैज्ञानिकों के जीवन से प्रेरणा लें विद्यार्थी: कुलपति

## सतत विकास के लिए स्थायी समाधान देने में विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका: प्रो. गक्खड़

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में 'सतत विकास में भारतीय वैज्ञानिकों की भूमिका' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन तथा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस देश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक सीवी रमन की स्मृति तथा विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के रूप में मनाया जाता हैं। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सम्मेलन के अलावा प्रश्नोत्तरी, भाषण और पोस्टर प्रस्तुति जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी के कुलपति प्रो. एस. के. गक्खड़ मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने की। सत्र में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली के स्कूल ऑफ एनवायरनमेंटल साइंसेज से प्रो. दिनेश मोहन विशिष्ट अतिथि तथ मुख्य वक्ता रहे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग और डीन साइंसेज प्रो. आशुतोष दीक्षित भी उपस्थित थे।

# ट्रायल में पैरा खिलाड़ियों ने दिखाया...हम किसी से कम नहीं

## पैरा एथलीटों का हरियाणा चैंपियनशिप के लिए हुआ ट्रायल

## भारतीय पैरालंपिक समिति की अध्यक्ष पद्मश्री दीपा मलिक के नेतृत्व में हुए ट्रायल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**खिलाड़ियों** के जोश, जुनून, जज्बे और शारीरिक तौर पर हुनर को देख हर कोई अचंभित था। वे एक-दूसरे को पछाड़ने को पसीना बहा रहे थे। उन्होंने दिखा दिया कि वे सामान्य खिलाड़ियों के बराबर ही मेहनत करते हैं। अवसर था यहां ताऊ देवीलाल स्टेडियम में नेशनल पैरा चैंपियनशिप के लिए हरियाणा स्टेट के खिलाड़ियों के ट्रायल का। यह ट्रायल भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) की अध्यक्ष पद्मश्री दीपा मलिक के नेतृत्व में आयोजित किए गए।



गुरुग्राम में ट्रायल देते पैरा खिलाड़ी।

झज्जर की पूजा मोर ने 400 और 1500 मीटर में पहला स्थान हासिल किया। टी-37 श्रेणी में नवदीप ने 100 और 200 मीटर में पहला स्थान हासिल किया। इसी तरह लड़कों की टी-36 श्रेणी में 1500 मीटर रनिंग में दिनेश कुमार ने पहला स्थान, टी-46 श्रेणी में धर्मेंद्र ने 400 मीटर में पहला स्थान हासिल किया। पैरा ओलंपिक कमेटी की अध्यक्ष ओलंपियन, अर्जुन अवार्डी व खेल रत्न दीपा मालिक ने चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेलों के लिए शुभकामनाएं दी। चयनित खिलाड़ियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि राष्ट्रीय खेलों में वे हरियाणा की झोली में मेडल डालकर नाम रोशन करेंगे।

इस मौके पर पुराने पैरा खिलाड़ी 1998 एशियन गेम्स में मेडल विजेता दिनेश, 100 मीटर नेशनल चैंपियनशिप में मेडल लेने वाले अमित खन्ना, सीनियर भीम अवार्डी ज्ञानेंद्र और राजेश को भी यहां आमंत्रित किया गया था। जिन्होंने तैयारियों को सराहा। दीपा मलिक ने खेल विभाग के उप-निदेशक छाजूराम गोयल, जिला खेल अधिकारी जेजे बैनर्जी, जीएमडीए की टीम, स्कॉटिश हाई स्कूल के वॉलंटियर्स और निर्वाणा अस्पताल से डा. हिमांशु समेत उनकी फिजियोथैरेपी की टीम एम्बुलेंस समेत पूरे ट्रायल समय में तैनात रही।

# विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दिया स्वच्छता का संदेश


गुरुग्राम के सेक्टर-29 में मेगा स्वच्छता कार्यक्रम में स्वच्छता सैनिकों को सम्मानित करते निगमायुक्त विनय प्रताप, मेयर मधु आजाद, सीनियर डिप्टी मेयर प्रमिला कबलाना, डिप्टी मेयर सुनीता यादव व अन्य।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**केन्द्रीय** आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा किए जाने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत नगर निगम गुरुग्राम द्वारा स्थानीय सेक्टर-29 स्थित लेजरवैली पार्किंग परिसर में मेगा स्वच्छता उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव के माध्यम से मनोरंजन के साथ-साथ नागरिकों को स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई। स्वच्छता उत्सव में विशेष तौर पर गूगल ब्वाय कौटिल्य पंडित भी शामिल हुए।

स्वच्छता उत्सव में गुरुग्राम की मेयर मधु आजाद, सीनियर डिप्टी मेयर प्रोमिला गजेसिंह कबलाना, डिप्टी मेयर सुनीता यादव एवं निगमायुक्त विनय प्रताप सिंह सहित निगम पार्षदों एवं अधिकारियों ने हिस्सा लिया। उत्सव में विभिन्न वार्डों में की जा रही स्वच्छता गतिविधियों को संबंधित निगम पार्षदों द्वारा स्टॉल लगाकर दर्शाया गया, ताकि अन्य वार्डों में भी इस प्रकार की गतिविधियों को बढ़ावा मिले और गुरुग्राम स्वच्छ, सुंदर एवं बेहतरीन बने। तथा नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने तथा गुरुग्राम को स्वच्छ, स्वस्थ, सुंदर एवं बेहतरीन शहर बनाने के लिए जागरूक किया। उपस्थित नागरिकों ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में गुरुग्राम को नंबर-वन रैंकिंग पर लाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्वच्छता गुरू मैस्केट तथा गुरुग्राम का स्वच्छता गीत भी लांच किया गया।

### भागीदारी करने वालों को दिया अवार्ड

**बेहतरीन** रंगोली के लिए वार्ड-15 व 34, बेहतरीन डिस्पले के लिए वार्ड-20, 32 व 29, सोशल इम्पैक्ट के लिए पूर्व डिप्टी मेयर परमिन्द्र कटारिया, वार्ड-15 व 32, मोस्ट इनोवेशन के लिए वार्ड-34, 28 व 33, सस्टेनेबल अवार्ड के लिए वार्ड-3, 15 व 30, प्रथम प्लास्टिक फ्री मार्केट के लिए वार्ड-15, मोस्ट इंटरैक्टिव एवं एंगेजमैंट के लिए वार्ड-34, 15 व 29, स्पेशल रिकगनाईजेशन के लिए ग्रीन बन्धु, वसुंधरा, ई-स्वच्छ, बैलेंसिंग बिट्स, बुलंद आवाज, वार्ड-7 व 9, सैनीटेशन फैस्ट चैंपियन के लिए वार्ड-15, सफाई मित्र, टीन्स ऑफ गॉड, बुलंद आवाज, वार्ड-29, 34, 32 व 15, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बेहतरीन प्रस्तुति के लिए राजीव रंजन, साहस एनजीओ व अनाया चौधरी, अर्थ मॉडल के लिए दीपा जोशी, आई लव गुरूग्राम के लिए पीयूष, आर्ट वर्क के लिए योगी कुमार, नुक्कड़ नाटक प्रस्तुति के लिए राजकीय विद्यालय सैक्टर-4, द अर्बन, टीन्स ऑफ गॉड, सिंगर विकास, अभिनव व विश्वास, कविता प्रस्तुति के लिए लोकेश चौधरी व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए राजकीय कन्या विद्यालय गुरुग्राम गांव, देवेश गुप्ता एवं हरीराम शामिल थे।

## बिना ट्रेड लाइसेंस के स्पा सेंटर नहीं कर सकेंगे मसाज, प्रशासन ने

# ट्रेड लाइसेंस नहीं लेने वाले तेरह स्पा सेंटरों पर लगाई सील

## ओमैक्स सिटी मॉल के सेंटरों पर जोनल टैक्सेशन आफीसर ने की कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** नगर निगम अधिनियम के तहत ट्रेड लाइसेंस नहीं लेने वाले स्पा सेंटरों पर नगर निगम गुरुग्राम द्वारा कार्रवाई की गई। इसके तहत जोन-4 क्षेत्र के सोहना रोड स्थित ओमैक्स सिटी सेंटर मॉल में संचालित 13 स्पा सेंटरों को सील किया गया।

सोमवार को जोनल टैक्सेशन ऑफिसर देवेन्द्र कुमार की टीम सोहना रोड स्थित ओमैक्स सिटी सेंटर मॉल पहुंची। यहां पर बिना ट्रेड लाइसेंस प्राप्त किए संचालित किए जा रहे 13 स्पा सेंटरों को सील करने की कार्रवाई टीम द्वारा की गई। सील किए गए स्पा सेंटरों में गोल्डन स्पा, हेवन्ली स्पा, दा ट्रू स्पा, दा ओसेन स्पा, दा डायमंड स्पा, वैलनेस स्पा एवं दा बल्यू स्पा सहित अन्य स्पा शामिल हैं।



# टीमों ने 88 बिजली चोरियां पकड़ कर वसूला 41 लाख रुपये जुर्माना

## बिजली निगम के अभियान से शहर में बिजली चोरों में मचा हड़कप

**सोहना।** बिजली निगम की तीन टीमों ने बीते दो दिन में शहर के अंदर तोवड़तोड़ की गई छापामारी के दौरान 88 चोरी के मामले पकड़े है। जिन पर बिजली निगम ने करीब 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बिजली निगम के इस अभियान से शहर में बिजली चोरी करने वालों में हड़कप मचा हुआ है। शनिवार और रविवार को बिजली निगम ने शहर में बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ तावड़तोड़ अभियान चलाया। जिसके लिए बिजली निगम ने शहर में तीन टीमों का चयन करके छापामारी की गई। वैसे तो यह अभियान पूरे प्रदेश में तीन दिन का था, लेकिन जिस प्रकार से बिजली की चोरियां पूरे प्रदेश में पकड़ी गई। उससे राज्य में हड़कंप मच गया था। शहर के अंदर शनिवार को 22 घरों में बिजली की चोरियां पकड़ी गई। जिन पर 12 लाख रुपये से भी अधिक का जुर्माना लगाया गया। वहीं 28 फरवरी को शहर के अंदर तीन टीमों ने 66 बिजली चोरी के मामले बनाएं। जिन पर निगम की टीमों ने करीब 18 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इस दो दिन के अभियान में कुल 88 मामले पकड़े तथा 88 बिजली चोरी करने वालों पर 30 लाख रुपये के करीब जुर्माना लगाया गया है।

**फरवरी में 128 चोरियां पकड़ीं :** बिजली निगम ने टीम ने शहर में फरवरी माह के अंदर 128 स्थानों पर बिजली की चोरियां पकड़ी हैं। जिन पर 41 लाख 70 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जिसमें से निगम को मात्र तीन लाख रुपये की वसूली हुई है। अभी भी 38 लाख रुपये के करीब पकड़ी गई बिजली चोरी का पैसा बकाया है।

# चोरों ने कई वाहनों पर किया हाथ साफ

**पलवल।** चोर अलग-अलग थाना क्षेत्र से दो बाइक, एक स्कूटी व एक ई-रिक्शा को चोरी कर ले गए। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता संजय काद्यान के अनुसार चोर होड़ल की वाल्मीकी कालोनी प्रवीण की स्कूटी को होड़ल थाना क्षेत्र के अंतर्गत हसनपुर चौक से, चरण सिंह कालोनी निवासी योगेश कुमार की बाइक को कालोनी से ही, पलवल की कृष्णा कालोनी निवासी ललित कुमार के ई-रिक्शा को शहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुराना सोहना मोड़ से व गांव पेलक निवासी विवेक की बाइक को मोती कालोनी से चोरी कर ले गए।

# लाफ्टर क्लब लाफ्टर से तनाव को कर रहा दूर

## बीजेपी नेता नवीन गोयल ने किया लाफ्टर क्लब की पत्रिका का विमोचन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**बीजेपी** युवा नेता एवं कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक नवीन गोयल ने सोमवार की सुबह यहां सेक्टर-56 स्थित स्मृति वाटिका पार्क में लाफ्टर क्लब की लाफ्टर एक्सप्रेस पत्रिका का विमोचन किया। इस दौरान लोगों ने उन्हें कई समस्याओं से भी अवगत कराया, जिनके निराकरण को उन्होंने मौके पर ही नगर निगम व पुलिस अधिकारियों से बात की। लाफ्टर क्लब के चेयरमैन डा. आनंद तायल, संस्थापक ओपी चोपड़ा व डा. आरके वर्मा की मौजूदगी में नवीन गोयल ने लाफ्टर एक्सप्रेस पत्रिका का विमोचन करने के बाद कहा कि लाफ्टर क्लब सिर्फ हमें हंसाता नहीं है, बल्कि दिन भी अच्छा बनाता है। इस कार्यक्रम में बीजेपी नेता नवीन गोयल के समक्ष लोगों ने कुछ समस्याएं भी रखीं। लोगों ने बताया कि सेक्टर-56 चौक पर कुछ रेहड़ी वाले शराब पीते हैं। जिससे लोगों को परेशानी होती है।


गुरुग्राम के सेक्टर-56 पार्क में लाफ्टर क्लब पत्रिका के विमोचन पर एकत्रित लोग।

नवीन गोयल ने तुरंत संज्ञान लेते हुए सेक्टर-56 थाना प्रभारी से बात की और लोगों की इस शिकायत पर कार्रवाई करने को कहा। इसके साथ ही सनसिटी व सेक्टर-56 के कट को बंद कर दिया गया है। इससे लोगों को परेशानी होती है। इस पर भी उन्होंने पुलिस अधिकारी से बात की। यहां पर दुर्घटनाएं होने का अंदेशा बना रहता है। इसके साथ ही पार्क में शौचालय नहीं होने की कमी भी यहां लोगों ने उन्हें बताई।

# कलम से नई दिशा समाज को देते हैं कवि और साहित्यकार : सिंगला

## सीसीए स्कूल में मुशायरे में पहुंचे विधायक सुधीर सिंगला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**विधायक** सुधीर सिंगला ने कहा कि मुशायरा और कविता पाठ जैसे कार्यक्रम नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। कविता, शायर और साहित्यकार अपनी कलम के माध्यम से समाज को नई दिशा देते हैं। कोरोना महामारी काल के कारण तनाव में हुए जनमानस को तनाव से उभारने को ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन जरूरी है। ये बातें उन्होंने बीती शाम यहां सेक्टर-4 स्थित सीसीए स्कूल में सुरूचि परिवार की ओर से आयोजित मुशायरा कार्यक्रम में कहीं।


मुशायरा कार्यक्रम में विधायक सुधीर सिंगला को स्मृति चिन्ह देते आयोजक।

कार्यक्रम में विधायक सुधीर सिंगला मुख्य अतिथि थे, वहीं अध्यक्षता बीजेपी युवा नेता नवीन गोयल ने की। कार्यक्रम का संचालन संस्था महासचिव मदन साहनी ने किया।

कोरोना को हराने के लिए एकजुटता दिखाई। उन्होंने कहा कि कवि, साहित्यकार, गजलकार सभी समाज को अपनी कलम व वाणी के माध्यम से एक नई दिशा देते हैं।

# चार युवकों को कुचलने वाले चालक को पकड़ने में पुलिस नाकाम

## आरोपी अज्ञात चालक ने तीन युवकों की ले ली जान, एक को किया गंभीर घायल

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**गांव** राहाका के बस स्टैंड पर सड़क किनारे खड़े चार युवकों को कुचलकर भागने वाला अज्ञात वाहन 72 घंटा का समय बीत जाने के बाद भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। आरोपी चालक पुलिस की पकड़ से बाहर है। इस हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई थी तथा एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस हादसे को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन की पहचान और आरोपी चालक की गिरफ्तारी को लेकर जांच करने का दावा कर रही है। मालूम रहे कि 27 फरवरी की रात के समय में पांच दोस्त राहाका गांव में एक शादी समारोह में आए थे। समरोह में खाना खाने के बाद सभी जाते समय राहाका के बस स्टैड पर सड़क किनारे खड़े होकर बातें कर रहे थे। उसी समय तेज रफ्तार में एक वाहन आया। उसने 5 में से 4 युवकों को जबरदस्त टक्कर मारी। जिससे तीन युवकों की घटना स्थल पर मौत हो गई थी। मरने वालों में इरफान निवासी जमालगढ़ थाना पुन्हाना जिला नूंह व लवलेस निवासी जिला बुलंदशहर उत्तर प्रदेश व एक अन्य की मौत हो गई थी। जबकि एक को गंभीर चोटें आई थी। पांचवा युवक तालीब हादसे से एक मिनट पहले कुछ दूरी पर शौच करने के लिए चला गया था। निमौठ चौकी पुलिस ने तालीब की शिकायत पर अज्ञात वाहन व उसके चालक के खिलाफ मामला दर्ज तो कर लिया।

# तीन लाख सोलह हजार लोग हुए आयुष्मान योजना में कवर

## विधायक दीपक मंगला ने कहा आयुष्मान कार्ड बनवाएं सभी लोग

## पहली मार्च से 15 मार्च तक चलाया जा रहा आयुष्मान पखवाड़ा

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**विधायक** दीपक मंगला ने कहा कि गरीब लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए आयुष्मान भारत योजना चलाई है। इस योजना का लाभ आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मिलेगा, इसलिए प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ लेने के लिए आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाना चाहिए। सरकार की ओर से पहली मार्च से 15 मार्च 2021 तक आयुष्मान पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसमें सभी पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड फ्री में बनाए जाएंगे।

विधायक दीपक मंगला ने ये जानकारी सोमवार को नागरिक अस्पताल परिसर में स्थित जेएनएम कॉलेज के सभागार में एक से 15 मार्च, 2021 तक चलने वाले आयुष्मान भारत योजना पखवाड़े का शुभारंभ करने के दौरान दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 की आर्थिक जनगणना के आधार पर जिला के 58 हजार 9 परिवारों को आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र पाया गया था, जिसमें 3 लाख 16 हजार से अधिक व्यक्ति कवर हो रहे हैं। अभी तक जिन परिवारों ने आयुष्मान भारत के कार्ड बनवाएं, उनकी संख्या कम है। अतः सरकार ने निर्णय लिया है कि जो परिवार अभी तक अपना कार्ड नहीं बनवा पाएं हैं, उन्हें इस योजना का लाभ देने के लिए इस पखवाड़े के दौरान उनके कार्ड फ्री में बनाए जाएं।



उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत के तहत पात्र परिवारों की सूची वेबसाइट के अलावा सभी सरपंच, आशा वर्कर व सीएससी सेंटर पर उपलब्ध है, इसलिए सभी पात्र लोग अपना नाम देखकर कार्ड अवश्य बनवा लें। इस योजना के तहत एक साल में एक परिवार के लिए 5 लाख रुपए तक के इलाज की सुविधा है।

सिविल सर्जन डा. ब्रह्मदीप ने बताया कि भारत में आयुष्मान योजना के तहत गरीब परिवारों को इलाज के लिए पांच लाख रुपये की सबसे बड़ी बीमा योजना है। जिला में इस योजना की सुविधा 11 प्राइवेट अस्पतालों तथा 7 सरकारी अस्पतालों में दी जा रही है।

# जो कमी खुद महसूस की, उन्हें दूसरों के लिए कर रही हूं दूर : पद्मश्री दीपा मलिक

## पैरा खिलाड़ियों के ट्रायल के दौरान दीपा मलिक ने कही यह बात

## राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए हुए हरियाणा के खिलाड़ियों के ट्रायल

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**भारतीय** पैरालंपिक समिति (पीसीआई) की अध्यक्ष पद्मश्री दीपा मलिक ने कहा कि बहुत सी कमियों के बावजूद भी उन्होंने सदा अपने खेल पर फोकस करके अच्छा करने का प्रयास किया और करके दिखाया। अब वे खुद भारतीय पैरालंपिक समिति की अध्यक्ष हैं। इसलिए वे पैरा खिलाड़ियों को हर वे सुविधाएं देना चाहती हैं, जिनके वे हकदार हैं। ये बातें उन्होंने यहां ताऊ देवीलाल स्टेडियम में राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप के लिए पैरा खिलाड़ियों के ट्रायल के दौरान विशेष बातचीत में कही।

पद्मश्री दीपा मलिक ने कहा कि पैरा खिलाड़ी होने के नाते वे जानती हैं कि इस श्रेणी के खिलाड़ियों को सामान्य खिलाड़ियों की श्रेणी से अलग नजर से देखा जाता है, लेकिन जमीनी स्तर पर ऐसा नहीं है। यानी पैरा खिलाड़ी भी सामान्य खिलाड़ियों की तरह पसीना बहाते हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके देश का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने कहा कि अपने जीवन में उन्होंने जो-जो कमियां महसूस की, उन सब कमियों को यहां आज के पैरा खिलाड़ियों के समय में दूर किया। उन्हें हर वह सुविधा दी, जो कि सामान्य खिलाड़ियों को मिलती हैं। चाहे वे मेडिकल से संबंधित हों या फिर डाइट से संबंधित। उन्होंने दावे के साथ कहा कि पैरा खिलाड़ियों के साथ ऐसा पहली बार हुआ है कि उन्हें खेलों के लिए इस तरह की सुविधाएं दी गई हैं। उन्होंने पुराने पैरा खिलाड़ियों का भी आह्वान किया कि वे भी आगे आएं और पैरा खेलों को आगे लाने में अपना योगदान दें। तय मापदंडों पर यहां ट्रायल कराए गए और खिलाड़ियों का बेहद ही बारीकी के साथ चयन किया गया।


भारतीय पैरालंपिक समिति की अध्यक्ष पद्मश्री दीपा मलिक।

### रिफ्रेशमेंट व प्रोटीन रहा था प्रबंध

**पीसीआई** अध्यक्ष दीपा मलिक के अनुसार यहां खिलाड़ियों को रिफ्रेशमेंट के साथ-साथ भोजन की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं। उनको प्रोटीन शेक भी दिया गया, ताकि एनर्जी लेवल बना रहे। पैरा खिलाड़ियों के इस ट्रायल में प्रबंध और सुविधाओं को देखकर नहीं लगा कि ये किसी राज्य स्तर के खिलाड़ियों का ट्रायल हो, बल्कि यहां उन्हें दी गई सुविधाओं से यह लगा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की यहां स्पर्धा हो रही हैं। कोरोना महामारी के नियमों का यहां खास ख्याल रखा गया।

# अवैध हथियार सहित एक युवक गिरफ्तार

**पलवल।** पुलिस की डिटेक्टिव सैल टीम ने गश्त के दौरान सदर थाना क्षेत्र से एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डिटेक्टिव सैल इंचार्ज विश्व गौरव के अनुसार मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि गांव महेशपुर के समीप एक युवक अवैध हथियार सहित मौजूद है।

सूचना मिलते ही एसआई चंदन सिंह व हैड कांस्टेबल कर्मवीर के नेतृत्व में टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई और आरोपी को काबू कर लिया गया। तलाशी लेने पर आरोपी से एक देशी कट्टा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राहुल निवासी गांव महेशपुर बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# महिला इंजीनयरों को विशेष रूप से बढ़ावा देने के लिए गूगल के सहयोग से चल रहा है कार्यक्रम

## तीसरे समूह में देश भर की 500 महिला इंजीनियर विद्यार्थियों को आगे लाने की योजना, पहले और दूसरे समूह की महिला इंजीनियरों को प्रतिष्ठित टेक फर्मों में इंटर्नशिप और नौकरियों का मिला मौका

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**प्रसिद्ध** एड-टेक प्लेटफार्म और एनसीई ग्रुप की कंपनी, टैलेंट स्प्रिंट ने आज सोमवार को तीसरे समूह के महिला इंजीनियर्स प्रोग्राम (डब्ल्यूई) के लांच करने की घोषणा की। इस कार्यक्रम में गूगल का सहयोग भी शामिल है। टैलेंट स्प्रिंट डब्ल्यूई का गठन साल 2019 में टेक इंडस्ट्री में फैली लैंगिक असमानता को दूर करने के उद्देश्य से किया गया था। पहले के दो समूहों को इंडस्ट्री ने जिस तरह से प्रतिसाद मिला उसको देखते हुए, अब तीसरे समूह में 500 प्रतियोगियों को जगह देने की कोशिश की गई है। इस समूह में देश भर की प्रथम वर्ष की महिला विद्यार्थियों को लक्ष्य में रखा गया है, जिसकी शुरुआत मई 2021 से की जाएगी।

यह बात सर्वविदित है कि कम्प्यूटर युग के शुरुआती दिनों में महिलाओं की काफी अहम् भूमिका रही थी। लेडी ऐडा लवलेस और एडमिरल ग्रेस हॉपर, दोनों महिलाएं क्रमशः दुनिया की पहली कंप्यूटर प्रोग्रामर और सॉफ्टवेयर टेस्टर रही थीं। इस शुरुआती रोल मॉडल होने के बावजूद महिला प्रोफेशनल्स की भूमिका टेक्नोलॉजी सेक्टर में कम होती गयी और आज के ग्लोबल टेक वर्कफोर्स में महिलाओं की उपस्थिति सिर्फ 26फीसद रह गयी हैं। इस लैंगिक असामनता को दूर करने के उद्देश्य से टैलेंट स्प्रिंट वी प्रोग्राम ने देश भर से प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग महिलाओं को चुनने, प्रशिक्षित करने और उनको तैयार करने का बीड़ा उठाया है। इन प्रतिभाशाली ऐकडेमिक महिलाओं को, जो विभिन्न सामाजिक बैकग्राउंड से आती हैं,सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आने के लिए प्रोत्साहन देने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया जाता है।

पहले के दो समूहों के लिए कुल 27,000 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 220 प्रतिभागियों को इस प्रोग्राम में भाग लेने का मौका दिया गया था। अब तक 50 प्रतिष्ठित कंपनियों जैसे गूगल, अमेज़न, फ्लिपकार्ट, माइक्रोसॉफ्ट, गोल्डमैन सच्स, एक्सेंचर, एडोबे, कपजेमिनि, ओरेकल, गोजेक, मैथवर्क्स और दूसरी कंपनियों ने उनको इंटर्नशिप या नौकरियों के प्रस्ताव दिए थे। इसके अलावा इनको एंट्री-लेवल के इंजीनियरों से 150 फीसद ज्यादा की सैलरी दी गयी।

# आयुष्मान भारत योजना में 15 मार्च तक बनवाएं आयुष्मान कार्ड

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने जनहित में विशेष पखवाड़ा मनाने के दिए हैं आदेश

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**प्रधानमंत्री** जन आरोग्य योजना-आयुष्मान भारत योजना के चलते एक मार्च से 15 मार्च 2021 तक आयुष्मान पखवाडा चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जिले के सभी आयुष्मान भारत के लाभार्थियों तक इस योजना का लाभ पहुंचाना तथा सभी को योजना के प्रति जागरूक कर आयुष्मान कार्ड बनाना है।

पखवाड़े का शुभारम्भ उप-सिविल सर्जन डा. अरविंद ने मोबाईल वैन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। आयुष्मान भारत योजना पखवाड़ा के तहत 1 से 15 मार्च तक प्रत्येक सीएससी सेंटर पर मुफ्त आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए नागरिक आधार कार्ड व राशन कार्ड अपने साथ लेकर आएं। जिला में अब तक लगभग 73 हजार लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड जारी किए जा चुके हैं तथा लगभग 2 लाख 58 हजार आयुष्मान कार्ड बनवाए जाने शेष हैं।

यह जानकारी देते हुए उप-सिविल सर्जन ने बताया कि इस कार्ड के लिए अपनी पात्रता जानने के लिए कोई भी नागरिक पीएमजेएवाई डॉट जीओवी डॉट इन पर लॉग इन करके सूची देख सकता है। अगर इस सूची में नागरिक का नाम है तो वह अपने नजदीकी



उप-सिविल सर्जन डॉ. अरविंद प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना-आयुष्मान की वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

सीएससी सेंटर पर जाकर अपना कार्ड बनवा सकता है। इस संबंध में अन्य किसी जानकारी के लिए नागरिक 14555 पर कॉल कर सकते हैं। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सीएचसी व पीएचसी के तहत आने वाले सभी चिकित्सा अधिकारी इंचार्ज, जिला आशा कॉडिनेटर, ब्लॉक आशा कॉडिनेटर, आशा फैसिलेटर, आशा वर्कर व स्वास्थ्यकर्मी को निर्देश दिए हैं कि सर्वे एसईसीसी 2011 के अनुसार आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को पैनल पर मौजूद नजदीकी स्वास्थय केंद्र/ सीएससी केंद्र पर भेजकर प्रत्येक लाभार्थी का मुफ्त आयुष्मान कार्ड बनवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने सभी चिकित्सा अधिकारी इंचार्ज को अपनी-अपनी संस्था में तैयारी सुनिश्चित करते हुए जिला नोडल अधिकारी (आयुष्मान भारत) को कार्यवाही से अवगत करवाने के निर्देश दिए हैं ताकि कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके।

जिला आशा कॉडिनेटर व ब्लॉक आशा कॉडिनेटर अपने कार्यक्षेत्र के तहत आने वाली सभी आशा फैसीलेटर, आशा वर्कर को आदेश देने बारे कहा गया है कि वो अपनी अपनी संस्था के तहत प्रत्येक लाभार्थी का आयुष्मान कार्ड गांव में ही मौजूद नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर ले जाकर बनवाना सुनिश्चित करें। नोडल अधिकारी (आयुष्मान भारत) उप सिविल सर्जन डा. प्रवीण राज तंवर ने बताया कि पहले योजना के लाभार्थियों से कॉमन सर्विस सेंटर पर आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए 30 रुपए चार्ज किया जाता था जबकि पैनल पर मौजूद सभी अस्पतालों पर आयुष्मान कार्ड निशुल्क बनाए जाते थे। अस्पतालों से दुरी होने व कारोना वैश्विक महामारी के कारण लाभार्थियों को योजना का आयुष्मान कार्ड बनवाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने जनहित को ध्यान में रखते हुए 15 दिनों का यह विशेष पखवाड़ा मनाए जाने के आदेश दिए गए हैं ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों के कार्ड बनवाए जा सकें। इसके लिए भारत-हरियाणा स्वास्थ्य प्राधिकरण पंचकूला द्वारा एक आयुष्मान प्रयवेक्षक भी नियुक्त किया गया है। यह कार्यक्रम से संबंधित सभी कार्यो की देख रेख व समीक्षा करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा-राजस्थान सुनहेड़ बॉर्डर पर 49वें दिन भी डटे किसान



**मेवात।** किसान आंदोलन में हज़ारों किसान सड़को पर बेठे है और तरह-तरह से आंदोलित है वो सिर्फ हम किसान लीडरान की वजह से बेठे है क्योंकि उन किसानों को हमने उनके हकों के बारे जागरूक किया है वो सिर्फ हम पर भरोसा ही नही करते बल्कि हमे अपना सब कुछ मानते है ओर हमारे इशारे पर कुछ भी करने को तैयार है। मेवाती किसान मोर्चा 15 मार्च को हसन खान मेवाती के शहादत दिवस पर फिरोजपुर झिरका में एक ओर बड़ी पंचायत करने जा रहा है। मेवात सभी सामाजिक,राजनीतिक और सियासी लीडरान से गुजारिश है कि इस किसान पंचायत को किसान आंदोलन को कामयाब होने का औजार बना दे क्योंकि देश मेवात से बहुत उम्मीदें कर रहा है,करे भी क्यो नही राजकाज से लड़ने में हमारा इतिहास बहुत शानदार रहा है। इसलिए उम्मीद है कि सभी साथी अपनी जाति खाहिशे/रुतबा को भुलाकर इस किसान पंचायत को कामयाब बनाएंगे।

### एनएसएस वॉलिंटियर्स ने निकाली हिफाजत रैली



**मेवात।** जिला बाल संरक्षण अधिकारी नूंह आबिद हुसैन के नेतृत्व में बाल संरक्षण विभाग के सहयोग से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूंह से बाल यौन शोषण रोकने के लिए प्रधानाचार्य श्याम लाल एवं जिला एनएसएस संयोजक अशरफ मेवाती ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने नूंह शहर के मुख्य बाजार में हिफाजत रैली निकाल कर बाल शोषण और बाल यौन संरक्षण रोकने के लिए नारे लगाकर लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास किया। इस अवसर पर लगभग 85 विद्यार्थियों एवं अनेक अध्यापकों और बाल संरक्षण कार्यालय के कर्मचारियों तथा चाइल्ड हेल्प लाइन के वॉलिंटियर्स ने भाग लिया। हिफाजत रैली का मकसद लोगों में जागरूकता लाना है। बाल मजदूरी, बाल लैंगिक विभेद इत्यादि रोकने के मकसद से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# मुख्यमंत्रीजी, हमारे 22 सुझावों को बजट प्रस्ताव में शामिल करें

### आगामी बजट के लिए आफताब अहमद ने सरकार को दिए हैं 22 सुझाव

दीपक कुमार। नूंह

**नूंह** विधायक व विधानसभा में कांग्रेस दल के उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने मेवात जिले से जुड़ी 22 मांगों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को भेजा है, जिन्हें आगामी बजट में शामिल होने की उन्होंने उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार अगर सही मायने में मेवात को एस्पिरेशनल जिला मानती है तो उन्हें यहां की मांगों को बजट में शामिल करना होगा।

**नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद की प्रमुख मांगें** : शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज को रूरल हैल्थ यूनिवर्सिटी बनाने, डेंटल कॉलेज की सीटों को 100 बरकरार रखने, पात्र स्थानीय युवाओं को शिक्षक नियुक्त करने, गैर अरावली क्षेत्र में खनन शुरू करने, सालाहेडी केंद्रीय विद्यालय का निर्माण शुरू करने, संघेल में सैनिक स्कूल मंजूर करने, कुर्थला में कॉलेज बनाने, नूंह अस्पताल की छमता 100 बेड करने, एम्बुलेंस सेवा बढ़ाने, अलाफिया अस्पताल में निर्मित जीएनएम संस्थान में क्लास शुरू कराने, मेवात कैनाल परियोजना को पूरा करने, मेवात में आने वाले सिंचाई के पानी को शुद्ध करने, कोटला झील परियोजना के काम को पूरा करने, सिंचाई पानी के पर्याप्त आवंटन की सुनिश्चितता, मेवात में ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित करने, आईएमटी में कंपनियां लगाने, छपेडा ड्राइविंग ट्रैनिंग स्कूल शुरू करने, गुडगांव अलवर मार्ग के अधूरे कार्य को पूरा करने, सोहना मंदकोला सड़क को दुरुस्त करने, मालब बहु तकनीकी संस्थान, जिला पुलिस लाइन नूंह में सिंथेटिक टर्फ बिछाने, मालब आंकेडा में आधुनिक हर्बल पार्क विकसित करने, मेवात में कृषि विज्ञान केंद्र शुरू करने, नूंह में आवासीय परियोजना को बढ़ावा देने, नए आंगनवाडी केंद्र मंजूर करने, गैर पारंपरिक ऊर्जा के विकल्पों को मेवात में प्राथमिकता से शुरू करने जैसी मांगें शामिल हैं।



नूंह विधायक आफताब अहमद को ज्ञापन सौंपते हुए लोग।

इस दौरान नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद को तंजीम फरोग ए ऊर्दू मेवात के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें इलाके में उर्दू शिक्षकों की भर्ती व ऊर्दू को स्कूलों में बढ़ावा देने व नूंह में उर्दू अकादमी हरियाणा का कार्यालय शुरू किया जाए।

# अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का मार्गदर्शन करेंगे उपमुख्यमंत्री : मोहसिन

दीपक कुमार। नूंह



मोहसिन चौधरी।

**चंडीगढ़** सेक्टर-3 स्थित जेजेपी कार्यालय पर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जननायक जनता पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारियों, जिला प्रधानों व हल्का प्रधानों की आगामी 3 मार्च बुधवार को महत्वपूर्ण मीटिंग लेंगे। जिसमें संगठन के साथ साथ अल्पसंख्यकों के विकास के बारे में चर्चा भी करेंगे। ये बात जेजेपी के अल्पसंख्यक सैल प्रदेशाध्यक्ष मोहसिन चौधरी ने बताई। शाम 4 बजे होने वाली प्रदेश स्तरीय मीटिंग के बारे में बताते हुए जेजेपी वरिष्ठ नेता मोहसिन चौधरी जी ने बताया कि इसमें उपमुख्यमंत्री जी के साथ पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह जी की गरिमामय उपस्थित रहेगी। उन्होंने सभी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी को समय पर पहुंचकर मीटिंग में भाग लेने की अपील की।

जिला प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन ने बताया कि अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रधान मोहसिन चौधरी जी के नेतृत्व में प्रदेश में अल्पसंख्यकों की आवाज बुलंद, उनके अधिकार और हकों की सुनवाई बेहतर तरीके से होगी। वही जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ नूंह के प्रधान जान मोहम्मद ने बताया कि मेवात के अल्पसंख्यक सैल के सभी पदाधिकारी चंडीगढ़ मीटिंग में शरीक होने जाएंगे।अपने नेता को अल्पसंख्यक की दिशा और दशा के बारे में भी अवगत कराएंगे।

## बालिका का अपहरण कर अज्ञात स्थान पर बनाया बंधक

**फिरोजपुर झिरका।** दो दिन पूर्व हिरवाड़ी गांव से दो युवकों ने मिलकर एक बालिका का जबरन अपहरण कर बंधक बना लिया। खबर लिखे जाने तक बालिका का पता नहीं चल पाया। पीड़ित पिता की शिकायत पर झिरका पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ जबरन अपहरण कर बंधक बनाने का मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। हिरवाड़ी गांव के साहुन ने बताया कि उसका अलवर एक कम्पनी में काम करता है। नवाब पुत्र लल्लू निवासी चोरेटी थाना एमआईए (अलवर) की उसके लड़के के साथ दोस्ती हो गई। नवाब का मेरे लड़के के साथ हिरवाड़ी आना-जाना था। शनिवार को उसकी लड़की 17 वर्षीय परमीना घर पर कपड़े धोने गई थी और मेरी पत्नी घर मे बीमार पड़ी हुई थी। नवाब अकेली लड़की को देखकर घर से जबरन अपहरण कर अज्ञात स्थान पर ले गया। अब वह परमिना को जबरन बंधक बनाए हुए है। साहुन ने बताया कि लड़की के अपहरण व बंधक बनाने में उसका बड़ा भाई विक्रम भी शामिल है। साहुन ने बताया कि जब शनिवार शाम तक लड़की घर में नहीं आई तो सारा परिवार चिंतित हो गया। पूरे परिवार ने परमिना को अपने स्तर पर काफी ढूंढा, लेकिन परमिना का कहीं पता नहीं चल पाया। साहुन ने बताया कि दोनों आरोपियों ने लड़की किसी अज्ञात स्थान पर बंधक बना कर रखी हुई है। फिरोजपुर झिरका पुलिस थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि पीड़ित पिता की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ जबरन अपहरण कर बंधक बनाने का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की है।


## पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

मैं, राम प्रकाश पुत्र श्री प्रीतम लाल निवासी 1के/7ए एन.आई.टी. फरीदाबाद बयान करता हूं कि किशन चन्द व किशन लाल दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है यानि मेरे पिता के हैं भविष्य मे मेरे पिता को प्रीतम लाल के नाम से जाना जाएं।

◆ खोया-पाया ◆

I, Rohit Bawa S/o Major Anil Kumar Bawa R/o 2, Vikas Vihar behind Railway Statium Firozpur City Punjab have Lost my HDFC-NOC, PIM, TPA Unit K-601, BPTP Prince Park, Sec-86, Faridabad. If found pl cont above address

◆ बेदखली सूचना ◆

मैं, के.एन. मनचन्दा पुत्र स्व. श्री चन्दुराम मनचन्दा निवासी मकान न. 1977 सेक्टर-9 तह. व जिला फरीदाबाद ने अपने पुत्र तुषार मनचन्दा व पुत्रवधु सृष्टि मनचन्दा को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।

### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किलों सुमनेश चन्द शर्मा पुत्र श्री राम सनेही लाल व श्रीमति ऊमा देवी पत्नी श्री सुमनेश चन्द शर्मा निवासीगण कुन्दन ग्रीन वैली, अहीरवाड़ा बल्लभगढ़, ज़िला फरीदाबाद ने अपने पुत्र सुमित शर्मा पुत्र श्री सुमनेश शर्मा निवासी कुन्दन ग्रीन वैली, अहीरवाड़ा, बल्लभगढ, ज़िला फरीदाबाद का व्यवहार मेरे मुवक्किलों के प्रति ठीक न होने के कारण उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पति से बेदखल कर सारे सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में जो भी उसके साथ लेन-देन करेगा या किसी भी प्रकार का व्यवहार करेगा उसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरे मुवक्किलों व उसके परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**राजपाल नागर एडवोकेट, फरीदाबाद**

### सार्वजनिक सूचना

श्रीमती बलविंद्र कौर मेजर सिंह ने घोषणा की है कि मेरा एक प्लाट तदादी 244.8 वर्ग गज (31.6" x70") अर्थात 8.16 मरले बक़दर 8/311 भाग कुल भूमि 15 कनाल 11 मरले बरुवे खेवट न.58 खतौनी न.74 मुरब्बा न.220 किला न.1/2(7-2),2(8-0),10/1(0-9) कुल किते 3 जमाबन्दी साल 2017-18 स्थित गांव असन्ध तहसील असन्ध जिला करनाल में नगर पालिका हदूद में सभी अधिकार सहित अभिलेख बिक्री वसीका न. 273/1 दिनांक 26.5.2020 S.R असन्ध और इन्तकाल न. 27374 है। दिनांक 26-06-2020 को मूल रजिस्ट्री वसीका न.1336/1 की एवज में इंडसइंड बैंक से ऋण लिया है। मूल रजिस्ट्री वसीका न.1336/1 को 16-06-2011 को श्रीमती परमिंद्र कौर,पत्नी जगतार सिंह पुत्र साहब सिंह, श्रीमती पिंकी पत्नी हरिशरण पुत्र राम सरूप एन्ड श्रीमती सुमन देवी पत्नी सुमेर सिंह पुत्र हिशम सिंह के पक्ष में हिस्सा बराबर है। उपरोक्त रजिस्ट्री गुम हो गयी है। यदि किसी व्यक्ति विशेष व संस्थान के पास इस रजिस्ट्री/ऋण/भार की जानकारी है तो 7 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरी से सम्पर्क करें। वीरेन्द्र शर्मा एडवोकेट इंडसइंड बैंक लिमिटेड के लिये चैम्बर 516/A जिला कचेहरी करनाल मो. 98150-66633

**In the Court of Shri S.M. Kale. 3rd Jt. Civil Judge (Sr. Dn.) Chandrapur Tah. & District:- Chandrapur (Maharashtra) 4424201**
**"Form No. 1A"**
Summons for service by advertisment in a Newspaper (O.V., R.20 )
fixed on 22/03/2021
H.M.P. No. 49/2020
**Shri. Nitin narendra Goyal } Applicant**
**-VS-**
**Radhika Nitin Goyal + one }**
Non-Applicant To, Non-Applicant No. 2:-Sahil Rajkumar Grovar
Age about. 28 years, Occu: Business R/o House No. 1056, Sector No. 14 Sonipat, Tah & Dist: Sonipat (Haryana) Pin 131001
WHEREAS Shri. Nitin Narendra Goyal has filed Hindu Marriage petition Section 13 (1) (i)(i-a), You are hereby summoned to appear in this Court in person or by a pleader on the 22nd day of March, 2021, at 11-00 O'clock, to answer the same, failing which the matter will be disposed of ex-parte. Also take notice that in default of your filling an address for service on or before the date mentioned you are liable to have your defence struck out.
**Note:**- Non-applicant to submit his reply with-in 30 days from the date of publication.
Given under my Hand and the seal of the Court, this 22nd day of February, 2021
**Seal Asstt. Supdt, Court of Civil Judge (Sr. Dn.) , Chandrapur**


## बुजुर्गों और गंभीर रोगियों लगेगा मुफ्त कोरोना टीका: सीएमओ

**नूंह।** पहली मार्च 2021 से 60 वर्ष की उम्र से ज्यादा बुजुर्गों और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे 45 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को सरकारी अस्पताल में कोरोना से बचाव के लिए टीका मुफ्त लगाया जाएगा। जबकि निजी अस्पताल में करोना का टीका कीमत देकर लगाया जाएगा। प्राइवेट अस्पतालों में 250 रुपये देकर पहली डोज लगवाई जा सकेगी।

ये जानकारी सिविल सर्जन डॉ. सुरेन्द्र यादव ने दी। इन डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उन्हें निजी व सरकारी टीकाकरण केंद्रों एवं वहां पर उपलब्ध तारीख व समय की जानकारी मिल जाएगी। लोग अपनी इच्छा से केंद्र को चुन सकते हैं इनके साथ साथ टीकाकरण केंद्र पर पहुंचकर रजिस्ट्रेशन करवाने की सुविधा भी दी जाएगी इसके लिए जिले में सरकारी स्वास्थ्य संस्था जैसा कि सिविल हॉस्पिटल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चयनित किए गए हैं।

# परीक्षा पर चर्चा स्पेशल :तनाव से मुक्त रहने में मिल रही मदद

### व्योमेश ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ परीक्षा पर चर्चा करने के लिए देश भर से तकरीबन 22000बच्चों का चयन हुआ था

रिजवान कासिम। मेवात

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी द्वारा बोर्ड एग्जाम से ठीक पहले बच्चों के साथ शुरू की गई परीक्षा पर चर्चा के अच्छे नतीजे सामने आ रहे हैं, जो छात्र -छात्रा बोर्ड की परीक्षाओं का नाम सुनते ही तनाव में आ जाते थे। उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी के मंत्र से तनाव मुक्त रहने में काफी मदद मिल रही है।

हरियाणा के सबसे पिछड़े मुस्लिम बाहुल्य जिला मेवात के दो छात्र-छात्राओं का वर्ष 2020 में परीक्षा पर चर्चा विषय में चयन हुआ। जैसे ही मेवात मॉडल स्कूल पुन्हाना की 11वीं कक्षा की छात्रा मंजूमन तथा मेवात मॉडल स्कूल फिरोजपुर झिरका के नवी कक्षा के छात्र व्योमेश व उनके माता-पिता तथा अध्यापकों को परीक्षा पर चर्चा विषय में चयन हो जाने की जानकारी मिली उनकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा।

17 जनवरी 2020 को उन्हें यह जानकारी मिली, उसके बाद इन बच्चों को एससीईआरटी गुरुग्राम ले जाया गया। उसके बाद बीएसक्यू हेड क्वार्टर दिल्ली ले जाया गया। अगले दिन बच्चों को दिल्ली में ऐतिहासिक स्थलों का विजिट कराया गया ताकि तनावमुक्त होने के बाद परीक्षा पर चर्चा से पहले बच्चों का मनोबल बढ़ सके। जब इस बारे में नेशनल एवं स्टेट अवॉर्डी अध्यापक बसरूद्दीन से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि वो दोनों बच्चे बधाई के पात्र हैं। जिनका परीक्षा पर चर्चा विषय में 20 जनवरी 2020 को चयन हुआ था। उन्होंने कहा कि इससे न केवल छात्र - छात्राओं को मोटिवेशन मिलता है बल्कि वह खुशकिस्मत बच्चे हैं।

जिनका चयन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ परीक्षा पर चर्चा में हुआ है। इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी से लेकर चयनित होने वाले छात्र-छात्रा भी बधाई के पात्र हैं। जब इस बारे में परीक्षा पर चर्चा विषय में चयन हुई छात्रा मंजूमन से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उनकी खुशी का कोई ठिकाना उस समय नहीं रहा जब उनके अध्यापक के माध्यम से उन्हें परीक्षा पर चर्चा विषय में चयन होने की जानकारी मिली। मंजूमन ने कहा कि वह पढ़ लिख कर अध्यापक बनना चाहती है। उसके जीवन में परीक्षा पर चर्चा के बाद बहुत बदलाव आए हैं। अब उन्हें परीक्षाए डराती नहीं। मेवात मॉडल स्कूल में दसवीं कक्षा के छात्र व्योमेश ने बातचीत के दौरान कहा की वह आईआईटी कर इंजीनियर बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि उनके जीवन में परीक्षा पर चर्चा के बाद बहुत बड़ा बदलाव आया है। अब वह न केवल अच्छे से अपनी पढ़ाई कर पा रहे हैं बल्कि परीक्षा देने से पहले उनके मन में किसी प्रकार का कोई डर -भय नहीं रहता। अब वे अपने छोटे भाइयों को भी बोर्ड की परीक्षाओं से पहले तनाव मुक्त रहने के गुर दे रहे हैं।



बसरूद्दीन अध्यापक नेशनल एवं स्टेट अवार्डी,,मंजुमन छात्रा परीक्षा पर चर्चा में चयनित,,व्योमेश छात्र परीक्षा पर चर्चा में चयनित

व्योमेश ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ परीक्षा पर चर्चा करने के लिए देश भर से तकरीबन 22000 बच्चों का चयन हुआ था। जिनमें हरियाणा के मेवात जिले से भी मंजू मन, व्योमेश शामिल हुए थे। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी से सवाल तो नहीं किए, लेकिन जो परीक्षा से पहले होने वाले मंत्र उन्होंने दिए उनको उन्होंने अपने जीवन में उतार लिया। बच्चों ने यह भी कहा कि परीक्षा में नंबर गेम कोई मायने नहीं रखता। दिल लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए और परीक्षाओं से कतई भी नहीं डरना व घबराना चाहिए। मंजूमन के पिता असरूद्दीन ने भी अपनी बेटी के चयन और उसके बाद उसकी जीवन में आए बदलाव के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया कि इस तरह की योजनाएं आगे भी जारी रखनी चाहिए, ताकि बच्चों का भविष्य बेहतर हो सके।


## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103





**हमेशा की रही है तँत्र की नीयत यहाँ खोटी**
**करें उम्मीद उनसे क्या है जिनकी सोच यूँ छोटी**
**बड़ी हसरत से जिनको ताज सौपें थे युवाओं ने**
**जो रोज़ी माँग ली उनसे, मिली है जेल की रोटी**

# अप्रेंटिसशिप से दें बेरोजगार नवयुवकों को दे रोजगार

### सीएम विंडो, सीपीग्राम सोशाल मीडिया की शिकायतों को लें गंभीरता से: उपायुक्त

दीपक कुमार। नूंह

**उपायुक्त** धीरेन्द्र खड़गटा ने सचिवालय के सभागार में सरल पोर्टल, सीएम विंडो, सीपी ग्राम, मुख्यमंत्री घोषणा, सोशल मिडिया ट्रैकर, सरल डेस बोर्ड, आदि विषयों पर बैठक लेकर सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों से सम्बन्धित विषयों पर हुई प्रगति की विस्तार पूर्वक समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि सीएम विंडो पर जो भी शिकायत प्राप्त होती है उसे सम्बन्धित विभाग टेकअप करते हुए समय रहते उसका समाधान करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने बैठक से पहले सभी विभागों की मुख्यमंत्री घोषणा को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने विभाग से संबंधित रिपोर्ट जल्द से जल्द प्रस्तुत करें ताकि उस पर कार्यवाही की जा सकें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश आदेश दिए कि जिस भी विभाग में जो कार्य करवाया जाना है उसकी भी रिपोर्ट तैयार करके उपायुक्त कार्यालय में जल्द से जल्द भिजवाना सुनिश्चत करें।



उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा सीपीग्राम, मुख्यमंत्री घोषाओं को लेकर अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

उन्होंने सभी अधिकारियों को यह भी आदेश दिए कि वे अपने-अपने कार्यालय में अपनी क्षमता के अनुसार अप्रेंटिसशिप के माध्यम से भर्ती करें इससे कार्यालयों में स्टाफ की पूर्ति होगी व स्थानिय बेरोजगार नवयुवकों को रोजगार भी मिलेगा। उपायुक्त ने कहा कि अगली बैठक में संबंधित विभागों का ब्यौरा लिया जाएगा कि किसी विभाग का निर्धारित कार्य में से कितना कार्य पूरा हो चुका है कितना कार्य बकाया है तथा अपनी रिपोर्ट अगली बैठक में साथ लेकर आए। बैठक में डिप्टी सीईओ गजेन्द्र सिंह, एसडीएम नूंह संजीव कुमार, सचिव आर.टी. गौरव अंतिल, नगराधीश जयप्रकाश, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश गोरिया, उप-निदेशक पशु पालन एवं डेयरी विभाग डा. नरेन्द्र सिंह, जिला खेल अधिकारी निर्मला, सहित जिले के सभी अधिकारी मौजूद रहें।


**मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

**कासिम खान**
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## बंगाल चुनाव
### जटिल परिस्थिति

**चुनाव** जीतना आसान नहीं है और यह बात निश्चित रूप से पश्चिम बंगाल जैसे राज्य के लिए सही है। इसके लिए सावधानी से बनाई योजना तथा वोटों की फसल काटने के लिए विभिन्न प्रकार की गणित का संतुलित प्रयोग जरूरी होगा। चुनाव में उतरी सभी राजनीतिक पार्टियां यह फार्मूला जानती हैं, पर अंतर इस बात से पड़ेगा कि वे विभिन्न आयामों का किस सफलता से प्रयोग कर सकती हैं। निर्वाचन आयोग–ईसी द्वारा राज्य में अभूतपूर्व ढंग से आठ–चरण वाले चुनाव की घोषणा होते ही टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने उस पर पूर्वाग्रही भूमिका अपनाने का आरोप लगाया जिससे भाजपा को लाभ होगा। कुछ चुनाव विशेषज्ञों के अनुसार, चरणबद्ध चुनाव में शुरुआती चरणों में मतदान की प्रवृत्ति का प्रभाव बाद वाले चरणों पर भी पड़ता है। आमतौर से बाद वाले चरणों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले लोगों में उस पार्टी या गठबंधन को वोट देने की इच्छा पैदा होती है जो शुरुआती चरणों में आगे होता है। लेकिन अक्सर यह भी देखने में आता है कि अंतिम या बिल्कुल अंतिम चरणों में मतदाताओं का जोश कम हो जाता है जिससे उस पार्टी को लाभ होता है जिसका वर्चस्व इन क्षेत्रों में न हो। इसके साथ ही चुनावों के माइक्रो–प्रबंधन में अनेक अन्य कोण व संवेदनशील चीजें शामिल होती हैं। यदि हम ममता बनर्जी के कथन पर विचार करें तो सवाल पैदा होता है कि क्या इस बहु–चरणीय चुनाव से भाजपा लाभ उठाने का प्रयास कर सकती है।

ममता बनर्जी एक परिपक्व नेता हैं और वे जानती हैं कि भाजपा अब 'मोदी लहर' या 'राष्ट्रवाद' के रथ पर सवार नहीं है। भले ही पेट्रोल व डीजल पर केवल एक रुपया टैक्स की राहत दी गई हो, पर इससे स्पष्ट होता है कि



वे तेल व एलपीजी मूल्यों में हालिया वृद्धि के भाजपा के मतों पर पड़ने वाले असर को जानती हैं तथा उन्होंने सत्ता–विरोधी रुझान कम करने का प्रयास किया है। इसके बावजूद ममता को भाजपा के बढ़ते उभार से चिन्ता है जो सत्तारूढ़ टीएमसी को हटाने के लिए 'ईसी की सहायता से गुणा भाग' में परिवर्तन कर लाभ उठा सकती है। इस बीच भाजपा नागरिकता संशोधन कानून–सीएए, हिंदू एकजुटता, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई केन्द्र की कल्याणकारी योजनाओं तथा टीएमसी नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार आरोपों का लाभ उठाना चाहती है। वह अपने कार्ड बहुत सावधानी से खेल रही है। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया है कि ईसी प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के आदेशों पर काम करती है। उन्होंने यह जानकारी होने का दावा किया कि चरणबद्ध चुनाव की भाजपा कार्यालय में मौजूद सूची पूरी तरह ईसी द्वारा घोषित सूची से मेल खाती है। दूसरी ओर ईसी का तर्क ज्यादा समझ में आने वाला है। उसने कहा है कि हालिया आरोपों प्रत्यारोपों के बीच उसे बलों के आवागमन पर भी विचार करना था। बंगाल एक संवेदनशील राज्य है और वहां चुनावों में हिंसा होती रही है। राज्य में चुनाव करवाना दूसरे राज्यों की तरह नहीं है। ईमानदारी से देखा जाए तो ईसी के तर्क उचित लगते हैं। 2016 के राज्य विधानसभा चुनाव भी सात चरणों में हुए थे तथा 2019 के लोकसभा चुनाव में भी राज्य में मतदान सात चरणों में हुआ था। यदि ममता बनर्जी के पास सचमुच अपने दावों के पक्ष में कोई प्रमाण मौजूद हैं तो उनको अनुमानों के आधार पर आरोप लगाने के बजाय अदालत का दरवाजा खटखटाना चाहिए। अपने दावों के पक्ष में समुचित प्रमाणों के अभाव में केवल शोर मचाना उनके लिए लाभदायक नहीं होगा।

# लघु बीमा से महामारी का मुकाबला

**विभिन्न संस्थानों के खोजी माडलों के कारण गरीबों के लिए विलासिता की वस्तु समझा जाने वाला लघु–बीमा अब यथार्थ बन गया है। भारत अब तेजी से इसका केन्द्र हो गया है।**



**मोईन काज़ी**
(लेखक लोकप्रिय विकास पेशेवर हैं)




महामारी के कारण लघु–बीमा एक गेमचेंजर साबित हुआ है और लोग अपने जीवन में इसका महत्व समझ रहे हैं। इसकी मांग और ज्यादा बढ़ने की उम्मीद है। विकसित दुनिया में बीमा जीवन का हिस्सा हे, पर विकासशील दुनिया में इसकी कवरेज बिल्कुल नाकाफी है। लेकिन विभिन्न संस्थानों द्वारा विकसित खोजी माडलों के कारण गरीबों के लिए विलासिता समझा जाने वाला लघु–बीमा अब यथार्थ बन गया है। भारत अब तेजी से बढ़ते लघु–बीमा का केन्द्र बन गया है। भारत में कम आय वाले समुदाय पहले से हाशिए पर थे और वे इस दुर्भाग्यपूर्ण विभीषिका से और किनारे पहुंच गए हैं। दुर्घटना, बीमारी या प्राकृतिक आपदा उनको गरीबी में और गहराई तक धकेल सकते हैं तथा उनके थोड़े से संसाधन कम हो सकते हैं। अक्सर ऐसी घटनाओं के गंभीर आर्थिक परिणाम होते हैं। अपनी क्षमता से अधिक उधार लेने पर अनेक लोग कर्ज के जाल में फंस जाते हैं, अपनी उत्पादक संपत्तियां बेच डालते हैं, बच्चों को स्कूल से निकाल लेते हैं या उनको काम पर लगा देते हैं, भोजन पर खर्च घटाते हैं या बीमारियों का इलाज करवाना बंद कर देते हैं।

हालांकि, गरीब परिवारों के पास अक्सर जोखिम से निपटने के अनौपचारिक तरीके होते हैं, लेकिन ऐसी रणनीतियां उनको समुचित सुरक्षा नहीं देती हैं, जबकि बीमा कम आय वाले समूहों को बड़ी सुरक्षा दे सकता है। गरीबों के पास वित्तीय सहारा न होने के कारण अक्सर अमीर लोगों की सहायता की जरूरत पड़ती है और वे जोखिम से ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं। सबसे बड़ी चुनौती स्वास्थ्य संबंधी खर्च है। इस बोझ से अक्सर गरीबी बढ़ जाती है। अचानक बीमारी, बीमारी से पैदा आघात, मजदूरी की कमी तथा समग्र स्वास्थ्यरक्षा के वित्तीय बोझ से गरीब परिवार लंबे समय से पीड़ित हैं। सूदखोर इसका लाभ उठाते हैं और बीमारियां ग्रामीणों की बरबादी का कारण बन जाती हैं। गरीब लोगों को अक्सर दो प्रकार के खतरे होते हैं। विशिष्ट परिवार संबंधी या पूरे समुदाय पर असर डालने वाले जैसे सूखा या महामारी। बीमा अनुबंध अक्सर पूरे समुदाय पर आने वाले जोखिमों से जुड़े नहीं होते हैं ताकि केवल कुछ ही लोग एक समय में दावा कर सकें। इसके साथ ही विरली व कभी–कभी आने वाली समस्याओं के लिए भी बीमा लेना आसान नहीं होता है।

गरीब समुदायों को अक्सर प्रीमियम के तार्किक स्तरों पर 'बीमा करने योग्य' नहीं माना जाता है। खासकर गरीबों के स्वास्थ्य व जीवन बीमा संबंधी योजनाओं की जरूरत होती है। इस तबके की सुरक्षा के लिए लघु–बीमा एक विकल्प के रूप में उभरा है। इनसे स्वास्थ्यरक्षा तथा स्कूलों में हाजिरी में सुधार होता है। अनेक स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रमों में बीमारी या अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के कारण मजदूरी में कमी पर ध्यान दिया जाता है। स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में आमतौर से आउटपेशेंटों या घर पर इलाज को जगह नहीं मिलती है, जबकि ज्यादा खर्च दवा और जांचों पर होता है। लघु–बीमा से अपनी एकत्र संपत्तियां बचाने, ज्यादा आय पाने तथा परिवार को गरीबी से बचाने में सहायता मिल सकती है। बचतों के माध्यम से अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की तुलना में अप्रत्याशित घटनाओं से बचने के लिए बीमा का खर्च कम होता है। सरकारों, दानदाताओं तथा गरीबी का मुकाबला करने के लिए सामाजिक संरक्षण योजनायें बनाने वालों को अपने उपकरणों में बीमा को शामिल करना चाहिए। वे गरीबों तक पहुंच कर सुदूर क्षेत्रों में सेवा का खर्च घटा सकते हैं। गरीबों को लघु–बीमा का लाभ दिलाने के लिए हमारी बीमा कंपनियों को जिम्मेदारी से काम करना चाहिए। जागरूकता की कमी तथा समुचित निर्देश देने वाले संस्थानों की विफलता के कारण लोग बिना समुचित नियोजन के बीमा पालिसी ले लेते हैं और प्रीमियम अदा न कर पाने के कारण उसे बीच में छोड़ देते हैं। आक्रामक ढंग से काम करने वाले बीमा एजेंट खरीदारों की आमदनी का समुचित आंकलन किए बिना बीमा दे देते हैं। इससे ग्राहकों को भारी खामियाजा भुगतना पड़ता है।

**लघु-बीमा को अब गरीबी का दुष्चक्र दूर करने तथा परिवारों को जीवन्त सुरक्षा संजाल प्रदान करने में अत्यधिक प्रभावी माना जाता है। यदि गरीब स्वयं को बीमा के माध्यम से सुरक्षित पाएं तो वे अपने भविष्य की बेहतर योजना बना सकते हैं, बिजनेसों का विस्तार कर सकते हैं, फसलों की विविधता बढ़ा सकते हैं, या अपने बच्चों को निर्भय होकर स्कूल भेज सकते हैं।**

बीमा कंपनियों की पहुंच बहुत कम है। 2019–20 में जीवन के लिए लघु–बीमा 1.80 प्रतिशत तथा आम बीमा क्षेत्र में 1.16 प्रतिशत था। मुख्य चुनौती इसका संचालन है। लघु–बीमा को टिकाऊ बनाने के लिए भारी निवेश की जरूरत होती है। गरीब लोग बैंकिंग संजाल से बाहर हैं। इससे सेवा एजेंटों के माध्यम से लाखों छोटे पालिसीधारकों से लेनदेन का खर्च और बढ़ता है। बीमा उत्पादों द्वारा किसानों का 'जोखिम' दूर करने के बावजूद तथा उच्च उत्पादकता वाले निवेशों व व्यवहारों को प्रोत्साहन के बावजूद लघु–बीमा का बाजार बहुत छोटा है। यदि सरकार भारी सब्सिडी न दे तो इस क्षेत्र को संचालित करना आसान नहीं होगा। भारत में कम आय वर्ग वाले लोगों के लिए उपयुक्त वितरण चैनलों की कमी है। डिजिटल भुगतान व्यवस्थाओं में तेजी से प्रगति से गरीब परिवारों को विश्वसनीय वित्तीय उपकरणों से जोड़ने का अवसर मिलता है। इसके लिए मोबाइल फोनों व अन्य डिजिटल इंटरफेस का प्रयोग होता है। वर्तमान मोबाइल वित्तीय उत्पादों से जोड़ कर सेवाओं का विस्तार किया तथा बीमा कवरेज को बढ़ाया जा सकता है। इससे नए समाधान निकल सकते हैं जो बीमा सेवाओं को ग्राहकों के फोन से सीधे जोड़ सकते हैं।

लेकिन प्रोडक्ट डिजाइन की अनेक अन्य समस्यायें भी हैं। खासकर ग्रामीण बीमा उत्पाद शहरी क्षेत्रों में प्रयोग होने वाले बीमा उत्पादों की नकल होते हैं और वे स्थानीय संदर्भ में लाभदायक नहीं होते हैं। इनमें जोखिम उठाने की क्षमता कमजोर होती है तथा ग्राहकों व समस्याओं की जटिलता के कारण इनकी प्रक्रिया एक चुनौती बन जाती है। बीमा नियामक एवं विकास अधिकरण–इरडा की एक समिति ने सुझाव दिया था कि अकेली लघु–बीमा कंपनियों के लिए प्रवेश पूंजी को वर्तमान 100 करोड़ से घटा कर 20 करोड़ किया जाए ताकि इस क्षेत्र का विस्तार हो सके। लघु–बीमा कंपनियों व सहकारिताओं को एक समग्र बीमाकर्ता के रूप में काम करने को प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि वे एक ही उद्यम से जीवन व गैर–जीवन बीमा कर सकें। अनेक देशों ने उत्पाद डिजाइन तथा बीमा उत्पादों के विस्तार में अच्छा काम किया है। किसानों को केन्द्रित लघु–बीमा उत्पाद सामने आए हैं जिनमें फसल बीमा, स्वास्थ्य बीमा, ग्रामीण, व्यक्तिगत, दुर्घटना, सिंचाई, बैलगाड़ी, मत्स्य पालन, कृषि संबंधी व मवेशी बीमा शामिल हैं। यहां तक कि सांप काटने, मवेशी कल्याण, कुंए सूखने, तूफान से नुकसान, स्वास्थ्य समस्याओं, अंतिम संस्कार व जुड़वां बच्चों के जन्म संबंधी बीमा योजनायें हैं।

लघु–बीमा को अब गरीबी का दुष्चक्र दूर करने तथा परिवारों को जीवन्त सुरक्षा संजाल प्रदान करने में अत्यधिक प्रभावी माना जाता है। यदि गरीब स्वयं को बीमा के माध्यम से सुरक्षित पाएं तो वे अपने भविष्य की बेहतर योजना बना सकते हैं, बिजनेसों का विस्तार कर सकते हैं, फसलों की विविधता बढ़ा सकते हैं या अपने बच्चों को निर्भय होकर स्कूल भेज सकते हैं। उनको विश्वास होता है कि कुछ बुरा घटने पर उनकी बचत प्रभावित नहीं होगी। इस प्रकार जोखिम उठाने की पूरी क्षमता बदल जाती है। इसके साथ ही सुरक्षा संजाल प्रदान कर लघु–बीमा ऐसा वादा करता है जिसकी कल्पना पुरानी पीढ़ियां कर ही नहीं सकती थीं, यह है भविष्य की उम्मीद।

# युगों के दौरान पंथनिरपेक्षता की उत्पत्ति

**नदीम पार्चा**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



पिछले पांच वर्षों में यूरोप, अमेरिका, तुर्की और भारत के विभिन्न अकादमिक मंच से निकला विश्लेषण बताता है कि दुनिया पंथनिरपेक्ष युग में प्रवेश कर चुकी है। लेकिन इस थीसिस के आलोचकों को डर है कि यह अपने सबसे सरल रूप में पंथनिरपेक्षता की कल्पना कर रहा है। पंथनिरपेक्षतावाद अत्यधिक जटिल तरीके से विकसित हुआ है, जैसा कि मानवविज्ञानी तलाल असद और दार्शनिक चार्ल्स टेलर द्वारा प्रदर्शित किया गया है। दोनों ने पंथनिरपेक्षता को मध्य युग के दौरान सुधार की प्रक्रिया से निकलते देखा, ताकि अंधविश्वास से मुक्त समाज का निर्माण हो सके। असद की समग्र स्थिति यहां पर यह है कि पंथनिरपेक्षता की उत्पत्ति को पूरी तरह से एक ही घटना के लिए नहीं रखा जा सकता है, जबकि टेलर का कहना है कि ईसाई धर्म के विध्वंस ने एक बार अंधविश्वासी आम आदमी को धर्मग्रंथों के बारे में जानकारी प्राप्त करने में मदद की। प्रोटेस्टेंट और कैल्विनवादी जैसे ईसाई संप्रदायों ने एक पुण्य के रूप में उद्यमी स्वभाव देखा, जब तक कि इसने मानवता को लाभ पहुंचाया। इसने न केवल मानवतावाद के विचार को जन्म दिया, इसने उन विचारों को भी जन्म दिया जिन्होंने आधुनिकता के तंत्र को तैयार करने में योगदान दिया।

असद के अनुसार, ईसाई पंथ का आध्यात्मिक वादा कि "मसीह की मृत्यु संपूर्ण मानवता को बचाने के लिए हुई थी" को एक राजनीतिक वादे में बदल दिया गया था कि दुनिया को मसीह के लिए बदलना चाहिए। इसलिए, टेलर और असद दोनों ही पंथनिरपेक्षता के विचार के उद्भव को पंथ के प्रति प्रतिकूल प्रतिक्रिया से नहीं, बल्कि तेजी से विकसित हो रहे मील के पत्थर में सुधार के आग्रह से देखते हैं। असद के लिए, भले ही ईसाई पंथ के भीतर असंतोष की प्रक्रिया ने सुधारवादी विचारों को स्वीकार करते हुए देखा, उदाहरण के लिए, ईसाई नैतिकता की पारंपरिक धारणाएं वास्तव में दूर नहीं हुईं। असद लिखते हैं कि सार्वजनिक क्षेत्र से धर्म को पूरी तरह से निष्कासित नहीं किया गया था। वास्तव में, इसे निजी क्षेत्र में वापस कर दिया गया था, लेकिन पंथ जो तर्कसंगत बहस में हिस्सा लेने और नए पंथनिरपेक्ष प्रतिमान को स्वीकार करने के लिए तैयार थे, सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने के लिए स्वागत किया गया।

आधुनिकता के विस्तार के साथ, पंथनिरपेक्षतावाद का विचार यूरोप से अन्य क्षेत्रों में जाकर फैल गया। लेकिन इसने गैर–पश्चिमी वास्तविकताओं को समायोजित करने के लिए उत्परिवर्तन का काम किया। उदाहरण के लिए, हालांकि यह एक समावेशी विचार के रूप में आया है, जो एक तर्कसंगत राष्ट्रवादी संपूर्ण के निर्माण के रूप में पवित्र और निजीकरण को अपवित्र के निजीकरण की वकालत करता है, कम्युनिस्ट सेट–अप में यह पूरी तरह से धर्म को कट्टरता से कठोर बना देता है। लेकिन यह कठोरता फ्रांस में भी मौजूद थी।

टेलर के अनुसार, जबकि यूरोप में पंथनिरपेक्षता कहीं और बड़े पैमाने पर सुधारित ईसाई पंथ से उभरा था, फ्रांस में यह धर्म के खिलाफ विद्रोह (18 वीं शताब्दी की फ्रांसीसी क्रांति के दौरान) के रूप में प्रकट हुआ था। लैसाइटी 'के रूप में जाना जाने वाला यह सार्वजनिक क्षेत्र में धर्म के किसी भी प्रदर्शन को मुश्किल से सहन करता है। अमेरिका और यूरोपीय देशों में समावेशी पंथनिरपेक्षता के विपरीत, जहां राज्य धर्म के प्रति अवैयक्तिक रहता है, जब तक कि वह उदार–लोकतांत्रिक व्यवस्था को खतरे में नहीं डालता, लाओत्से ने सार्वजनिक क्षेत्र में धर्म को हतोत्साहित करने के लिए आक्रामक रूप से हस्तक्षेप करने का प्रतिबंध लगाया। दिलचस्प बात यह है कि यह पंथनिरपेक्षता का भी रूप है जिसे तुर्की ने 1922 में गणतंत्र बनने के बाद अपनाया था।

ज्यादातर उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलनों ने भी अपने राष्ट्रवाद के अनुरूप इसे संशोधित करके पंथनिरपेक्षता को अपनाया। उदाहरण के लिए, अरब राष्ट्रवाद ने पंथनिरपेक्षता को अपनाया क्योंकि इसने अपने उपनिवेशवाद विरोधी धार्मिक समकालीनों को प्रतिस्पर्धा के रूप में देखा। इसने समावेशी पंथनिरपेक्ष संस्करण को अपनाया, भले ही अरब राष्ट्रवादी शासन तानाशाह थे और अक्सर धार्मिक समूहों के नेताओं को जेल में डाल दिया, जिन्होंने अरब राष्ट्रवादी कथा को चुनौती दी थी। फ्रांसीसी राजनीतिक वैज्ञानिक क्रिस्टोफ जाफरलॉट के अनुसार, औपनिवेशिक भारत में पंथनिरपेक्षता का एक अनूठा परिवर्तन हुआ। जाफरलॉट का कहना है कि 19 वीं सदी के भारतीय मुस्लिम विद्वान सैयद अहमद खान के अनुयायियों ने मुस्लिम लीग का गठन करके अपने सुधारवादी इस्लामी कथा का राजनीतिकरण किया। आखिरकार, पार्टी एक अलग मुस्लिम–बहुमत वाले राज्य की मांग करने लगी।

सैयद, और फिर 20 वीं सदी के आरंभिक दार्शनिक और कवि मुहम्मद इकबाल और, आखिरकार, बैरिस्टर मुहम्मद अली जिन्ना ने यह कहा कि तलाल असद को सांस्कृतिक पंथनिरपेक्षता कहा जाता है। धर्म को राजनीति से अलग करने के बजाय, उन्होंने सांस्कृतिक अलगाववाद की राजनीतिक विचारधारा बनाने के लिए इस्लाम की सांस्कृतिक गतिशीलता को विश्वास के धार्मिक और अनुष्ठानिक आयामों से अलग किया।

जाफरलॉट के अनुसार, उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र में इस्लाम को सांस्कृतिक पहचान–चिह्न के रूप में रखा, जबकि विश्वास के धार्मिक और धार्मिक पहलुओं को निजी क्षेत्र में धकेल दिया गया। यही कारण है कि पाकिस्तान के संस्थापक वास्तव में कभी भी अपनी धार्मिकता (या इसके अभाव) को लेकर प्रदर्शनकारी नहीं थे। वे मुस्लिम राष्ट्रवाद को एक आधुनिक मुस्लिम–बहुल राज्य के सांस्कृतिक और राजनीतिक विचार के रूप में समझते थे, लेकिन जो इस्लाम के पंथशास्त्रीय / कर्मकांड के पहलुओं के प्रति अवैयक्तिक रहेगा।

जाफरलॉट लिखते हैं कि, 1974 में, द्वितीय संशोधन के पारित होने के कारण पाकिस्तान में इस्लाम को बहिष्कृत कर दिया गया। फिर, 1979 और 1991 के बीच विभिन्न अध्यादेशों ने इस्लाम के समावेशी विचार को लगभग पूरी तरह से समाप्त कर दिया। इसने विभिन्न दूर–दराज के धार्मिक समूहों को राज्य द्वारा चुनौती दिए बिना, सार्वजनिक क्षेत्र में खुद को मुखर करने का समर्थन किया।

पंथनिरपेक्षता संकट में है, लेकिन ज्यादातर विकासशील देशों में ऐसा नजर आता है। पिछले कुछ समय से ऐसा ही है। भारत अपवाद है, जहां यह संकट अपेक्षाकृत हाल का है। विडंबना यह है कि भारत में इस संदर्भ में संकट को पंथनिरपेक्षता के इलाज के रूप में देखा जा रहा है क्योंकि यह 1974 में पाकिस्तान में इलाज किया गया था। परिणाम विनाशकारी थे, क्योंकि वे भारत में भी होंगे।

## आप की बात

### लाकडाउन का खतरा

कोरोना वायरस संक्रमण के कारण पिछले साल लगाए गए लॉकडाउन के दौरान समूचे विश्व के लोगों की आमदनी में कमी आई है। आमदनी में कमी आने का मुख्य कारण नौकरियां जाना और कार्य की अनुपलब्धता ही थी। हर पांचवें व्यक्ति को भोजन खरीदने के लिए पैसा नहीं होने के कारण भूखे रहने पर मजबूर होना पड़ा था। बहरहाल केंद्र ने देश में कोविड–19 महामारी के कारण पिछले साल मार्च में राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन की घोषणा की थी, जिसके कुछ महीने बाद प्रतिबंधों में धीरे–धीरे ढील दी गई थी लेकिन लॉकडाउन हटने के पांच महीने बाद तक उनकी स्थिति ऐसी ही रही और अब एक बार फिर से कोविड़–19 के मामलों में इजाफा हो रहा है। आलम तो यह है कि अब फिर से कई राज्यों में लॉकड़ाउन का ऐलान भी किया जा चुका है परन्तु चिंताजनक स्थिति यह है कि लॉकडाउन से पहले ही करीब 70 प्रतिशत लोगों की मासिक आय सात हजार रुपए थी और शेष लोगों की मासिक आय तीन हजार रुपए थी। पहले से ही इतनी कम आय में भी गिरावट इस बात को रेखांकित करती है कि संक्रमण का इन लोगों पर कितना बुरा असर पड़ा है। केवल 10 प्रतिशत लोग ही ऐसे हैं, जिनकी आय लॉकडाउन से पहले वाले स्तर पर पहुंची है।

– **निधि जैन**, लोनी, गाज़ियाबाद

### गुमनाम कोरोना योद्धा

**भारत** में एक मार्च से कोरोना टीकाकरण का तीसरा चरण शुरू हो चुका है जो की बीमारों और वृद्ध नागरिकों के लिए है। प्रधानमंत्री जी स्वयं टीका लगवाकर इस चरण का शुभारम्भ कर चुके हैं। इससे पहले के दो चरण स्वास्थ्य कर्मियों और फ्रंट लाइन वर्कर्स के लिए थे क्योंकि उन्हें ही कोरोना से लड़ाई में सबसे अहम माना गया था। लेकिन इन दोनों चरणों में एक बड़ा वर्ग छूट गया। लॉकडाउन के दौरान किराना दुकानदार, घर–घर किराना पहुंचाने वाले डिलीवरी बॉयज, आवश्यक वस्तुओं के परिवहन में लगे ट्रकों के चालक, परिचालक और मज़दूर, क्वारंटाइन केंद्र में तब्दील होटलों का स्टाफ, अकेले रह रहे वरिष्ठ नागरिकों के यहाँ काम करने वाली घरेलू सहायिकाएं जैसे लाखों और लोग भी काम कर रहे थे। ये सभी असंगठित और गैर सरकारी क्षेत्र के लोग थे मगर कोरोना से लड़ाई में इनका महत्वपूर्ण रोल था। कोरोना के खिलाफ कंधे से कंधा मिला कर लड़ने के बावजूद ये लोग ना तो कोरोना योद्धाओं की गिनती में आये और ना ही किसी चर्चा या तारीफ के हक़दार बने। मुफ्त या प्राथमिकता वाले टीकाकरण के किसी चरण में भी इनका नाम नहीं था। सोचिए क्या भूखे पेट स्वास्थ्य कर्मी, पुलिस कर्मी आदि कोरोना से लड़ पाते?

– **बृजेश माथुर,** बृज विहार, गाज़ियाबाद


### विकास बनाम पर्यावरण

**यह** पत्र – ज़रूरत है पर्यावरण हितैषी विकास की, के संदर्भ मे है। 2013 की केदारनाथ की शोक पूर्ण घटना हम सबके आंखों के सामने आज भी ताज़ा है। और चमोली जिले मे ग्लेशियर टूटने के बाद की घटना ने एक बार फिर हम सबको यह सोचने पर मजबूर कर दिया है की प्रकृति की मार बड़ी भयावह होती है। इस घटना जिसमे 100 से ज़्यादा कन्स्ट्रक्शन वर्कर्स गायब हो गये हैं इससे एक बार फिर यह विषय कि क्या पनबिजली के प्रोजेक्ट ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों मे होने चाहिए क्योंकि एनटीपीसी और ऋषि गंगा प्रोजेक्ट मे भारी नुकसान हुआ है, को हमारे समक्ष रखा है। इसके अलावा हमे मालूम है की चार धाम यात्रा, और भी कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाएं वहां विकसित हो रही हैं और ज़रूरी भी हैं। वहाँ के स्थानीय लोगों के लिए, मगर उनसे होने वाले पर्यावरण को नुकसान को भी बिल्कुल नज़रंदाज़ नही किया जा सकता है। अब ऐसी दुविधापूर्ण स्थिति में सरकार के सामने एक बड़ा सवाल है की कैसे इस पारिस्थितिकी संतुलन को बनाया जाए?

– **बाल गोविंद**, सेक्टर 44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**येदियुरप्पा** जी ने अपना जीवन किसानों के कल्याण एवं गरीबों के सशक्तीकरण में लगा दिया। उनके लंबे एवं स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**कोरोना वायरस** के खिलाफ सम्मिलित प्रयासों व एकजुटता संबंधी सभी बयानों के बावजूद व्यवहार में स्थिति विपरीत नजर आती है।

– **इल्हाम अलियेव**
अजरबैजान के राष्ट्रपति





**सिधाना** को गिरफ्तार न करके व मुख्तार अंसारी को यूपी स्थानांतरित न करके पंजाब के मुख्यमंत्री ने साबित किया है कि गैंग्सटरों के मामले में उनका रवैया चयनात्मक है।

– **विनीत जोशी**
पंजाब भाजपा नेता

# हरियाणा बाल संरक्षण आयोग का हिफाजत अभियान संरक्षण देगा बचपन को

## हिफाजत अभियान में नगराधीश ने शुरूआत की सिग्नेचर कैंपेन की

रणबीर रोहिल्ला। सोनीपत।

**उपायुक्त** श्याम लाल पूनिया के निर्देशन में नगराधीश जितेंद्र जोशी ने बच्चों के प्रति होने वाले अपराधों व अत्याचार पर अंकुश लगाने में सक्रिय सहयोग देने के उद्देश्य से हिफाजत अभियान के अंतर्गत आयोजित सिग्नेचर अभियान का आगाज किया। बाल शोषण को रोकने के लिए आयोजित जागरूकता रैली भी शहर से निकाली गई।



रैली को हरी झंडी दिखाते मुख्य अतिथि के रूप में नगराधीश जितेंद्र जोशी और डीएसपी डा. रविन्द्र कुमार।

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग तथा हरियाणा पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में बाल शोषण को जड़ से खत्म करने के लिए हिफाजत अभियान की शुरूआत की गई। हिफाजत अभियान के तहत सोनीपत में सिग्नेचर कैंपेन प्रारंभ किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगराधीश जितेंद्र जोशी ने सबसे पहले बोर्ड पर सिग्नेचर किए। उनके साथ ही डीएसपी डा. रविंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने सिग्नेचर करते हुए बाल शोषण के विरोध में आवाज बुलंद की।

जागरूकता रैली लघु सचिवालय से शुरू हुई, जो गोहाना रोड से होते हुए छोटूराम चौक से होकर तिरंगा चौक, सेक्टर-23 व महलाना रोड को कवर करते हुए बाल भवन में समापन किया। रैली में बाल देखभाल केंद्रों तथा विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। नगर में बाल शोषण के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए लोगों में जागरूकता की अलख जगाई।

नगराधीश जितेंद्र जोशी ने कहा कि बच्चों को हर प्रकार के शोषण से संरक्षित रखने में हिफाजत अभियान कारगर भूमिका अदा करेगा।

अभियान के तहत अभिभावकों तथा बच्चों और आम जनमानस को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही लोगों से सहयोग की अपील की जा रही है, ताकि बच्चों को यौन शोषण व अन्य प्रकार के शोषण से संरक्षित रखा जा सके। बच्चों को हर स्थान पर पूर्ण सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रभावी प्रयास किये जायेंगे। डीएसपी डा. रविंद्र कुमार ने कहा कि जन-जन को हिफाजत अभियान से जोडने के लिए जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी के तहत सिग्नेचर कैंपेन व रैली का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि बाल्यावस्था में शोषण की घटनाओं पर पूर्ण विराम लगाने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। हिफाजत अभियान इन प्रयासों की ही देन है, निश्चित रूप से जिसके सफल परिणाम मिलेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों का यौन शोषण समाज के माथे पर कलंक के समान है। ऐसी घटनाओं की पूर्ण रोकथाम आवश्यक है।

# विश्वास खो चुके कांग्रेस नेता क्या लाएंगे विश्वासमत: दिग्विजय

### इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला को बताया सेल्फ प्रोक्लेमड नेता

पायनियर समाचार सेवा। सिरसा

**छात्र** संगठन इनसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष व युवा जजपा नेता दिग्विजय सिंह चौटाला ने प्रदेश में कांग्रेस की गुटबाजी पर जमकर प्रहार करते हुए कहा कि जो विपक्षी नेता अपनी पार्टी का विश्वास खो चुके हैं वो हरियाणा विधानसभा में विश्वासमत क्या लाएंगे। वे सोमवार को चौटाला हाउस में मीडिया कर्मियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी दक्षिण के



वायनाड में जाकर भाषण देते हैं वहीं उत्तर में जम्मू में जी-23 तैयार हो रही है जो यह दर्शाता है कि आज कांग्रेस कितनी संगठित है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि वे किसान आंदोलन को मोहरा बनाकर किसानों के कंधे पर ही बंदूक रख रहे हैं। दिग्विजय सिंह चौटाला ने आरोप जड़ा कि पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा हरियाणा सरकार को गिराकर अपनी सरकार बनाना चाहते हैं, इसके लिए वे हर हरबे का इस्तेमाल कर रहे हैं। इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला पर बोलते हुए इनसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला पर तंज कसते हुए कहा कि वे सेल्फ प्रोक्लेमड नेता हैं जो स्वयं ही अपने लिए उपाधियां घोषित कर लेते हैं।

उन्होंने अभय चौटाला के लिए खेलरत्न, जलयुद्ध नायक व किसान केसरी अवार्ड पर सवाल उठाते हुए पूछा कि उन्हें ये उपाधियां किसने दीं। उन्होंने कहा कि इनेलो नेता अभय चौटाला ने चौधरी देवीलाल की विचारधारा से हटकर अपनी अलग राजनीति शुरू की है। उनकी उनकी पार्टी और उनका ग्राफ शून्य है, शून्य था और शून्य ही रहेगा।

किसानों के मुद्दे पर बोलते हुए दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ही केंद्र सरकार के समक्ष किसानों की डिमांड उठाकर उन्हें हल करने का आग्रह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार भी किसानों से संवाद के माध्यम से उनकी समस्याएं हल करने को प्रयासरत है। उन्होंने दोहराया कि संवाद के माध्यम से ही किसानों की समस्याओं का हल निकलना विकल्प है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हरियाणा में स्थिति सामान्य होने पर जजपा संगठन का विस्तार करेगी।

# नये सीजन के रेट बढ़ोत्तरी को लेकर दिया धरना



पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**लाल** झंडा भट्ठा मजदूर यूनियन हरियाणा के बैनर पर जिले के सैकड़ों भट्ठा मजदूरों ने नये सीजन के रेट बढोत्तरी की मांग को लेकर उपायुक्त कार्यालय पर जिला प्रधान भीम सिंह की अध्यक्षता में धरना दिया।

गौरतलब है की यूनियन ने नये सीजन का मांगपत्र दिये हुए दो माह बीत चुके हैं जिन पर आज लेबर आफिसर विश्वप्रीत हुडडा ने तीसरी बार भट्ठा मालिकान एसोसियेशन व लाल झण्डा भट्ठा मजदूर यूनियन हरियाणा को

### भट्ठा मजदूर करेंगे 8 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल

समझौता वार्ता के लिए बुलाया था। समझौता वार्ता में भट्ठा मालिकान एसोसियेशन के सचिव पवन ठेकेदार पहुंचे थे। जिसने लेबर आफिसर से भट्ठा मालिकान से आपसी बातचीत करने के लिए समय मांगा। जिस पर लेबर आफिसर ने अगली समझौता वार्ता के लिए 8 मार्च का समय दिया। लाल झण्डा भट्ठा मजदूर यूनियन ने 8 मार्च से भट्ठों पर अनिश्चितकालिन हडताल का निर्णय लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### सोनीपत को जानो प्रतियोगिता में कशिश ने जीता प्रथम इनाम

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फॉउंडेशन ने ऑनलाइन प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर दिया। संस्था के चैयरमेन वाईके त्यागी तथा प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस 27 मार्च को आयोजित इस ऑनलाइन प्रतियोगिता में 1430 प्रतिभागियों ने भाग लिया। परीक्षा में सोनीपत से संबंधित सवाल ही पूछे गए थे, जिसमें कशिश ने 51 सौ का पहला, जतिन ने दूसरा 31 सौ का तथा गीतांजलि ने तीसरा 21 सौ का इनाम जीता। प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि प्रतियोगिता में जिस तरह सोनीपत जिले के लोगों ने भाग लिया है। उनके उत्साह को देखते हुए सेफ इंडिया फॉउंडेशन आगे भी इस तरह की प्रतियोगिता करवाती रहेगी। प्रतियोगिता के विजेताओं को शीघ्र ही किसी कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सम्मान पत्र भी दिया जाएगा।

### भिवानी महोत्सव के समापन पर विभूतियों को सम्मानित किया



**भिवानी।** सांस्कृतिक सदन में चल रहे त्रिदिवसीय भिवानी स्थापना महोत्सव का सफलता पूर्वक समापन किया गया। समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवरत्न गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश कटारिया, प्राचार्या सुधा चौहान, कर्नल गजराज सिंह एवं पंडित शिवनारायण शास्त्री ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर नगर की 10 सामाजिक विभूतियों को सांस्कृतिक मंच की तरफ से अलंकृत किया गया। मुख्यअतिथि शिवरत्न गुप्ता ने अपने उदबोधन में बताया कि सांस्कृतिक मंच से वे 90 के दशक से जुड़े हुए हैं और संस्था के कार्यक्रम आज की पीढ़ी को संस्कार देने वाले होते हैं। कर्नल गजराज सिंह ने भी भिवानी महोत्सव कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से युवाओं को भिवानी के इतिहास का पता चला है। प्रो. जयपाल शास्त्री ने अपनी संस्कृत कविता भारत माता को समर्पित करते हुए सुनाई व सुधीर मुदगिल ने श्रीराम स्तुति गाकर सभी का मन मोह लिया।

### आरके कॉलोनी में पेयजल समस्या का होगा समाधान: मदान



**सोनीपत।** नगर निगम महापौर निखिल मदान ने मुरथल रोड पर स्थित आरके कॉलोनी का दौरा किया। स्थानीय लोगों की जन समस्याएं सुनी एवं मौके पर उनका समाधान करवाया। मेयर निखिल मदान ने आरके कॉलोनी में लग रहे नए समर्सिबल पंप के कार्य का निरीक्षण भी किया। इस दौरान वहां मौजूद नगर निगम सोनीपत जेई अतुल कुमार ने बताया कि कॉलोनी में पहले लगा हुआ समर्सिबल पंप जलने के कारण सभी कॉलोनीवासी पेयजल के लिए काफी दिनों से परेशान थे। अब कॉलोनी में दूसरे स्थान पर 15 हार्सपावर की नई मोटर के साथ नया समर्सिबल लगाया गया है जो मंगलवार से चालू हो जाएगा। महापौर निखिल मदान ने बताया कि कॉलोनी की सभी समस्याओं को स्थानीय पार्षद के एजेंडे में चिन्हित कर लिया गया है और 4 मार्च को होने वाली हॉउस मीटिंग में इसको रखा जायेगा। उन्होंने बताया कि सीवरेज और स्ट्रीट लाइट की शिकायतों पर संबंधित नगर निगम कर्मचारियों और ठेकेदारों की जिम्मेदारी तय की गयी ह। हॉउस की मीटिंग में सबकी कार्यशैली पर मंथन किया जायेगा। जनता की शिकायतों पर लापरवाही बरतने वालों पर जरूरी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि शहर की अधिकांश कॉलोनियों की सीवरेज समस्या का स्थायी समाधान तभी होगा जब ड्रेन नंबर-6 का कार्य पूरा हो जायेगा। इसलिए वो खुद नियमित तौर पर उसका मुआयना कर् रहे हैं। इस दौरान उनके साथ सुरेंद्र नय्यर, भूपेंद्र,वज़ीर, कृष्ण, जयपाल, ओम प्रकाश, राकेश कोच, जुगल ज्योति, कुलदीप वत्स आदि लोग मौजूद रहे।

### बेटियां होती हैं पिता की संपत्ति में बराबर की हकदार : डीसी



**भिवानी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में जिला में एक से पांच मार्च तक आयोजित अनूठे वुमन वीक का शानदार आगाज आज सोमवार को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अपना अमूल्य योगदान देने वाले गांव रोहनात से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त जयबीर सिंह आर्य ने किया। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत मेरी बेटी-मेरी शान के नारे के साथ की। उपायुक्त ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे संविधान द्वारा दिए गए अधिकार के तहत बेटी को संपत्ति में बेटों के बराबर का हक दें। रोहनात गांव का देश व प्रदेश में एक उदाहरण स्थापित करें। स्कूली व नर्सिंग छात्राओं ने स्किट के माध्यम से बेटियों के साथ होने वाले भेदभाव व शोषण के विरूद्ध अपनी आवाज बुलंद करने को कहा। आर्य ने कहा कि गांव रोहनात की गौरवगाथा प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में विख्यात है। यहां के निवासियों ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में बढ़चढ़ कर भाग लिया और अपनी कुर्बानी दी। उन्होंने कहा कि रोहनात गांव बेटियों को भी संपत्ति में बराबर का दर्जा देने के लिए आगे आकर ब्रांड एंबेसडर बनना होगा। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे बेटियों को शिक्षित करें, शिक्षा को बेटी के लिए दहेज समझें। कन्या भ्रूण हत्या नहीं होने देने की शपथ दिलाई।

## शिक्षाबोर्ड के स्वर्ण जयंती द्वार का निर्माण शुरू

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड में बोर्ड अध्यक्ष प्रो. जगबीर सिंह ने बोर्ड परिसर में भव्य स्वर्ण जयन्ती द्वार के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारम्भ भूमि पूजन विधिविधान से पूजा-अर्चना करके किया गया।

यह द्वार पांच माह की अल्पावधि में तैयार हो जाएगा। ये जानकारी देते हुए बोर्ड अध्यक्ष प्रो. सिंह बताया कि इस स्वर्ण जयंती द्वार का शिलान्यास शिक्षा बोर्ड के स्वर्ण जयंती वर्ष के समापन अवसर पर कंवर पाल शिक्षामंत्री द्वारा वर्ष 2019 में किया गया था। उन्होंने बताया कि नये स्वर्ण जयंती द्वार के निर्माण का कार्य हरियाणा पुलिस हाऊसिंग कॉर्पोरेशन के माध्यम से करवाया जा रहा है। इस द्वार का निर्माण करवाए जाने का मुख्य उद्देश्य बोर्ड में आवागमन को सुगम बनाना है।

# जल्द ही लीज होल्डरों को मिलेगा मालिकाना हक: जैन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**शहर** की विभिन्न कालोनियों में लीज होल्डर को मालिकाना हक मिलने का रास्ता जल्द ही साफ हो जाएगा, सरकार कलेक्टर रेट की बजाय कम दरों पर रजिस्ट्री करवाने के मामले में गंभीरता से विचार कर रही है।

सोमवार को गढ़ी घसीटा की पांचाल धर्मशाला में कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि लंबे अरसे से लीज के प्लाटों पर मकान बनाकर रह रहे लोगों को मालिकाना हक देकर रजिस्ट्री करवाने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार के पहले कार्यकाल में तत्कालीन शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कविता जैन ने ऐसी प्रॉपर्टी पर मकान या दुकान की रजिस्ट्री कलेक्टर रेट पर करवाने का आदेश करवाया था, जबकि अधिकारी मार्केट रेट से कम पर देने के लिए तैयार नहीं थे। राजीव जैन ने कहा कि उन्होंने वर्तमान शहरी स्थानीय निकाय मंत्री अनिल विज को इस मुद्दे पर पत्र लिखा था और फोन पर बात करते हुए भी आमजन की तकलीफ साझा की थी। इस पर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री अनिल विज ने कहा कि जल्द ही इस विषय का प्रस्ताव तैयार करवाकर मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा।

# पहली वैक्सीन लगवाने को जिले सिंह सिंहमार पहुंचे अस्पताल

### वैक्सीन लगवाने के आंकड़ों को देखकर लोगों में जागरूकता देखी जा रही

एजेंसी। सोनीपत

**सिविल** अस्पताल और निजी अस्पताल में कोरोना को हराने के लिए स्वास्थ्य विभाग बुजुर्गों व गंभीर रूप से बीमार लोगों को वैक्सीन लगाने का कार्य किया गया।

जहां सोनीपत में पहले बुजुर्ग के रूप में जिले सिंह सिंहमार ने टीका लगवाया तो वहीं महिलाओं में पहला टीकाकरण समाज सेविका ऊषा भंडारी ने लगवाया।



सिविल अस्पताल में टीका लगवाते जिले सिंह सिंहमार।

सोनीपत के सरकारी हॉस्पिटल और निजी हॉस्पिटल में आज से बुजुर्गों के लिए टीकाकरण अभियान शुरू हो गया। इसी के तहत जहां सरकारी अस्पताल में मुफ्त में वैक्सीन लगेगी तो वहीं निजी हॉस्पिटलों में चार्ज देना होगा।

शहर के सरकारी अस्पताल में पहली वैक्सीन लगवाने के लिए जिले सिंह सिंहमार पहुंचे। उन्हें वैक्सीनेशन करने के बाद किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई और वहीं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री द्वारा ऑनलाइन बुजुर्गों के वैक्सीनेशन को लेकर विमोचन किया। सोनीपत के सिविल अस्पताल में उम्रदराज महिलाओं में काफी जोश और उत्साह देखने को मिला। जिला सिविल सर्जन जेएस पूनिया के कहने पर उन्होंने बढ़चढ़कर हिस्सा लेते हुए वैक्सीनेशन का कार्य करवाया। सिविल सर्जन जेएस पूनिया ने बताया कि 16 जनवरी से कोविड-19 वैक्सीनेशन का कार्यक्रम शुरू किया गया था। हेल्थ वर्कर व अन्य को टीका लग चुका है।

# आयुष्मान भारत योजना में 15 मार्च तक मनेगा विशेष पखवाड़ा

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**आयुष्मान** भारत योजना देश की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना है, जिसका उद्देश्य आयुष्मान कार्ड धारक को प्रतिवर्ष 5 लाख तक की बीमारी का मुफ्त ईलाज मिलता है। इस योजना को गति देने के लिए स्वास्थ्य विभाग 15 मार्च तक विशेष पखवाड़ा बनायेगा।

प्रधानमंत्री द्वारा 23 सितम्बर 2018 को राष्ट्रीय स्तर पर जन आरोग्य आयुष्मान भारत योजना का शुभारंभ किया था। इस योजना के तहत देशभर में सामाजिक एवं आर्थिक आधार पर पिछड़ी जातियों की जनगणना 2011 के आधार पर शामिल किया गया है जिनको स्वास्थ्य विभाग द्वारा गोल्डन कार्ड दिए जा रहे है। इन्ही कार्डो के आधार पर उनको 5 लाख रूपये तक के उपचार का स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। सिविल सर्जन डाक्टर सपना गहलावत ने बताया कि जिला भिवानी में कुल 68543 परिवारों के 414832 लाभार्थी है जो इस योजना का लाभ उठायेगें इसमें से शहरी 22690 परिवार है तथा ग्रामीण 45853 परिवार शामिल है।

सिविल सर्जन ने बताया है कि जिला भिवानी में अभी तक 102411 लाभार्थियों के कार्ड बनाये जा चुके है। उन्होंने बताया कि बचे हुये लाभार्थीयों का गोल्डन कार्ड बनाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है इसके लिए आशा वर्कर व स्वास्थ्य कर्मचारीयों द्वारा भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा लाभार्थी आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठाकार अपना स्वास्थ्य स्वस्थ रखने में सक्षम हो और इस योजना का फायदा उठा सके। वही सिविल सर्जन ने जिलेवासियों से अपील की है कि जिस भी व्यक्ति का नाम इस लिस्ट में शामिल है।

# मीडिया को देनी चाहिए निष्पक्ष पत्रकारिता को प्राथमिकता : डीसी

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी


**भिवानी** के उपायुक्त जयवीर सिंह आर्य ने कहा कि प्रेस लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। मीडिया को निष्पक्ष पत्रकारिता को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रेस आम नागरिकों की समस्याओं को प्रकाशित करके प्रशासन एवं सरकार के लिए दर्पण का काम करती है।

उपायुक्त आर्य तोशाम के पंचायत भवन के सभागार में जर्नलिस्ट क्लब




जिले के उपमंडल तोशाम में हुआ पत्रकारिता पर पहला कार्यक्रम

भिवानी की तोशाम इकाई द्वारा आयोजित वार्षिक एवं अवार्ड समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उपमंडल तोशाम में पत्रकारिता पर यह पहला कार्यक्रम था। उपायुक्त आर्य ने कहा कि लोकतंत्र में प्रेस की अहम भूमिका है। प्रेस ने देश की आजादी से पहले और उसके पश्चात उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। आर्य ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र के नव निर्माण में प्रेस का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के दौरान प्रचार एवं प्रसार के कार्य में प्रेस का सराहनीय योगदान रहा। डीसी ने बताया कि कोविड-19 की वैक्सीन विभिन्न चरणों के माध्यम से लगाई जा रही है।




# दिनदहाड़े सर्राफा बाजार में कुल्हाड़ी से दुकानदार किए घायल

## दहशत के चलते दुकानदारों ने दो घंटे रखा बाजार बंद

### पुरानी रंजिश को लेकर किया हमला, आरोपी दुकानदार पकड़ नहीं जा सका

पायनियर समाचार सेवा। रेवाड़ी

**शहर** के न्यू सर्राफा बाजार में आज सुबह सोमवार को पुरानी रंजिश के चलते हुए खूनी संघर्ष में एक दुकानदार ने अपने परिवार के दो सदस्यों के साथ मिलकर दो सगे दुकानदार भाइयों पर कुल्हाड़ी व डंडों से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दोनों घायल भाइयों को उपचार के लिए शहर के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। इधर दुकानदारों ने इस घटना के विरोध व डर के चलते करीब दो घंटे तक अपने प्रतिष्ठान बंद रखे।



ट्रामा सेंटर में घायलों का हालचाल पूछते पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव।

जानकारी के अनुसार आज सुबह करीब साढ़े नौ बजे न्यू सर्राफा बाजार के एक हलवाई व बिसातखाने की दुकान के मालिकों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जो बाद में खूनी संघर्ष में बदल गई। बताया गया है कि हलवाई ने बाद में अपने परिवार के दो अन्य सदस्यों को भी बुला लिया। इसके बाद सभी ने कुल्हाड़ी व लाठी-डंडों ने बिसातखाने की दुकान के मालिक दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। हलवाई व उसके परिवार के सदस्यों की मार से दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए।

### कप्तान अजय ने की घटना की निंदा, एसपी से की बात

**रेवाड़ी।** पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता कैप्टन अजय सिंह यादव ने सोमवार को न्यू सर्राफा बाजार में हुई घटना की कड़े शब्दों में निंदा की। पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाही की मांग की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से दिन दहाड़े सरेआम बिना डर के दुकानदारों पर कुल्हाड़ी से वार कर उन्हें घायल किया गया है, उससे साफ है कि पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था में कहीं न कहीं कमी है। अपराधियों के हौंसले दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं।

चीन और इंडोनेशिया पर आयात शुल्क दोबारा न लगाने पर

# स्टेनलेस स्टील एमएसएमई क्षेत्र के दिवालिया होने की आशंका : इसडा

पायनियर समाचार सेवा। जगधारी

**भारत** की प्रमुख स्टेनलेस स्टील संस्था इंडियन स्टेनलेस स्टील डेवलपमेंट एसोसिएशन (इसडा) ने केन्द्रीय बजट में स्टेनलेस स्टील के आयात पर लागू व्यापार सुधारक शुल्क के अस्थाई तौर पर वापस लिए जाने पर अपनी चिंता जताई है।

इसडा ने एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग) स्टेनलेस स्टील उत्पादकों का प्रतिनिधित्व करने वाली चार प्रमुख संस्थाओं, मसलन द वजीरपुर इंडस्ट्रियल एस्टेट वेलफेयर सोसाइटी, दिल्ली, राजस्थान स्टेनलेस स्टील री-रोलर्स एसोसिएशन, जोधपुर, राजस्थान, जगधारी स्टेनलेस स्टील री-रोलर एसोसिएशन, हरियाणा; और स्टेनलेस स्टील री-रोलर एसोसिएशन, अहमदाबाद, गुजरात के समर्थन के साथ सरकार से अपील की है कि वह इस पहल पर पुनर्विचार करे क्योंकि इससे चीन और इंडोनेशिया से भारी मात्रा में स्टेनलेस स्टील का आयात होगा। इससे घरेलू बाजार पर बुरा प्रभाव पड़ेगा और कई एमएसएमई उत्पादक दिवालिया होने की कगार पर पहुंच जाएंगे। इसडा के अध्यक्ष केके पाहुजा ने कहा, सरकार ने छह व्यापार सुधारक उपायों को रद्द किया है। जिनमें से तीन स्टेनलेस स्टील से संबंधित है। भारत के कुल इस्पात उद्योग में स्टेनलेस स्टील की हिस्सेदारी केवल तीन फीसद है। इसलिए इस निर्णय ने एमएसएमई क्षेत्र सहित स्टेनलेस स्टील पर असमान रूप से प्रभाव डाला है और बाजार की धारणा में असमंजस पैदा की है। ध्यान देने योग्य है कि घरेलू स्टेनलेस स्टील उद्योग में एमएसएमई क्षेत्र की 35 फीसद हिस्सेदारी है। ये इकाइयां देश-भर में फैली हैं। बर्तन और घरेलू उत्पादों की प्रमुख आपूर्तिकर्ता हैं।

### वर्तमान में केवल 50 फीसद एमएसएमई क्षमता का उपयोग

हालांकि, एमएसएमई क्षेत्र में स्टेनलेस स्टील की स्थापित 15 लाख टन उत्पादन क्षमता का 50 फीसद से भी कम हिस्सा उपयोग हो रहा है। ऐसी स्थिति में यदि बाजार चीन के अनियंत्रित और सस्ते आयातित स्टेनलेस स्टील उत्पादों के से भर जाता है, तो आशंका है कि या तो एमएसएमई उत्पादक दिवालिया हो जाएंगे वर्ना कारोबारी में बदल जाएंगे। साथ ही, सरकार के विकास-जनक बजट से उपजने वाली मांग भी पर भी चीन के भीतर और बाहर स्थापित कंपनियों के सस्ते और डंप किए गए उत्पादों का कब्जा रहेगा। इससे घरेलू उद्योग में संभावित निवेश पर विपरीत असर होगा जो पिछले एक दशक से अधिक समय से वित्तीय दबाव में है।


# हिमाचल की पेपरलैस विधानसभा की कार्यवाही देखेंगे हरियाणा के स्पीकर

## विधायकों और कर्मचारियों संग शिमला पहुंचे ज्ञानचंद गुप्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** विधानसभा को पेपरलैस किए जाने की कार्रवाई शुरू हो चुकी है। जिसके चलते सोमवार को हरियाणा विधानसभा के स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता के नेतृत्व में विधायकों तथा कर्मचारियों व अधिकारियों का एक शिष्टमंडल सोमवार को शिमला पहुंचा। हरियाणा के प्रतिनिधि दो दिन तक हिमाचल विधानसभा की पेपरलैस कार्यप्रणाली को देखेंगे।

देश में हिमाचल विधानसभा ही एकमात्र ऐसी विधानसभा है जो पेपरलैस हो चुकी है। देश के 15 राज्य अपनी विधानसभा को पेपरलैस बनाने की कतार में हैं। इस संबंध में भारत सरकार के संसदीय मामलों बारे मंत्रालय, हरियाणा विधानसभा सचिवालय तथा हरियाणा सरकार के बीच एक एमओयू साइन हुआ है। एक तरफ जहां केंद्रीय संसदीय मंत्रालय ने हरियाणा विधानसभा के कर्मचारियों



व अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए चंडीगढ़ में अगले तीन साल के लिए अपना अस्थाई कार्यालय खोल दिया है वहीं सोमवार से हरियाणा विधानसभा का एक शिष्टमंडल प्रयोगिक रूप से पेपरलैस कार्यप्रणाली को देखने के लिए शिमला स्थित हिमाचल विधानसभा पहुंचा।

विधानसभा स्पीकर के नेतृत्व में गए इस शिष्टमंडल में विधायक अंबाला के विधायक असीम गोयल, पृथ्ला से विधायक नयनपाल रावत, गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला तथा रेवाड़ी से कांग्रेस विधायक चिरंजीव राव के अलावा विधानसभा सचिवालय के कर्मचारी व अधिकारी शामिल हैं। विधानसभा में मीडिया एवं संचार अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि सोमवार व मंगलवार को हिमाचल विधानसभा की पेपरलैस कार्यप्रणाली को देखा जाएगा। जिसके बाद पांच मार्च से शुरू होने वाले हरियाणा विधानसभा के सत्र में पहली बार यह प्रयोग किया जाएगा।

## एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी महाविद्यालय में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान 'एक भारत- श्रेष्ठ भारत' के अंतर्गत किया गया।

इस कार्यक्रम के तहत भारत देश के सभी राज्यों को एक-दूसरे के साथ एक सूत्री कार्यक्रम में जोड़ा गया और इसी श्रृंखला में हरियाणा राज्य को तेलंगाना राज्य के साथ सांस्कृतिक मूल्यों को समझने व जानने के लिए भागीदार राज्य बनाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रामीणों ने जीएम से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

**सिरसा।** कांग्रेस नेता होशियारी लाल शर्मा की अगुवाई में करीब आधा दर्जन गांव के लोगों ने रोडवेज जीएम खूबीराम कौशल से मुलाकात की। इनकी मांग थी कि उनके गांव में बंद पड़ी बस सेवा को फिर से शुरू किया जाए। इस बाबत एक ज्ञापन भी जीएम को सौंपा गया। ज्ञापन में शर्मा व ग्रामीणों ने कहा कि डिंग से वाया गदली, नारायणखेड़ा, कैरांवाली, माखोसरानी से चोपटा रूट पर चलने वाली रोडवेज बस लंबे समय से बंद पड़ी है। बस सर्विस बंद होने से इन गांवों के लोगों को हर रोज दिक्कतों से दो चार होना पड़ रहा है। छात्र छात्राओं को जहां रोज शिक्षण संस्थानों में जाने की परेशानी होती है। गांव के लोगों को शहर आना हो तो निजी साधनों का सहारा लेना पड़ता है। होशियारी लाल शर्मा ने जीएम से कहा कि इस रूट पर बस सेवा शुरू करने से जहां ग्रामीणों को राहत मिलेगी, वहीं रोडवेज के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। जीएम ने आखिरकार ग्रामीणों की मांग को पूरा करते हुए तुरंत प्रभाव से बस सेवा चालू करने के निर्देश जारी कर दिए। इसपर शर्मा व ग्रामीणों ने जीएम का आभार जताया। इस मौके पर शर्मा के साथ विजय शर्मा, सत्यप्रकाश, सरवन कुमार, कृष्ण लाल, विजय सिंह, प्रहलाद सिंह, रोहताश कुमार, राजेन्द्र, कृष्ण कुमार, भाल सिंह, भूप सिंह, योगेश सागवान आदि मौजूद थे।

### छात्र अरबाज ने ओपन रोलर स्केंटिग में जीता गोल्ड मेडल

**सिरसा।** रानियां शहर के सेठ रामजीदास डीएवी पब्लिक स्कूल की कक्षा नौंवी के छात्र अरबाज गिल ने ओपर रोजर स्कैंटिग स्टेट चैम्प्रियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय के साथ-साथ रानियां क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल के प्रिंसीपल राजवीर सिंह कंग ने बताया कि यह स्टेट चैंम्पियनशिप यमुनानगर में आयोजित की गई थी। जिसमें सिरसा की जूनियर ब्यॉयज इनलाइन स्कैंटिग स्टेट हाकी की टीम ने गोलकीपर के रूप में खेलते हुए विपक्षी टीमों को हराकर सिरसा जिला की टीम फाइनल में पहुंची। फाइनल मैच जिला पंचकूला की टीम के साथ हुआ। जिसमें सिरसा जिला की टीम ने पंचकूला की टीम को एक तरफ मुकाबले में 5-0 से हराकर गोल्ड मैडल पर कब्जा किया। इस प्रतियोगिता में पूरे हरियाणा प्रांत को टीमें खेलती है। स्कूल के प्रिंसीपल राजवीर सिंह कंग एवं विद्यालय प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन विद्याभूषण चुघ ने इस उपलब्धि पर अरबाज गिल को हार्दिक बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय कोच सुखमीत सिंह की कड़ी मेहनत व अरबाज की लगन एवं जुनून के कारण ही यह सफलता मिली है। विद्यालय का समस्त अध्यापकगण के साथ-साथ सभी विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है।

### महिला ने जहरीला पदार्थ निगला, मौत

**सिरसा।** जिला के गांव मल्लेवाला में मानसिक परेशानी के चलते एक युवती ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार गांव मल्लेवाला निवासी युवती मीना रानी पिछले कई दिनों से मानसिक रूप से परेशान थी। इसी परेशानी के चलते उसने बीती 27 फरवरी को उसने घर में रखे किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने आनन-फानन में उसे अस्पताल में पहुंचाया, जहां कुछ देर बाद उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सुबह परिजनों के बयानों के आधार पर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

### मनुष्य श्रीमद् भागवत को अपने जीवन का आदर्श मानें : शास्त्री



**कुरुक्षेत्र।** गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का आयोजन पटेल नगर ट्यूबवेल पालिका पार्क में किया गया। समिति के संस्थापक अध्यक्ष व प्रसिद्ध कथा वाचक भागवत प्रवक्ता अनिल कुमार शास्त्री वेदाचार्य ने उपस्थित श्रोताओं को प्रवचन में बताया कि जिस निवास स्थान पर भागवत जी निवास करते हैं। उस स्थान पर नदी, सरोवर, सभी तीर्थ, सभी पूरियां, चारों धाम, समस्त देवी देवता निवास करते हैं। अत: मनुष्य को भागवत जी के दर्शन करने के लिए तथा पूजन करने के लिए भागवत पंडाल में अवश्य जाना चाहिए। भागवतजी के कथा सत्संग से सभी प्रकार के मंगल कार्यों में सिद्धि प्राप्ति होती है। इतना ही नहीं श्रीमद्भागवत महापुराण आयु आरोग्य पुष्टि एवं आनंद प्रदान करने वाला है। इस मौके पर श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य यजमान रोहताश शर्मा, ललित शर्मा, अमित शर्मा, मीरा शर्मा, वीना शर्मा, चंद्रकांता शर्मा, देव शर्मा, रिया शर्मा, जागृति शर्मा ने भागवत पूजन किया तथा व्यास का पूजन अर्चन किया। इस अवसर पर सुभाष बठला, डॉ ममता सूद, विनोद सूद, ललित शर्मा, अमित शर्मा, नीरू गोयल, आरती मेहता, भावना गांधी, सीमा अरोड़ा, रजनी अरोड़ा, आदि उपस्थित रहे।

## हरियाणा में मास्क नहीं पहनने पर फिर से होंगे चालान

# बिना मास्क वालों को जुर्माने की रसीद और मिलेंगे पांच मास्क

### सीएम मनोहर लाल ने टास्क फोर्स की बैठक में लिया निर्णय



**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क न लगाने वालों को कम से कम पांच मास्क प्रदान करने और उनसे जुर्माना वसूलने का अभियान चलाएं।

सोमवार को चंडीगढ़ में टास्क फोर्स की बैठक को संबोधित करते हुए मनोहर लाल ने कोविड एप्रोप्रियेट व्यवहार का अनुपालन सुनिश्चित करने और कोरोना वायरस का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए सक्रिय रणनीति बनाने के भी निर्देश दिए। मनोहर लाल ने प्रदेश के लोगों से मास्क पहनने की अपील करते हुए कहा कि हालांकि कोरोना वैक्सीन रोल आउट का अभियान चल रहा है, लेकिन हमें मास्क पहनने और सोशल डिस्टेंसिंग के सभी दिशा-निर्देशों का पालन करते रहना चाहिए ताकि सभी सुरक्षित रहें और इस वायरस के प्रसार को रोकने में कामयाब हो सकें।

मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक सचिवों के साथ बैठक में प्रबंधन की तैयारियों में तेजी लाने, टेस्टिंग सुविधा बढ़ाने, कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग, क्लिनिकल मैनेजमेंट पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ जन-जागरूकता गतिविधियों को बढ़ाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कोविड-19 दिशा-निर्देशों जैसे मास्क पहनना, हाथों की सफाई और सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने के बारे में व्यापक प्रचार सामग्री के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाए जाएं। इसके अलावा, उद्योगों में मौके पर जाकर जांच करने और सार्वजनिक स्थानों जैसे शॉपिंग मॉल, बस स्टैंड, स्कूलों, कॉलेजों आदि में कोविड सावधानियों और दिशानिर्देशों को नियमित रूप से लागू करने और इसकी मॉनिटरिंग की जाए। इन स्थानों पर मास्क वितरण के साथ-साथ सफाई व्यवस्था को भी मजबूत किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि टीकाकरण अभियान को तेज करने के साथ-साथ पंचायती राज संस्थानों, स्थानीय निकायों और पुलिस विभाग के माध्यम से कोविड दिशा-निर्देशों को पुन: सख्ती से लागू किया जाना चाहिए।

बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजीव अरोड़ा ने बताया कि हरियाणा में रोजाना औसतन 15,000 से 18,000 कोविड टेस्ट किए जा रहे हैं। साप्ताहिक आधार पर टेस्ट पॉजिटिविटी दर एक प्रतिशत से कम है। वर्तमान में, हरियाणा में कोविड के 1205 सक्रिय मामले हैं। एंटीजन की तुलना में आरटीपीसीआर टेस्ट अधिक किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि पहले चरण में 16 जनवरी से हेल्थ केयर वर्कर्स और 4 फरवरी से फ्रंटलाइन वर्कर्स के लिए वैक्सीनेशन अभियान शुरू किया गया था। 1.5 लाख से अधिक हेल्थ केयर वर्कर्स को पहली खुराक दी जा चुकी है और 71,000 से अधिक को अब तक दूसरी खुराक दी जा चुकी है। लगभग 1.30 लाख पंजीकृत फ्रंट लाइन वर्कर्स में से 71,000 एफएलडब्ल्यू को पहली खुराक दी जा चुकी है। अब तक कुल 2.2 लाख हेल्थ केयर और फ्रंटलाइन वर्कर्स को पहली खुराक दी जा चुकी है। कुल मिलाकर 2.93 लाख से अधिक पहली और दूसरी खुराक दी जा चुकी है।

## कार्यस्थल पर महिलाएं उत्पीड़न को न करें नजरअंदाज: उपायुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** सिरसा



### कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न विषय पर सेमिनार आयोजित

उपायुक्त प्रदीप कुमार ने कहा कि महिलाएं अपने साथ होने वाले किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या शोषण को नजरअंदाज न करें बल्कि संबंधित का डटकर मुकाबला करते हुए शिकायत दर्ज करवाएं। उनका यह हौसला व हिम्मत न केवल समाज में सकारात्मक संदेश देगा बल्कि असामाजिक तत्वों को सबक भी मिलेगा। इसलिए उत्पीड़न होने की स्थिति में कार्यस्थल पर गठित कमेटी के समक्ष संबंधित महिला को अपनी शिकायत प्रस्तुत करनी चाहिए।

उपायुक्त सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न विषय पर आयोजित सेमिनार में बतौर मुख्यअतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग डा. दर्शना सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी संत कुमार, जिला बाल कल्याण अधिकारी पूनम नागपाल, प्रोबेशन अधिकारी डा. मोनिका चौधरी, एसए सरोज व दिव्या सहित सभी सीडीपीओ, आईसीसी और एलसीसी के सदस्य मौजूद थे। सीएमजीजीए सुकन्या जनार्दनन व डीएलएसए से एडवोकेट चंद्ररेखा ने सेमिनार में महिलाओं के साथ यौन उत्पीडन् (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 के बारे में उपस्थितजनों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी डा. दर्शना सिंह ने कहा कि किसी भी महिला कर्मचारी जिसके साथ यौन उत्पीड़न हुआ है, वे तीन माह के अंदर-अंदर अपनी शिकायत दर्ज कर सकती है, ऐसे मामलों में महिला कर्मचारी को तीन माह की एक्सटेंशन भी दी जा सकती है। आईसीसी कमेटी द्वारा शिकायत की जांच तीन माह की समयावधि में करके मामले का निपटान करवाना होता है।

उन्होंने बताया कि आईसीसी कमेटी की जांच से अगर शिकायतकर्ता या आरोपी व्यक्ति संतुष्ट नहीं है तो वे 90 दिनों में माननीय न्यायालय अथवा ट्रिब्यूनल में अपील कर सकता है। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर उत्पीडन् कई प्रकार से हो सकता है जैसे महिला कर्मचारी से अभद्र व्यवहार जिससे महिला असहज महसूस करे।

## अभय को इस्तीफा के बजाय सरकार के खिलाफ करना चाहिए था मतदान : जयप्रकाश

**सिरसा।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री व कांग्रेसी नेता जयप्रकाश ने कृषि कानूनों के विरोध में बोलते हुए कहा कि जब ये आर्डिनेंस के रूप में सेंटर कैबिनेट में पास किए गए थे, उसी दिन से ही पंजाब से इनका विरोध होना शुरू हो गया था। अब यह किसान आंदोलन न रहकर पूरे देश का जन आंदोलन बन गया है। वे एसएस जैन सभा में विराजमान जैन संत युवा प्रज्ञ सुव्रत मुनि से आर्शीवाद लेने के लिए अपने परम मित्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जसवंत कस्वां व जंगजीत खांडा के पहुंचे थे। उनका जैनसभा में पधारने को लेकर जैन सभा की प्रबंधक कमेटी ने उनका स्वागत किया।

इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेसी नेता जयप्रकाश ने कहा कि कोरोना काल में जब सब कुछ थम गया था और देश की अर्थव्यवस्था गड़बड़ा गई थी तो किसानों व खेती ने ही देश को संभाला था। आज उसी किसान को बर्बाद करने पर तुली हुई है। जब पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेन्द्र सिंह देश के प्रधानमंत्री व गृहमंत्री से मिलकर किसानों की बात पर गौर करने की बात करते हैं, वहीं हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कभी किसानों की मांग देश के प्रधानमंत्री व गृहमंत्री के समक्ष कभी नहीं रखी है। हरियाणा सरकार कुंभकर्णी नींद सोई हुई है। यह हरियाणा प्रदेश का दुर्भाग्य है। वहीं उन्होंने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला पर चुटकी लेते हुए कहा कि दुष्यंत चौटाला चौ.देवीलाल की नीतियों का हवाला देते है और कहते है वे चौ.देवीलाल की नीतियों पर चलते है।

## हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा का चुनाव 28 को

कुरुक्षेत्र। हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा की एक बैठक सिरसला रोड पर प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार रंबा की अध्यक्षता में हुई। इसका संचालन महासचिव रोशन लाल धीमान ने किया। बैठक का एजेंडा 28 मार्च 2021 को हरियाणा पिछड़ा वर्ग के प्रधान व कार्यकारिणी का था। जो विस्तार से बताया गया। रामकुमार रंबा ने बताया कि चुनाव 28 मार्च को सुबह 10 बजे रामगढिया सभा कीर्ति नगर कुरुक्षेत्र में होगा। रामगढिया सभा धर्मशाला के प्रधान सरदार भूपेंद्र इ्क्सह रामगढ़िया का कार्यकारिणी पूर्ण सहयोग देंगे और चुनाव शांतिपूर्ण ढंग व सबकी सहमति से करवाया जाएगा। इस बैठक में संरक्षक हाकम सिंह, बलवंत सिंह रामगढिया, बीरभान प्रजापति, हरनेक सिंह सैनी, राम स्वरुप जांगड़ा, रामकुमार वकील, बलबीर सिंह रोहिला, कुलवंत सिंह रामगढिया, सलाहाकार प्रेम नागवान, जोधा सिंह, गंगा राम आदि मौजूद रहे।

## ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार की हुई मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** सिरसा


**डबवाली** में सिरसा रोड पर स्थित सेमनाला पुल के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से उसे अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां कुछ देर बाद उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुलिस को दिए बयानों में गांव खुइयांनेपालपुर निवासी गुरप्रीत सिंह ने बताया कि वह और उसका बड़ा भाई गुरदेव सिंह अंडों की रेहड़ी लगाते हैं। उसने बताया कि गुरदेव सिंह मलोट रोड देवीलाल पार्क के पास रेहड़ी लगाता है, जबकि वह सेमनाला पुल सिरसा रोड के पास रेहड़ी लगाता है। रोजाना शाम को दोनों भाई काम खत्म कर एक ही बाइक पर घर लौटते थे। बीती 27 फरवरी की रात को उसका भाई अपना काम खत्म कर मेरे पास आ रहा था।

सेमनाला पुल के निकट पीछे से एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने उसके भाई के बाइक को देखते ही देखते टक्कर मार दी, जिससे उसका भाई बाइक सहित रोड पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। उसने वाहन का प्रबंध कर उसे अस्पताल में पहुंचाया, जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। ट्रक चालक मौके से भाग गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में पहुंचाया।

## कोरोना टीकाकरण के तीसरे चरण के पहले दिन लगे 97 को टीके : डॉ.ममगाई

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



**लोकनायक** जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल में कोरोना टीकाकरण अभियान के तीसरे चरण की सोमवार को शुरुआत की गई। जिसमें 97 लाभार्थियों को इससे बचाव का टीका लगाया गया। ये जानकारी लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक, हृदय एवं छाती रोग विशेषज्ञ एवं कोरोना टीकाकरण कार्यक्रम-थानेसर ब्लॉक के प्रभारी डॉ. शैलेंद्र ममगाईं शैली ने आज इस पहले दिन के अभियान की समाप्ति पर दी।

इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. गुरप्रीत सिंह, डॉ.सुगंधा, नर्सिंग अधिकारी गुरमीत कौर, फार्मेसी अधिकारी स्नेह ठुकराल, रुचि शर्मा, संजीव सैनी, राजवीर, स्टाफ नर्स बबीता, डाटा एंट्री ऑपरेटर सीमा अरोड़ा और पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाज सेवी रघुवीर तेजपाल, लिपिक अतुल शर्मा, लेखाकार विकास मलिक, लेखाकार धीरज प्रजापत,कार्यालय सहायक चंद्रमोहन, वीरेंद्र,सुनील शर्मा और रेखा शर्मा मौजूद थे। आज सोमवार को जिन प्रमुख लाभार्थियों को कोरोना से बचाव का टीका लगाया गया। उनमें धर्मजीवी शिक्षण संस्थान के निदेशक विजय सभ्रवाल, शशि सभ्रवाल, डॉ. अभिषेक, डॉ.सोनल सिंगला, हर्ष अस्पताल के निदेशक डॉ. कमल सिंगला, एवं डॉ.रजनी सिंगला शामिल हैं। इस अवसर पर डॉ. ममगाईं ने बताया कि कोरोना वैक्सीनेशन के तीसरे चरण के लिए कुछ नियमों को बदला गया है। इस बार लाभार्थी कोविन 2.0 ऐप से खुद भी पंजीकरण करा सकेंगे।

फोटो एम कन्टेन्ट: श्रीनाथ दीक्षित




हुनर हाट मेले में अपने बेहतरीन इत्र की मनमोहक सुगंध से बिखेरते पुरानी दिल्ली के जाने-माने इत्र निर्माता हाफिज मो. साबरीन।

# मंत्री ने मानी कई मांगें, दिए अधिकारियों को आदेश

## बिजली मंत्री से मिला सर्व कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल

**पायनियर समाचार सेवा।** सिरसा

**डीसी** रेट अनुभव के आधार पर लागू करवाने व कर्मचारियों की अन्य महत्वपूर्ण मांगों को लेकर सर्व कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल बीती सायं को बिजली मंत्री रणजीत सिंह से मिला। प्रतिनिधिमंडल में सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव राजेश भाकर, मुख्य सलाहकार महेन्द्र शर्मा, सर्व कर्मचारी संघ के राज्य उप प्रधान महेन्द्र बैनिवाल, फायर के जिला प्रधान राजेश खिचड़ व महासचिव सुखदेव सिंह शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की समस्याओं को उनके समक्ष रखा।



सिरसा में मंत्री रणजीत सिंह से मुलाकात करता प्रतिनिधिमंडल-

इस दौरान मंत्री ने कई मांगों पर सहमति जताई और अधिकारियों को इस पर त्वरित कार्रवाई के आदेश दिए। सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव राजेश भाकर ने बताया कि बिजली मंत्री के साथ बातचीत सार्थक रही और डीसी रेट अनुभव के आधार पर लागू करवाने और डीसी रेट में कम से कम 15 प्रतिशत से अधिक बढ़ोतरी सहित कई मांगों पर सहमती बनी। बातचीत के दौरान बिजली मंत्री ने उपायुक्त सिरसा को पत्र मार्क कर डीसी रेट अनुभव के आधार पर लागू करवाने के लिए लिखा और कठोरता से समय रहते लागू करने के आदेश दिए। इसके साथ-साथ बिजली विभाग में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों, जोकि पार्ट 1 के तहत लगे हैं, उन कर्मचारियों को 10 मैडिकल और 10 कैजुअल अवकाश के लिए मंत्री को अवगत करवाया गया, जिसपर मंत्री ने एसीएस पावर बिजली विभाग को पत्र मार्क कर जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया। दूर-दराज से स्थानांतरण के मुद्दे को भी हल करने का मंत्री ने आश्वासन दिया। भाकर ने कहा कि सर्व कर्मचारी संघ काफी समय से अनुभव आधार पर डीसी रेट लागू करवाने को लेकर संघर्ष कर रहा है। क्योंकि प्रदेश के कई जिलों में यह लागू हो चुका है, जिससे हजारों कर्मचारी लाभांवित हो रहे हैं। सिरसा में भी अगर यह लागू होता है तो हजारों कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा और वे अपने परिवार का गुजर बसर बेहतर तरीके से कर पाएंगे।

## व्यक्ति ने फंदा लगाकर दी जान

**सिरसा।** जिला के गांव तलवाड़ा खुर्द में मानसिक परेशानी के चलते एक व्यक्ति ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से पूछताछ के बाद शव को उतरवाकर अस्पताल में पहुंचाया।


गांव तलवाड़ा खुर्द निवासी करीब 40 वर्षीय सुखदेव सिंह, जोकि कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान था। इसी परेशानी के चलते उसने बीते दिवस अपने ही घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद परिजनों को इस बारे पता चला। परिजनों ने तुरंत पुलिस को इस बारे सूचित किया। शव को उतरवाकर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया। परिजनों के बयानों के आधार पर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

## पोस्ट ग्रेजुएशन के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं ऑनलाइन मोड से करवाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** थानेसर

**भगवान** परशुराम स्टूडेंट्स एंड यूथ ऑर्गेनाइजेशन व एचवाईएस ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि पोस्ट ग्रेजुएशन के प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों की परीक्षाएं ऑनलाइन मोड़ में ही ली जाएं।

बीपीएसओ के प्रदेशाध्यक्ष देवदत्त चोचडा ने बताया कि बहुत से विद्यार्थियों पर ऑफलाइन क्लास लगाने के लिए कुछ अध्यापकों द्वारा दबाव बनाया जा रहा है, जबकि विश्वविद्यालय की गाइडलाइन में ऐसा कुछ भी नहीं है। छात्र नेता राजेंद्र कौशिक ने कहा कि कोरोना वायरस दोबारा से खतरनाक रूप धारण कर चुका है, इन परिस्थितियों में ऑफलाइन परीक्षा करवाना विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को खतरे मे डाल सकता है। इस मौके पर वरिष्ठ छात्र नेता गौरव लाडवा उर्फ गोलू, प्रीत क्लेर, अजय घराडसी, प्रिंस त्यागी, विशाल आदि उपस्थित रहे।



मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते बीपीएसओ व एचवाईएस के सदस्य।

# भाजपा को सत्ता से बाहर रखकर भारत को राह दिखाए तमिलनाडु : राहुल गांधी

एजेंसी। नागरकोइल (तमिलनाडु)

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि तमिलनाडु को भाषा एवं संस्कृति विरोधी ताकतों और एक संस्कृति, एक राष्ट्र और एक इतिहास की अवधारणा पेश करने वालों को दूर रखने में भारत को राह दिखानी चाहिए। राहुल गांधी ने राज्य के तीन दिवसीय दौरे में यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इतिहास ने दिखा दिया है कि तमिलनाडु में तमिल लोगों के अलावा कोई और सत्ता में नहीं आ सकता। 234 विधानसभा सीटों वाले तमिलनाडु में छह अप्रैल को चुनाव होने हैं। कांग्रेस द्रमुक नीत गठबंधन के साथ चुनाव लड़ रही है। गांधी ने यहां लोगों की भारी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा, ये चुनाव



भी यही चीज दिखाएंगे कि केवल वही व्यक्ति तमिलनाडु का मुख्यमंत्री बन सकता है, तो तमिल लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगे झुकने वाले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री (के पलानीस्वामी) ऐसा कभी नहीं कर पाएंगे। मुख्यमंत्री को राज्य के लोगों के आगे झुकना चाहिए। गांधी ने कहा कि आरएसएस और मोदी तमिल भाषा और संस्कृति का

### आरएसएस और मोदी तमिल भाषा और संस्कृति का अपमान करते हैं

अपमान करते हैं और लोगों को उन्हें यहां अपने पैर जमाने नहीं देने चाहिए। उन्होंने कहा, मोदी एक संस्कृति, एक राष्ट्र, एक इतिहास और एक नेता की बात करते हैं। गांधी ने कहा, क्या तमिल भारतीय भाषा नहीं है? क्या बांग्ला भारतीय भाषा नहीं है? क्या तमिल संस्कृति भारतीय संस्कृति नहीं है? इस चुनाव में यही लड़ाई लड़ी जा रही है। गांधी ने कन्याकुमारी में दिवंगत कांग्रेस नेता एच वसंत कुमार के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## प्रियंका गांधी ने कामाख्या देवी मंदिर में पूजा कर असम दौरे की शुरुआत की

**गुवाहाटी।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने गुवाहाटी के कामाख्या देवी के मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ ही सोमवार को असम के दो दिवसीय दौरे की शुरुआत की।असम में 126 सदस्यीय विधानसभा के लिए 27 मार्च, एक अप्रैल और छह अप्रैल को तीन चरणों में मतदान होगा। प्रिंयका सबसे पहले जलुकबारी इलाके में रुकीं, जहां कांग्रेस समर्थकों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वह नीलाचल हिल्स स्थित शक्ति पीठ के लिए रवाना हो गईं। प्रियंका यहां लाल पोशाक में नजर आईं। यह रंग शक्ति का प्रतीक भी माना जाता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि वह काफी समय से मंदिर आना चाहती थीं और उनकी यह इच्छा पूरी हो गई। उन्होंने पत्रकारों से कहा, मैंने अपने, अपने परिवार और सबसे अधिक असम के लोगों लिए दुआएं मांगी। राज्य में आगामी चुनाव के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि राजनीति के बारे में बाद



में बात करेंगे। उन्होंने कहा, मैं भगवान का शुक्रिया अदा करने और उनका आशीर्वाद लेने मंदिर आई हूं, जिन्होंने मुझे बहुत कुछ दिया है। इससे पहले प्रियंका ने अपने फेसबुक पेज पर असम में अपने दो दिवसीय दौरे की शुरुआत कामाख्या मंदिर में दर्शन के साथ करने की जानकारी दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर में करीब एक साल बाद स्कूल खुले

**श्रीनगर।** कश्मीर में कोरोना वायरस महामारी की वजह से करीब एक साल से बंद स्कूल सोमवार को दोबारा खुल गए। उल्लेखनीय है कि पिछले साल नौ मार्च को आखिरी बार नौवीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थी स्कूल गए थे। प्रशासन ने हालांकि, उन्हीं विद्यार्थियों को स्कूल आने की अनुमति दी है जिनके माता-पिता ने लिखित में इसकी मंजूरी दी है। अधिकतर निजी स्कूल अभिभावकों से अनापत्ति प्रमाण पत्र ले रहे हैं ताकि प्रबंधन पर स्वास्थ्य संबंधी समस्या उत्पन्न होने पर आरोप नहीं लगे। पहले दिन कई स्कूलों ने विद्यार्थियों को स्वस्थ होने का चिकित्सा प्रमाण पत्र लेकर आने को कहा है। सरकारी आदेश के मुताबिक छठी से आठवीं तक की कक्षाएं आठ मार्च से खुलेंगी जबकि बाकी कक्षाएं 18 मार्च से खुलेंगी।

### भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर स्टालिन ने शाह पर किया पलटवार

**चेन्नई।** द्रमुक नेता एमके स्टालिन ने उनकी पार्टी पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर सोमवार को पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा तमिलनाडु में सत्तारूढ़ अन्नाद्रमुक का समर्थन करके भ्रष्टाचार के साथ खड़ी है। शाह ने भ्रष्टाचार के मामलों पर बोलने को लेकर स्टालिन पर कटाक्ष करते हुए रविवार को विल्लुपुरम में एक रैली में उनसे कहा था कि वह अपने भीतर झांककर देखें। उन्होंने स्टालिन से कहा था कि, 2टू (स्पेक्ट्रम आवंटन) घोटाला किसने किया, जिसमें सांसद कनिमोई और ए राजा आरोपी हैं। उन्होंने कहा था कि जब कांग्रेस ने 12 लाख करोड़ रुपये का घोटाला किया उस समय द्रमुक उस सरकार का हिस्सा थी। स्टालिन ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसी प्रकार की बात कही थी और अब अमित शाह ने यह कहा है और कल केंद्र में भाजपा के सभी नेता यही बात कहेंगे। उन्होंने कहा, वे भ्रष्टाचार, कमीशन लेने और उगाही करने वाले ओपीएस (उपमुख्यमंत्री ओ पनीरसेल्वम) और ईपीएस (मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी) का हाथ पकड़ते हैं। यह दर्शाता है कि वे भ्रष्टाचार के साथ खड़े हैं। उन्होंने पिछले महीने एक सरकारी कार्यक्रम में मोदी द्वारा पनीरसेल्वम और पलानीस्वामी का हाथ पकड़ने का स्पष्ट रूप से जिक्र करते हुए यह बात की।


### विधानसभा चुनाव : कांग्रेस ने 28 पर्यवेक्षक नियुक्त किए

**कोलकाता।** अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) ने चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल के लिए 28 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने सोमवार को इस बारे में बताया। गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों के कांग्रेस नेताओं को 294 सदस्ईय पश्चिम बंगाल विधानसभा के आठ चरणों में होने वाले चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि एआईसीसी ने कोलकाता के उत्तरी, दक्षिण, मध्य और बड़ा बाजार के लिए चार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है जबकि उत्तरी 24 परगना और दक्षिण 24 परगना जिलों के लिए दो-दो पर्यवेक्षक बनाए गए हैं। कांग्रेस नेता ने बताया कि बाकी सभी जिलों के लिए एक-एक पर्यवेक्षक होंगे। राज्य में 27 मार्च से 29 अप्रैल के बीच विधानसभा चुनाव आठ चरणों में होंगे।

### मोदी ने नीतीश को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और कहा कि उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार राज्य के विकास के लिए कई कदम उठा रही है। मोदी ने ट्वीट कर कहा, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं। उनके नेतृत्व में राजग सरकार राज्य के विकास के लिए कई कदम उठा रही है। मैं उनके स्वस्थ और दीर्घायु होने की कामना करता हूं। नीतीश कुमार का जन्म 1 मार्च 1951 को बिहार के बख्तियारपुर में हुआ था। वह बिहार में जनता दल (यू), भाजपा, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के गठबंधन का नेतृत्व कर रहे हैं।

### अशोक लेलैंड की बिक्री 19 प्रतिशत बढ़कर 13,703 इकाई रही



**नई दिल्ली।** हिन्दुजा समूह की अग्रणी कंपनी अशोक लेलैंड ने सोमवार को कहा कि फरवरी माह में उसकी बिक्री 19 प्रतिशत बढ़कर 13,703 इकाई रही है। कंपनी ने नियामकीय सूचना में यह जानकारी दी है। उसने कहा कि एक साल पहले इसी माह के दौरान उसकी बिक्री 11,475 इकाई रही। इस दौरान कंपनी की कुल घरेलू बिक्री 12,776 इकाई रही जबकि पिछले साल यह बिक्री 10,612 वाहनों की रही थी। यह वृद्धि 20 प्रतिशत रही। कंपनी ने कहा है कि मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री घरेलू बाजार में पांच प्रतिशत बढ़कर 7,114 वाहन रही जबकि एक साल पहले यह बिक्री 6,745 इकाई की रही थी। घरेलू बाजार में फरवरी माह के दौरान हल्के वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 5,662 इकाई रही है जबकि फरवरी 2020 में यह बिक्री 3,867 वाहनों की रही। यह वृद्धि 46 प्रतिशत की रही।

सार्वजनिक- निजी भागीदारी के जरिए

# खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में क्रांति लाने की जरूरत : मोदी

### छोटे और सीमांत किसान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे

एजेंसी। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि देश में सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के जरिए खाद्य प्रसंसकरण क्षेत्र में क्रांति लाने की जरूरत है।

प्रधानमंत्री ने कृषि क्षेत्र के लिए बजट में किए गए प्रावधानों पर वेबिनार को संबोधित करते हुए विभिन्न पहलों के बारे में बताया। बजट में अगले वित्त वर्ष के लिए कृषि क्षेत्र के लिए कर्ज का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष के 15 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 16.5 लाख करोड़ रुपये रखा गया है। मोदी ने बजट प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि देश के 12 करोड़ छोटे और सीमांत किसानों के फायदे के लिए सरकार ने कई फैसले लिए हैं। उन्होंने कहा कि ये छोटे और सीमांत किसान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। देश के खाद्यान्न उत्पाद में लगातार वृद्धि का क्रम जारी है इसे देखते हुए प्रधानमंत्री ने फसल कटाई के बाद फसलों की साज संभाल, खाद्य प्रसंस्करण और मूल्य वर्धन क्षेत्र में क्रांति लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा यह बेहतर होता कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में दो- तीन दशक पहले ही ध्यान दिया गया होता। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को तेजी से विकसित किए जाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुख्य तौर पर सार्वजनिक क्षेत्र ही कृषि क्षेत्र में शोध एवं विकास कार्यों में योगदान करता रहा है लेकिन अब समय आ गया है कि इसमें निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़नी चाहिए। उन्होंने किसानों को खेती में दूसरे विकल्प दिए जाने पर भी जोर दिया ताकि किसान केवल धान और गेहूं की खेती तक ही सीमित नहीं रहें। उन्होंने कहा कि देश के कृषि क्षेत्र को वैश्विक खाद्य प्रसंसकरण बाजार तक विस्तार देने की जरूरत है। उन्होंने गांवों के आसपास ही कृषि - आधारित उद्योगों को बढ़ाने पर जोर दिया ताकि ग्रामीण जनता को इनमें रोजगार उपलब्ध हो सके। प्रधानमंत्री ने कृषि स्टार्टअप को भी प्रोत्साहन दिए जाने की आवश्यकता जताई, कहा कि कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। मोदी ने ग्रामीण स्तर पर मिट्टी परीक्षण का नेटवर्क स्थापित करने की भी जरूरत बताई और साथ ही प्रौद्योगिकी तक किसानों की पहुंच पर भी जोर दिया।

### प्रधानमंत्री के टीका लगवाने से लोगों में भरोसा बढ़ेगा हिचक टूटेगी : गुलेरिया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के प्रमुख डॉ. रणदीप गुलेरिया ने सोमवार को कहा कि वरिष्ठ नागरिकों और अन्य बीमारियों से ग्रस्त 45 साल से ज्यादा उम्र के लोगों के लिए टीकाकरण अभियान शुरू होने के पहले ही दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीके की पहली खुराक लेने से लोगों के मन में टीके के प्रति किसी भी तरह की हिचक दूर हो जानी चाहिए। गुलेरिया ने कहा, क्योंकि सोमवार (कामकाजी) का दिन था इसलिए उन्होंने सुबह जल्दी टीका लगवाने का फैसला किया।

## मोदी ने एम्स में लगवाया कोविड-19 रोधी टीका




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कोविड-19 टीके की पहली खुराक ली और उन सभी लोगों से टीका लगवाने की अपील की, जो दूसरे चरण के टीकाकरण अभियान के तहत इसकी पात्रता रखते हैं।

सूत्रों के मुताबिक, पुदुचेरी की रहने वाली नर्स पी निवेदा ने मोदी को भारत बायोटेक के कोवैक्सीन टीके की पहली खुराक लगाई। मोदी ने ट्वीट किया, मैंने एम्स में कोविड-19 टीके की पहली खुराक ली। कोविड-19 के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में हमारे डॉक्टरों और वैज्ञानिकों ने बहुत कम समय में असाधारण काम किया है। उन्होंने कहा, मैं उन सभी लोगों से कोरोना वायरस का टीका लगवाने की अपील करता हूं, जो इसके पात्र हैं। आइए, हम सब मिलकर भारत को कोविड-19 से मुक्त बनाएं।

प्रधानमंत्री ने ट्वीट के साथ ही टीका लगवाते हुए अपनी एक तस्वीर भी साझा की, जिसमें वह असमिया गमछा पहने दिख रहे हैं और मुस्कुराते हुए टीका लगवा रहे हैं। उनके साथ इस तस्वीर में निवेदा के अलावा केरल की रहने वाली एक अन्य नर्स रोसम्मा अनिल भी दिख रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री के एम्स पहुंचने के दौरान किसी भी रास्ते को बंद नहीं किया गया और ना ही यातायात को रोका गया। लोगों को परेशानी न हो, इसलिए उन्होंने टीके के लिए सुबह का समय चुना। नर्स निवेदा ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि टीका लगवाने के बाद प्रधानमंत्री ने उनसे कहा, लगा भी दिया, पता भी नहीं चला। उन्होंने बताया कि वह गत तीन साल से एम्स में कार्यरत हैं और इस समय टीकाकरण केंद्र में सेवाएं दे रही हैं।

## तिरुपति हवाईअड्डे पर तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू को रोका गया, धरने पर बैठे

एजेंसी। तिरुपति

**आंध्र** प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता एन चंद्रबाबू नायडू सोमवार को रेनीगुंटा में तिरुपति हवाईअड्डे के आगमन लाउंज में धरने पर बैठ गए। पुलिस उन्हें शहर में प्रवेश से रोकने के लिए हिरासत में लेना चाह रही थी।

तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के अध्यक्ष ने पुलिस अधिकारियों से बहस की और यह जानना चाहा कि उन्हें तिरुपति और चित्तूर जाने से क्यों रोका जा रहा है। हैदराबाद से तिरुपति हवाईअड्डे पहुंचे नायडू स्थानीय निकाय के प्राधिकारियों की ज्यादती के खिलाफ तिरुपति में विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने आए थे।

पुलिस ने हालांकि (शहरी स्थानीय निकाय) चुनावों के कारण लागू आदर्श आचार संहिता और कोरोना वायरस महामारी की वजह से प्रदर्शन की इजाजत देने से इनकार कर दिया था। तिरुपति नगर निगम के अधिकारियों ने रविवार को कथित तौर पर तेदेपा के एक नेता की चाय की दुकान तोड़ दी थी जिसकी पत्नी 10 मार्च को होने वाले चुनावों में खड़ी है। इस घटना के विरोध में तेदेपा ने नायडू के नेतृत्व में प्रदर्शन का फैसला



किया था। प्रदर्शन की इजाजत न होने पर तिरुपति अर्बन पुलिस ने हवाई अड्डे पर तेदेपा अध्यक्ष को हिरासत में लेना चाहा।

इस पर नाराज नायडू ने पुलिस अधिकारियों से पूछा, मैं 14 सालों तक मुख्यमंत्री रहा और अब नेता विपक्ष हूं। क्या मुझे प्रदर्शन करने का अधिकार नहीं है? मैं जाकर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से क्यों नहीं मिल सकता? इसके बाद नायडू एयरपोर्ट लाउंज में ही जमीन पर बैठ गए। इससे पहले तिरुपति और चित्तूर में नायडू के दौरे से पहले पुलिस ने जिले के प्रमुख तेदेपा नेताओं को नजरबंद कर दिया था।

### हुंदै की बिक्री 26 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** वाहन कंपनी हुंदै मोटर इंडिया लि. (एचएमआईएल) की कुल बिक्री फरवरी में 26.4 प्रतिशत बढ़कर 61,800 इकाई रही। एचएमआईएल ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इससे पूर्व वर्ष 2020 के इसी महीने में कंपनी ने 48,910 वाहन बेचे थे। घरेलू बिक्री 29 प्रतिशत बढ़कर 51,600 इकाई रही जो एक साल पहले फरवरी 2020 में 40,010 इकाई थी। बयान के अनुसार निर्यात 14.6 प्रतिशत बढ़कर 10,200 इकाई रहा जो 2020 के इसी महीने में 8,900 इकाई था। कंपनी के निदेशक (बिक्री, विपणन और सेवा) तरूण गर्ग ने कहा, ...कंपनी बिक्री में तेजी लाकर आर्थिक पुनरूद्धार में योगदान देने तथा उद्योग को बिक्री के मामले में कोविड पूर्व स्तर पर लाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। फरवरी 2020 में कुल 61,8000 इकाइयों की बिक्री के साथ हुंदै ने सभी खंडों में वृद्धि हासिल की है।

राजस्थान विधानसभा सत्र

## भाजपा विधायकों ने सदन से बहिर्गमन किया

एजेंसी जयपुर

**राजस्थान** विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी द्वारा सोमवार को विधायक वासुदेव देवनानी को दिनभर की कार्यवाही के लिए बाहर करने का प्रस्ताव पारित करने के बाद विपक्षी भाजपा विधायकों ने सदन से बहिर्गमन किया।


शून्य काल की शुरुआत होते ही जब अध्यक्ष अपनी व्यवस्था दे रहे थे तो देवनानी ने एक मुद्दा उठाने की कोशिश की। अध्यक्ष ने इसकी अनुमति नहीं दी लेकिन देवनानी ने अपनी बात जारी रखी। इस पर अध्यक्ष जोशी ने संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल से देवनानी को दिन भर के लिए कार्यवाही से बाहर करने का प्रस्ताव लाने को कहा। इस प्रस्ताव



को ध्वनि मत से पारित से पारित कर दिया गया। इस पर भाजपा ने सदन से बहिर्गमन किया। देवनानी जयपुर में एक धरने के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं की कथित तौर पर पिटाई से जुड़ा मुद्दा उठाने की कोशिश कर रहे थे। अध्यक्ष ने व्यवस्थाओं का हवाला देते हुए इसकी अनुमति नहीं दी। सदन में इस समय वित्तवर्ष 2021 -22 के लिए बजट प्रस्ताव पर चर्चा चल रही है।

### उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने कोविड-19 टीके की पहली खुराक ली

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने सोमवार को चेन्नई के राजकीय मेडिकल कॉलेज में कोविड-19 टीके की पहली खुराक लगवाई और सभी पात्र लोगों से




टीका लगवाने की अपील की। उन्हें 28 दिनों बाद बूस्टर डोज दी जाएगी। नायडू ने टीका लगवाते हुए अपनी तस्वीर भी साझा की। नायडू ने उप राष्ट्रपति सचिवालय के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया, मैंने राजकीय मेडिकल कॉलेज, चेन्नई में आज कोविड-19 टीके की अपनी पहली खुराक लगवाई। मैं 28 दिनों के बाद दूसरी खुराक लगवाऊंगा। नायडू ने ऐसे सभी लोगों से खुद को सक्रियता से टीका लगवाने की अपील की जो सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों को पूरा करते हैं और कहा कि ऐसा कर नए कोरोनावायरस के खिलाफ लड़ाई में शामिल हों।

## रोहिंग्या लोगों को अवैध तरीके से भारत लाने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

एजेंसी। लखनऊ

**म्यांमार** के रोहिंग्या लोगों को अवैध तरीके से भारत में प्रवेश कराने और जालसाजी कर तैयार दस्तावेजों के आधार पर यहां बसाने एवं विभिन्न मांस (मीट) फैक्ट्रियों में मजदूर के रूप में रोजगार दिलाने वाले मानव तस्करी गिरोह के कथित दो सदस्यों को यूपी एटीएस ने अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार दोनों आरोपी मूलत: म्यांमार के ही रहने वाले हैं और उत्तर प्रदेश में रहकर मानव तस्करी का काम कर रहे थे। अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) प्रशांत कुमार ने सोमवार को पत्रकारो को बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (यूपीएटीएस) को सूचना मिली थी कि म्यांमार निवासी



रोहिंग्या लोगों का एक गिरोह समुदाय के अन्य लोगों को बांग्लादेश सीमा के रास्ते अवैध रूप से भारत लाता है, तथा उनको देश और प्रदेश के विभिन्न शहरों में स्थापित करता है।

उन्होंने बताया कि गिरोह के सदस्य इसके बाद फर्जी तरीके से उनके भारतीय दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट आदि तैयार कराते हैं और उन्हें भारतीय नागरिक के

### मानव तस्करी गिरोह के कथित दो सदस्यों को यूपी एटीएस ने अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया

तौर पर विभिन्न मीट फैक्ट्रियों में मजदूर काम दिलाते हैं और उनसे धन उगाही करते हैं। यूपी एटीएस ने रविवार को अलीगढ़ से मोहम्मद फारुख को और उन्नाव से शाहिद को गिरफ्तार किया है। इनके पास से भारतीय पासपोर्ट व पांच लाख रुपए नकद बरामद किए गए है। यूपी एटीएस इन लोगों से पूछताछ कर रही है। फारुख और शाहिद मूल रूप से ग्राम तमचन थाना मगरू जिला आकियाब, म्यांमार के रहने वाले हैं।

## अलीगढ़ : लड़की की संदिग्ध हालत में मौत, ग्रामीणों ने किया पुलिस पर पथराव

एजेंसी। अलीगढ़

**अलीगढ़** जिले के अकराबाद क्षेत्र में चारा लेने गई दलित लड़की की कथित रूप से बलात्कार के बाद हत्या की घटना से नाराज ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। घटना के बाद गांव में बड़े पैमाने पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मुनिराज जी. ने सोमवार को बताया कि मामले में जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई है। पुलिस ने बताया, अकराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 16 वर्षीय लड़की रविवार दोपहर खेत से चारा लेने गई थी। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजन ने उसकी तलाश शुरू की और रात में उसका शव खेत में पाया। ऐसा प्रतीत होता था कि लड़की की गला दबाकर हत्या की गई है। उन्होंने बताया कि लड़की की मौत की खबर मिलने पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए और उन्होंने शव को पोस्टमार्टम के लिए अपने कब्जे में लेने की कोशिश कर रहे पुलिस दल पर पथराव किया, जिसमें इंस्पेक्टर प्राणेंद्र कुमार जख्मी हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि देर रात मौके पर पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन देकर मनाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उन्होंने बताया कि परिजन का आरोप है कि लड़की से बलात्कार कर फिर उसकी हत्या कर दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लड़की के शव का पोस्टमार्टम तीन डॉक्टरों के पैनल से कराया जाएगा।

## बिडेन प्रशासन रोजगार विरोधी, विज्ञान विरोधी है : ट्रंप

एजेंसी। वाशिंगटन

**अमेरिका** के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जनवरी में व्हाइट हाउस से जाने के बाद अपने पहले सार्वजनिक भाषण में 2024 में राष्ट्रपति पद के चुनाव में तीसरी बार खड़े होने की तैयारी करने का संकेत दिया और रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं से एकजुट होने की अपील की। ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन के प्रशासन की आलोचना करते हुए उसे रोजगार विरोधी और विज्ञान विरोधी करार दिया। उन्होंने फ्लोरिडा के ओरलैंडो में कन्जर्वेटिव पॉलिटिकल



एक्शन कमेटी के वार्षिक सत्र में अपने समर्थकों की भीड़ से कहा, हम व्हाइट हाउस में फिर से पहुंचेंगे। हम सीनेट में जीत हासिल करेंगे और रिपब्लिकन राष्ट्रपति व्हाइट हाउस में जीत हासिल करेगा। मुझे नहीं पता कि वह कौन होगा। वह यह कहते-कहते कई बार रुक गए कि वह 2024 में फिर से राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ेंगे, लेकिन उन्होंने कई बार इस बात के संकेत दिए कि वह इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने नई पार्टी के गठन की संभावनाओं से इनकार कर दिया और तर्क दिया कि इससे रूढ़िवादियों के मत बंट जाएंगे। उन्होंने अपने समर्थकों से एकजुट होने की अपील की। ट्रंप के आलोचक सीनेटर मिट रोमनी समेत कई रिपब्लिकन नेताओं ने कहा है कि यदि ट्रंप 2024 में रिपब्लिकन पार्टी की प्राइमरी में जीत हासिल करते हैं, तो वह उन्हें राष्ट्रपति पद के चुनाव में समर्थन देंगे। रोमनी ने कहा कि यदि ट्रंप राष्ट्रपति पद के चुनाव में फिर से खड़े होने का फैसला करते हैं, तो वह पार्टी के प्राइमरी चुनाव जीत जाएंगे। सर्वेक्षणों के अनुसार भी ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी के सदस्यों एवं समर्थकों के बीच काफी लोकप्रिय है। ट्रंप ने आरोप लगाया कि बाइडन प्रशासन की नीतियां देश को समाजवाद के मार्ग पर लेकर जा रही हैं और उन्होंने देश को उस दिशा में नहीं ले जाने देने का संकल्प लिया। उन्होंने ट्रंप प्रशासन को रोजगार विरोधी, परिवार विरोधी, सीमा विरोधी, ऊर्जा विरोधी, महिला विरोधी और विज्ञान विरोधी करार दिया। ट्रंप ने कहा, केवल एक महीने में ही, हम पहले अमेरिका से सबसे आखिर में अमेरिका तक पहुंच गए हैं। उन्होंने बाइडन पर अवैध प्रवासियों के लिए सीमाएं खोलने का आरोप लगाया। उन्होंने 2020 में नवंबर में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में व्यापक स्तर पर धोखाधड़ी होने के आरोप फिर से लगाए और कहा कि वास्तव में इन चुनाव में जीत उनकी हुई थी।

## कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता टीएमसी और भाजपा की कठपुतली हैं : आईएसएफ प्रमुख

एजेंसी। कोलकाता

**इंडियन** सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) प्रमुख अब्बास सिद्दीकी ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता तृणमूल कांग्रेस और भाजपा, दोनों पार्टियों के संपर्क में हैं और विधानसभा चुनाव के नतीजे के अनुरूप उनमें से किसी एक खेमे में शामिल हो सकते हैं।

पश्चिम बंगाल में वाम दलों और कांग्रेस के महागठबंधन को



रविवार को संकट की स्थिति का सामना करना पड़ा, जब सिद्दीकी ने कांग्रेस को सीट बंटवारे पर चल रही बातचीत को लेकर आगाह करते हुए उसे जल्द ही किसी निर्णय पर पहुंचने कहा था। सिद्दीकी ने कहा, अगर, कल मेरे शब्दों से अधीर रंजन चौधरी (प्रदेश कांग्रेस प्रमुख) को ठेस पहुंची है, तो मैं माफी मांगता हूं। लेकिन मुझे जानकारी मिली है कि कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता टीएमसी और भाजपा दोनों के सम्पर्क में हैं और (चुनाव बाद) त्रिशंकु विधानसभा होने की स्थिति में वह पाला बदल सकते हैं। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि कांग्रेस इस विषय पर स्थिति स्पष्ट करे। वे गठबंधन चाहते हैं या नहीं, उन्हें यह स्पष्ट रूप से कहना होगा।

# दूसरे चरण में तीन केंद्रों पर हुआ टीकाकरण

## 60 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग व 45 वर्ष के गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को लगा टीका

### 93 साल के बुजुर्ग डॉक्टर ने भी लगवाया कोविड वैक्सीन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

सोमवार को कोरोना वैक्सीन के दूसरे चरण का वैक्सीनेशन जिले के तीन सेंटरों पर किया गया। पहले दिन तीन सौ लोगों का टीकाकरण किया गया। इनमें 93 साल के बुजुर्ग डॉक्टर सत्यप्रकाश ने भी कोरोना का टीका लगवाया।

जिले में जिला महिला अस्पताल, संयुक्त अस्पताल और यशोदा अस्पताल कौशांबी में टीकाकरण किया गया। प्रत्येक सेंटर में सौ-सौ लोगों का वैक्सीनेशन करने का लक्ष्य रखा गया था। इस चरण में 60 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग व 45 वर्ष से ऊपर के उन लोगों का टीकाकरण किया गया जो किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। सीएमओ डॉ.एनके गुप्ता ने बताया कि बुजुर्ग या गंभीर रोगों से पीड़ित लोगों ने इन केंद्रों पर जाकर टीका लगवाया।

पहले ऐसे लोगों का अस्पताल में रजिस्ट्रेशन किया गया उसके बाद उनको टीका लगाया गया। टीका लगवाने व जानकारी करने के लिए लोग बड़ी संख्या में टीकाकरण सेंटर पर पहुंचे हुए थे।

इस दौरान जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय ने संयुक्त जिला चिकित्सालय संजय नगर में पहुंचकर वैक्सीनेशन के लिए पहुंचे वरिष्ठ नागरिकों को कोरोना के वैक्सीनेशन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वरिष्ठ नागरिकों के वैक्सीनेशन को लेकर कई भ्रांतिया थी और उनको दूर करने के लिए जिलाधिकारी ने वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि वह अपने आसपास के लोगों को वैक्सीनेशन के बारे में व्याप्त भ्रांतियो से अवगत कराएं और उन्हें बताएं कि वैक्सीनेशन से कोई भी खतरा नहीं है इसके बारे में जागरूक करें।



गाजियाबाद में दूसरे चरण के पहले टीकाकरण अभियान के दौरान कोरोना का टीका लगवाते बुजुर्ग।

# धार्मिक इमारत के पुनर्निर्माण को लेकर विवाद, कई गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

### गांव में पुलिस तैनात

गौतमबुद्धनगर के रबूपुरा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव में मस्जिद के पुनर्निर्माण को लेकर दो समुदायों के बीच विवाद हो गया। कहा गया कि एक समुदाय के कुछ लोगों ने विरोध करते हुए मस्जिद के पुनर्निर्माण कार्य को रुकवा दिया था। दूसरा पक्ष मस्जिद बनाने की आड़ में सार्वजनिक संपत्ति पर कब्जा करने की योजना बता रहा है। इसकी वजह से गांव में तनावपूर्ण स्थिति बन गई है।

लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मामले की गंभीरता को समझते हुए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। पुलिस भी मामले में स्पष्ट जानकारी देने से बच रही है। गांव के दर्जनों लोगों को मुचलका पाबंद किया गया है। कुछ को हिरासत में लेकर घटना की जांच शुरू हो गई है।

दरअसल गांव बीरमपुर में मुस्लिम समुदाय की मस्जिद बनी हुई है जो जर्जर हालत में है। मुस्लिम लोग उसे तोड़कर पुनर्निर्माण करा रहे थे। आरोप है कि दूसरे समुदाय के कुछ लोगों ने मस्जिद की आड में सार्वजनिक भूमि कब्जाने का आरोप लगाया और निर्माण बाधित किया।

मुस्लिम समुदाय ने पुलिस से इसकी शिकायत की। जिससे प्रशासन में हड़कम्प मच गया। आनन.फ़ानन में एहतिहात गांव में पुलिस बल की तैनाती की गई। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है। गांव के करीब चार दर्जन लोगों को पुलिस ने मुचलका पाबंद किया है।

जेवर के एसीपी शरद चद शर्मा ने बताया कि गांव में शांति.व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस तैनात है। घटना की जांच की जा रही है। जल्द ही कोई हल निकाल लिया जाएगा।

# आरडीसी में मुनीम से 10 लाख की लूट

## 36 घंटों में लूट की दूसरी वारदात से कानून व्यवस्था पर उठे सवाल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कविनगर थाना क्षेत्र के व्यवसायिक केंद्र राजनगर डिस्टिक सेंटर (आरडीसी) में सोमवार दोपहर स्कूटी सवार तमंचाधारी दो लुटेरों ने एक घी कारोबारी के मुनीम को गन प्वाइंट पर लेकर उससे दस लाख रुपये लूटकर फरार हो गए।

दिनदहाड़े हुई इस लूट के बाद आरडीसी के व्यापारियों में दहशत का माहौल है। इसी थाना क्षेत्र में रविवार तड़के भी हथियारबंद बदमाशों ने एक आयुर्वेदिक दवा कारोबारी के घर में घुसकर डेढ़ लाख नगद और करीब 15 लाख रुपए के जेवरात लूटकर फरार हो गए थे।

पुलिस क्षेत्राधिकारी (द्वितीय) अवनीश कुमार ने बताया कि लाल कुआं स्थित केआर मंगलम फूड के मुनीम नितिन शर्मा सोमवार दोपहर एचडीएफसी बैंक में 10 लाख रुपए जमा करने के लिए आरडीसी आए थे। जब वह कार पार्क कर रहे थे तभी स्कूटी पर सवार दो बदमाश वहां पहुंचे और उन्हें गन प्वाइंट पर लेकर कार में रखा रुपयों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद नितिन शर्मा ने पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस में हड़कंप मच गया। एसपी सिटी निपुण अग्रवाल समेत तमाम पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए और जांच पड़ताल की। पुलिस ने लुटेरों को पकड़ने के लिए नाकाबंदी की लेकिन, वह फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई इस लूट के बाद व्यापारियों में दहशत का माहौल है और उन्होंने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस।

# डकैती का खुलासा नहीं होने पर व्यापारियों ने जताई चिंता

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

### आज पुलिस अधीक्षक को सौंपेंगे ज्ञापन

शहर के पॉश कॉलोनी राजनगर में ग्रिल काटकर डकैती की घटना से जहां लोग सहमे हुए हैं, वहीं व्यापारिक और अन्य संगठनों ने बढ़ते अपराध पर चिंता जाहिर की है। राजनगर छह निवासी दवा विक्रेता पवन गर्ग के निवास पर शुक्रवार रात को सोते हुए मकान की ग्रिल काटकर 6 बदमाशों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया था। व्यापारियों का कहना है कि इस घटना से शहर में असुरक्षा का माहौल बन गया।

अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने पवन गर्ग से मुलाकात की और घटना की जानकारी ली। समिति के पदाधिकारी आज को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपेंगे, जिसमें 3 दिन के अंदर घटना का वास्तविक खुलासा करने की अपील करेंगे।

उन्होंने कहा कि यदि पुलिस की ओर से इस घटना के दोषियों के खिलाफ वास्तविक कार्रवाई नहीं की गई तो व्यापारियों के साथ आम लोग भी सड़कों पर उतरकर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। परमार्थ समिति के चेयरमैन बी के अग्रवाल ने बताया कि शहर में रोज अत्याचार, लूट-डकैती की घटनाओं ने जीना दूभर कर रखा है। पुलिस की ओर से अपराध को रोकने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

# हेलीकॉप्टर उपलब्ध नहीं कराने पर केस

**नोएडा।** जिले में एक व्यक्ति ने किराए पर हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराने वाली प्रभु हेली सर्विस कंपनी के दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। थाना ईकोटेक-3 के प्रभारी निरीक्षक भुवनेश कुमार ने बताया, नोएडा के सेक्टर 82 में रहने वाले कोमल सिंह यादव ने थाना ईकोटेक-3 में कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

यादव ने बताया कि 11 दिसंबर 2020 को उनके बेटे की शादी थी। उन्होंने अपनी बहू को हेलीकॉप्टर से विदा कराने के लिए खैरपुर गुर्जर नॉलेज पार्क 5 में प्रभु हेली सर्विस कंपनी से हेलीकॉप्टर बुक कराया था। यादव ने आरोप लगाया कि हेलीकॉप्टर कंपनी को बुकिंग राशि के तौर पर 3,65,000 रुपए का भुगतान किया गया, लेकिन शादी वाले दिन हेलीकॉप्टर नहीं भेजा गया।

# कृषि बिल के खिलाफ गांवों में हर दिन अनशन करेंगे पांच किसान

**हापुड़।** केंद्र सरकार द्वारा लागू तीन विवादित कृषि कानूनों को वापस लेने और एमएसपी की गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश किसान मजदूर मोर्चा गांवों में अनशन शुरू करेगा। इसके तहत प्रत्येक दिन गांव के पांच लोग अनशन करेंगे और नुक्कड़ सभा की जाएगी।

मोर्चा के प्रवक्ता मुकुल त्यागी (एडवोकेट) ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि पिछले तीन माह से दिल्ली की सीमाओं पर डटे रहने के बावजूद कोई सफलता नहीं मिली, इसलिए आंदोलन के नए स्वरूप के तहत प्रत्येक गांव, किसान व मजदूर को इससे जोड़ने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोर्चे में शामिल 22 संगठनों के लोग सरकार को जगाने का काम करेंगे और बताएंगे कि ये कानून किसानों के खिलाफ हैं। त्यागी ने कहा, कई किसान व मजदूर कानून के विरोध में चल रहे धरने में नहीं जा सकते हैं, इसलिए अब हर गांव में प्रतिदिन पांच लोग अनशन करेंगे।



यमुना एक्सप्रेसवे किनारे बनने वाले फिल्म सिटी को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# 'यमुना फिल्म सिटी में विश्वस्तरीय सुविधाएं दें'

## मुख्यमंत्री योगी को प्राधिकरण सीईओ ने दिखाई प्रेजेंटेशन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे प्रस्तावित फि ल्म सिटी को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च स्तरीय बैठक की है। यह बैठक सोमवार को लखनऊ में आयोजित की गई।

योगी आदित्यनाथ ने राज्य सरकार और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अफ सरों को आदेश दिया है कि यमुना फि ल्म सिटी में विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जाएं। यह ऐसी फिल्म सिटी बने जिसमें फिल्म निर्माण से जुड़ी हर सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। इस बैठक के दौरान यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह ने परियोजना का प्रेजेंटेशन भी मुख्यमंत्री के सामने पेश किया है। जिस पर योगी आदित्यनाथ ने कुछ सुझाव दिए हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे एक विश्वस्तरीय फिल्म सिटी का निर्माण करवा रही है। जिसके लिए 1000 एकड़ जमीन यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण आरक्षित कर चुका है। यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसके लिए मुख्यमंत्री ने खुद मुंबई जाकर फिल्म निर्माण से जुड़ी दिग्गज हस्तियों के साथ बैठक की थी। कई दौर की ऑनलाइन बैठक भी आयोजित की जा चुकी हैं।

मुख्यमंत्री यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में एक ऐसी फिल्म सिटी का निर्माण करना चाहते हैं, जो इंटरटेनमेंट, इंफ मेंशन, डिजिटल वर्ल्ड और फि ल्म प्रोडक्शन के क्षेत्र में माइलस्टोन बन जाए। इसके लिए यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण और राज्य सरकार हर संभव काम कर रहे हैं।

# जेवर एयरपोर्ट को एक्सप्रेसवे से जोड़ा जायेगा

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे को जेवर एयरपोर्ट से जोड़ा जाएगा। इसको लेकर हरियाणा और उत्तर प्रदेश सरकार ने मंजूरी दे दी है। अब जल्द ही इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू होगा। जिसका निर्माण एनएचएआई करेगी। इस एक्सप्रेसवे को बनने के बाद रोजाना हजारों लोगों को बड़ा फायदा होगा। आपको बता दें कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफइंडिया दिल्ली.मुंबई एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रहा है। इस एक्सप्रेसवे की लंबाई करीब 1250 किलोमीटर है।

# ट्रैक्टर ने पीसीआर वैन में मारी जोरदार टक्कर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

### चालक फरार, दो पुलिसकर्मी हुए घायल

रबूपुरा थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात यमुना एक्सप्रेसवे पर गश्त करने वाले पुलिस की पीसीआर में गलत दिशा से आ रहे एक बेकाबू ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में ड्यूटी पर तैनात दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को ग्रेटर नोएडा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उधर, दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कोतवाली की आरवी वन यमुना एक्सप्रेसवे पर तैनात रहती है। शनिवार रात करीब 9 बजे जैसे ही पुलिसकर्मी गाड़ी लेकर यमुना एक्सप्रेसवे के फ लैदा अंडरपास पर पहुंचे तभी सामने से गलत दिशा में आ रहे बेकाबू ट्रैक्टर ने पीसीआर वैन में जोरदार टक्कर मार दी। घटना में ड्यूटी पर तैनात सिपाही राजन और संदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दुर्घटना में गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

कोतवाली प्रभारी दिनेश यादव ने बताया कि दोनों सिपाहियों के हाथ, पैर और चेहरे पर चोट आई हैं। उन्हें ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके से फ रार हुए ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है।



हादसे में क्षतिग्रस्त पुलिस का वाहन।

# 11 माह बाद गुलजार हुए शिक्षा के मंदिर

## पहले दिन बड़ी संख्या में पहुंचे बच्चे, शहर के निजी स्कूलों में कम रही उपस्थिति

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कोरोना काल के दौरान 11 महीने बाद सोमवार से कक्षा एक से पांचवी तक के स्कूल खुलने पर पहले दिन बड़ी संख्या में बच्चे स्कूल पहुंचे। हालांकि, अधिकतर निजी स्कूलों में जहां बच्चों की उपस्थिति कम दिखा वहीं, सरकारी स्कूलों में अधिक संख्या में छात्र पहुंचे। सरकारी स्कूलों में छात्रों का स्वागत भी टीका लगाकर व फूल बरसाकर किया गया।

पहले दिन बच्चों के स्वागत के लिए अधिकतर सरकारी स्कूलों को गुब्बारों, रंगीलों व फूलों से सजाया गया था। बच्चे भी उत्साह से खुद से ही स्कूल को सजाते दिखाई दिए। हालांकि, प्राइमरी के स्कूल अलटरनेटिव डे पर खोले जाएंगे लेकिन, पहला दिन होने के कारण सरकारी स्कूल में अधिकतर कक्षाओं के बच्चे पहुंचे। वहीं इसके मुकाबले निजी स्कूलों में प्राइमरी क्लास के बच्चों की परीक्षा होने के चलते बच्चों को नहीं बुलाया गया। सिर्फ उन्हीं बच्चों को बुलाया जाएगा जिनकी अनुमति अभिभावक देंगे। अभी भी निजी स्कूल के अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजने से कतरा रहे हैं। कविनगर स्थित परिषदीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार ने बताया कि लंबे समय बाद स्कूल पहुंचे बच्चे खुश हैं। बच्चों में जहां स्कूल खुलने का उत्साह दिख रहा है तो वहीं अपने दोस्तों से मिलकर भी बच्चे बेहद खुश दिखाई दे रहे हैं। लंबे समय बाद स्कूल पहुंचे बच्चों का स्वागत धूमधाम से किया गया। वहीं मिड-डे मील भी बच्चों की पसंद का ही तैयार किया गया था। इस दौरान बच्चों ने कोरोना काल के दौरान अपने अनुभव भी बताए। रॉयल किड्स स्कूल की निदेशक डॉ.रिचा सूद ने बताया कि परीक्षा होने के कारण अधिकतर अभिभावकों ने ऑनलाइन परीक्षा लिए जाने का अनुरोध किया है जिसके चलते 31 मार्च से स्कूल खोला जाएगा। अन्य निजी स्कूलों में भी परीक्षा के कारण बेहद कम संख्या में बच्चे पहुंचे तो वहीं कई स्कूलों में बच्चों की संख्या अच्छी खासी दिखाई दी। पहले दिन शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भी स्कूलों का निरीक्षण किया। अभी प्राइमरी के बच्चों की कक्षाएं एक साथ संचालित नहीं की जाएंगी। सोमवार व गुरुवार को कक्षा एक व पांच, मंगलवार व शुक्रवार को कक्षा 2 व 4, बुधवार व शनिवार को कक्षा 3 के छात्रों की कक्षाएं संचालित होंगी।



स्कूल पहुंचे बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत करती शिक्षिका।

# मनमानी के विरोध में रेयान स्कूल पर अभिभावकों का हंगामा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

### परीक्षा दोबारा लेने का लगाया आरोप

शहर के रेयान इंटरनेशनल स्कूल के सामने सोमवार सुबह अभिभावकों ने जमकर हंगामा किया। बड़ी संख्या में अभिभावक स्कूल के बाहर एकत्र हुए तथा स्कूल प्रबंधक की मनमानी को लेकर नाराजगी जताई।

अभिभावकों का कहना है कि ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन किया गया था लेकिन अब तक उसका परिणाम घोषित नहीं किया है। अभिभावक कह रहे हैं कि ऑनलाइन परीक्षा पहले ही स्कूल ले चुका है और अब ऑफ लाइन परीक्षा का आयोजन करवा रहा है। अभिभावकों ने ऑनलाइन परीक्षा का ही रिजल्ट जारी करने की मांग की।

जीपीडब्ल्यूएस के संस्थापक मनोज कटारिया ने बताया है कि स्कूल प्रशासन के उन्हीं आदेशों का पालन करता है, जिसमें उनको लाभ दिखाई देता है। हाल ही में जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी स्कूलों को बच्चों के ऑफलाइन-ऑनलाइन परीक्षा के विकल्प दिए थे। परंतु कुछ स्कूलों में पूरी फीस वसूलने के चक्कर में ऑनलाइन परीक्षा करवाई गई थी। अब फि र एग्जाम करवाए जा रहे हैं।

# प्राधिकरण की आमदनी में 500 करोड़ का इजाफा

**नोएडा।** कोरोना महामारी के बावजूद यीडा की आमदनी बढ़ी है। पिछले वित्तीय वर्ष में 932 करोड़ का राजस्व मिला था, जबकि इस बार अब तक करीब 1500 करोड़ रुपये का राजस्व आ चुका है।

चालू वित्तीय वर्ष में दो हजार करोड़ रुपए तक राजस्व मिलने की उम्मीद है। प्राधिकरण ने कोरोना काल में भी बेहतर काम किया है। एयरपोर्ट आने की वजह से यहां पर निवेशकों का रुख बढ़ा है। यही कारण है कि प्राधिकरण की आमदनी में इजाफा हुआ है। पिछले वित्तीय वर्ष में 932 करोड़ का राजस्व मिला था। इसमें से 577 करोड़ रुपये योजनाओं से मिला था। इस साल अब तक करीब 1500 करोड़ रुपये की प्राप्तियां मिल चुकी हैं।

# राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी

### मेष

मानसिक तनाव दूर होगा। खर्चें में कमी आ सकती है। कमाई के जरिए बढ़ेंगे। पारिवारिक वातावरण खुशहाल रहेगा। किसी प्रिय मित्र से मुलाकात करके आपका मन हर्षित होगा। नौकरी के क्षेत्र में सहकर्मियों की पूरी सहायता मिलेगी। बड़े अधिकारी कामकाज की सराहना करेंगे। व्यापार रफ्तार पकड़ सकता है।

(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

भाग्यांक: 1

विशेष: मछलियों को आटे की गोलियां बनाकर डालें डालें

### वृष

स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। कहीं भी पैसा निवेश ना करें। निवेश संबंधित मामलों के लिए दिन ठीक नहीं है। दोस्तों के साथ बेहतरीन समय व्यतीत करेंगे। घरेलू जरूरतों के पीछे अधिक धन खर्च हो सकता है। पूजा-पाठ में आपका अधिक मन लगेगा। पति-पत्नी के बीच बेहतर तालमेल बने रहेंगे।

(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

भाग्यांक: 9

विशेष: हनुमान जी को गुलाब के फूल की माला अर्पित करें

### मिथुन

स्वास्थ्य संबंधित परेशानियां उत्पन्न हो सकती हैं। किसी भी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने से बचें। पारिवारिक माहौल अच्छा रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। प्रेमियों के लिए दिन खास रहने वाला है। रिश्ते मजबूत बनेंगे। बेरोजगार लोगों को अच्छी नौकरी मिल सकती है। प्रभावशाली लोगों से संपर्क बनेंगे, जिसका भविष्य में फायदा मिलेगा।

(का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)

भाग्यांक: 7

विशेष: काले कुत्ते को रोटी खिलाएं

### कर्क

धर्म-कर्म के कामों में अधिक मन लगेगा। माता-पिता के साथ तीर्थ स्थल की यात्रा का प्रोग्राम बना सकते हैं। बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद आपके साथ रहेगा। अचानक खर्चों में बढ़ोतरी हो सकती है, जिसके कारण आर्थिक तौर पर बोझ बढ़ेगा। बेकार की गतिविधियों में समय बर्बाद मत कीजिए। जरूरी कामों पर ध्यान देना होगा। प्रेमी-प्रेमिका मुलाकात कर सकते हैं।

(ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

भाग्यांक:1

विशेष: किसी चलते हुए साधु को कुछ पैसे दान कर दें

### सिंह

दिन बेहतरीन रहेगा। स्वास्थ्य संबंधित परेशानियां दूर होंगी। आर्थिक तंगी से छुटकारा मिलेगा। कमाई के जरिए बढ़ सकते हैं। शादीशुदा जिंदगी बहुत ही अच्छी रहेगी। प्रिय के साथ कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं। दूर संचार माध्यम से खुशखबरी मिलने की संभावना है। आप अपने शत्रुओं पर हावी रहेंगे। व्यापार में तरक्की मिलने के प्रबल योग नजर आ रहे हैं।

(मा, मी ,मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)

भाग्यांक: 9

विशेष : पानी में रोली डालकर स्नान करें

### कन्या

कामकाज में तेजी आएगी। नौकरी के क्षेत्र में पदोन्नति मिल सकती है। निजी जीवन की परेशानियां दूर होंगी। पैसा निवेश कर सकते हैं, आगे चलकर फायदा मिलेगा। अपने सभी काम योजनाओं के तहत करें, इससे अधिक लाभ मिल सकता है। सामाजिक दायरा बढ़ेगा। जीवनसाथी पूरा सहयोग प्राप्त होगा। करियर में आगे बढ़ने के नए मार्ग हासिल हो सकते हैं।

(टो ,पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

भाग्यांक: 7

विशेष : लकड़ी की चौकी पर बैठकर खाना खाएं

### तुला

दोस्तों की मदद से कोई महत्वपूर्ण काम पूरा हो सकता है। खानपान में रुचि बढ़ेगी। मनपसंद भोजन का आनंद ले सकते हैं। खर्चों में कमी आएगी। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। प्रिय मित्र से फोन पर बातचीत करेंगे, जिससे मन हर्षित होगा। जो लोग काफी लंबे समय से नौकरी की तलाश कर रहे थे, उनको अच्छी नौकरी मिलेगी।

(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )

भाग्यांक: 1

विशेष: नरसिंह चालीसा का पाठ करें

### वृश्चिक

किसी भी प्रकार के वाद-विवाद से बचना होगा। मानसिक तनाव अधिक होने के कारण कामकाज में ध्यान केंद्रित करना कठिन हो सकता है। अचानक दूर संचार माध्यम से दुखद समाचार मिलने की संभावना है। किसी बात को लेकर भावुक हो सकते हैं। भावनाओं में बहकर कोई भी महत्वपूर्ण फैसला मत लीजिए अन्यथा नुकसान हो सकता है।

(तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

भाग्यांक: 2

विशेष: ओम हं हनुमते नम: का 11 बार पाठ करें

### धनु

मेहनत का उम्मीद से अधिक फायदा मिलेगा। कहीं से रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। अजनबी लोगों के ऊपर जरूरत से ज्यादा भरोसा मत कीजिए। पारिवारिक माहौल अच्छा रहेगा। प्रेमियों का समय शुभ रहेगा। रिश्ते में मजबूती आएगी। महत्वपूर्ण लोगों से बातचीत हो सकती है, जिसका भविष्य में फायदा देखने को मिलेगा।

(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

भाग्यांक:8

विशेष: हनुमान जी की आराधना करें

### मकर

आपको बहुत से उतार-चढ़ाव से गुजरना पड़ सकता है। कोई भी काम जल्दीबाजी में ना करें। वाणी और गुस्से पर काबू रखें। काम में लगातार मेहनत करते रहिए, अच्छा रिजल्ट जरूर मिलेगा। नौकरी के क्षेत्र में बड़े अधिकारियों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर रखें। सामाजिक क्षेत्र में अलग पहचान बनाने में सफल रहेंगे।

(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

भाग्यांक:8

विशेष: सात मुखी रुद्राक्ष धारण करें

### कुंभ

मित्रों और परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती भरा समय व्यतीत करेंगे। निवेश संबंधित कामों में फायदा मिलेगा। परिवार के किसी सदस्य से खुशखबरी मिल सकती है। आप अपने सोचे हुए काम पूरा करेंगे। प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी। कार्यक्षेत्र में कुछ बढ़िया कर सकते हैं, जिसकी तारीफ बड़े अधिकारी करेंगे। नए लोगों से जुड़ने का मौका मिलेगा। शादीशुदा जिंदगी अच्छी रहेगी। आप खुद को तरोताजा महसूस कर सकते हैं।

(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)

भाग्यांक: 6

विशेष: गुड की रेवड़ी जल प्रवाह कर दें

### मीन

दान-पुण्य में अधिक मन लगेगा। किसी मंदिर में दर्शन करने के लिए जा सकते हैं। स्वास्थ्य पर थोड़ा ध्यान दीजिए। बाहर के खानपान से परहेज करना होगा। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा। प्रभावशाली लोगों से संपर्क बन सकते हैं। आप दोस्तों के साथ मिलकर कोई नया काम शुरू करेंगे। पारिवारिक आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। पैतृक संपत्ति से लाभ मिल सकता है। बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें।

(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

भाग्यांक: 4

विशेष: तांबा मिली हुई सोने की चेन धारण करें

# सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**नोएडा।** शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के प्रवक्ता ने बताया कि थाना फेस-3 क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार रात एक कार ने भूपेंद्र सिंह (45) को टक्कर मार दी। प्रवक्ता ने बताया कि गंभीर हालत में सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले में आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि थाना दनकौर क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में योगेंद्र (20) गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए योगेंद्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



# स्विस ओपन : सेमीफाइनल में आमने-सामने हो सकती हैं सिंधू और साइना

**एजेंसी। बासेल (स्विट्ज़रलैंड)**

### इस टूर्नामेंट से ओलंपिक क्वालीफाईंग प्रतियोगिताओं की बहाली भी होगी

**मौजूदा** विश्व चैंपियन पीवी सिंधू मंगलवार से यहां शुरू होने वाले स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में पोडियम पर पहुंचने और पूर्व चैंपियन साइना नेहवाल लय हासिल करके दमदार वापसी करने पर ध्यान देंगी।

भारत के पुरुष एकल खिलाड़ियों समीर वर्मा, एचएस प्रणय और किदाम्बी श्रीकांत ने भी क्रमश: 2018, 2016 और 2015 में यहां खिताब जीता था जबकि बी साई प्रणीत पिछले सत्र में उप विजेता रहे थे। ये चारों खिलाड़ी 140,000 डालर इनामी प्रतियोगिता में अपने पुराने प्रदर्शन को दोहराने की कोशिश करेंगे। इस टूर्नामेंट से ओलंपिक क्वालीफाईंग प्रतियोगिताओं की बहाली भी होगी। यहां के सेंट जैकबशेल स्थल पर ही ओलंपिक रजत पदक विजेता सिंधू ने 2019 में विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीता था। यह कोविड-19 महामारी के व्यवधान से पहले उनका आखिरी खिताब था।

दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधू पहले दौर में तुर्की की नेस्लीहान ईगिट से भिड़ेगी। यहां उनकी क्वार्टर फाइनल तक राह आसान लग रही है लेकिन अंतिम आठ में उनका मुकाबला



पांचवीं वरीयता प्राप्त थाई खिलाड़ी बुसानन ओंगबामरंगफान से हो सकता है जिसे उन्होंने जनवरी में टोयोटा थाईलैंड ओपन में हराया था। दो बार की पूर्व चैंपियन साइना भी सिंधू वाले हॉफ में ही है। सेमीफाइनल में ए दोनों भारतीय खिलाड़ी आमने-सामने हो सकती हैं। साइना को हालांकि इससे पहले कोरिया की छठी वरीयता प्राप्त सुंग जी ह्यून और डेनमार्क की चौथी वरीय मिया ब्लिचफेल्ट की चुनौती से पार पाना पड़ सकता है।

लंदन ओलंपिक खेलों की कांस्य पदक विजेता साइना पहले दौर में थाईलैंड की पिटायापोर्न चाइवान से भिड़ेगी जो विश्व जूनियर चैंपियनशिप की पूर्व कांस्य पदक विजेता है। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ओर चिराग शेट्टी की विश्व में 10वें नंबर की पुरुष युगल जोड़ी पर सभी की निगाह लगी रहेगी। युगल के नए कोच मैथियास बो की निगरानी में एक महीने तक अभ्यास करने के बाद यह दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने की कोशिश करेगी। सात्विक और चिराग टोयोटा थाईलैंड ओपन में सेमीफाइनल तक पहुंचे थे।

भारतीय जोड़ी का सामना पहले दौर में स्कॉटलैंड के क्रिस्टोफर ग्रिमले और मैथ्यू ग्रिमले से होगा। सात्विक और अश्विनी पोनप्पा से भी पिछले टूर्नामेंट में अंतिम चार में पहुंचने के कारण उम्मीदें बंधी है लेकिन उन्हें पहले दौर में ही इंडोनेशिया के हाफिज फैजल और ग्लोरिया इमानुएल विजाजा की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। पुरुष एकल में शुरू में समीर और श्रीकांत आमने सामने होंगे जबकि प्रणय अपने अभियान की शुरुआत नीदरलैंड के मार्क कालिजोउ और सौरभ वर्मा स्विट्जरलैंड के क्रिस्टियन क्रिचमेयर के खिलाफ करेंगे।

अजय जयराम का सामना थाईलैंड के सिटीकोम थम्मासिन से और पारुपल्लि कश्यप का स्पेन के पाब्लो एबियन से होगा। प्रणीत पहले दौर में इस्राइल के मिशा जिल्बरमैन से भिड़ेंगे। चोट के कारण थाईलैंड की प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले पाने वाले लक्ष्य सेन भी इस टूर्नामेंट से वापसी करेंगे। उनका पहला मुकाबला थाईलैंड के तनोंगसाक सीनसोमबूनसुक से होगा। प्रणव जेरी चोपड़ा और एन सिक्की रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी पहले दौर में इंग्लैंड के मार्कस एलिस और लॉरेन स्मिथ का सामना करेगी। एमआर अर्जुन ओर ध्रुव कपिला की जोड़ी व्लादीमीर इवानोव और इवान सुजोनोव की सातवीं वरीयता प्राप्त रूसी जोड़ी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

---

### रिचर्ड्स ने भारतीय पिचों के आलोचकों को लताड़ा, कहा

# पिच को लेकर विलाप से उलझन में हूं

### बोले दिग्गज बल्लेबाज, मेहमान टीम चुनौती के लिए तैयार नहीं थी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



**वेस्टइंडीज** के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज विव रिचर्ड्स भारत में स्पिनरों की मददगार वाली पिच को लेकर इंग्लैंड के पूर्व और वर्तमान क्रिकेटरों के विलाप से खुश नहीं हैं और उन्होंने कहा कि मेहमान टीम चुनौती के लिए तैयार नहीं थी।

अहमदाबाद के मोटेरा की नवनिर्मित पिच तब चर्चा का विषय बन गई जब भारत ने इंग्लैंड को तीसरे टेस्ट में दूसरे दिन ही 10 विकेट से करारी शिकस्त देकर चार मैचों की श्रृंखला में 2-1 से बढ़त हासिल की। माइकल वान जैसे इंग्लैंड के पूर्व कप्तानों और ब्रिटिश मीडिया के एक वर्ग ने इस पिच की कड़ी आलोचना की थी। यह बहस रिचर्ड्स को अच्छी नहीं लगी जो अपनी बेपरवाह बल्लेबाजी के कारण दुनिया के हर क्षेत्र में सफल रहे थे। रिचर्ड्स ने अपने फेसबुक पेज पर जारी किए गए वीडियो में कहा, मुझसे हाल में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए दूसरे और तीसरे टेस्ट को लेकर सवाल किए गए थे। और मैं वास्तव में सवाल को लेकर थोड़ा उलझन में था क्योंकि ऐसा लगता है कि जिन पिचों पर वे खेल रहे थे उनको लेकर काफी विलाप किया गया।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जो लोग विलाप कर रहे हैं उन्हें अहसास होना चाहिए कि ऐसा समय भी होता है जबकि हमें तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल विकेट मिलता है। गेंद असल में गुडलेंथ से तेजी से उछाल लेती है और हर कोई तब सोचता है कि यह बल्लेबाजों से जुड़ी समस्या है। इस 68 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि भारत में खेलने का मतलब है कि आपको अच्छे स्पिनरों का सामना करना होगा और लगता है कि इंग्लैंड ने दौरे से पहले अच्छी तरह से तैयारियां नहीं की। रिचर्ड्स ने कहा, लेकिन अब आप दूसरा पक्ष देख चुके हैं और इसलिए इसे टेस्ट मैच क्रिकेट नाम दिया गया है क्योंकि यहां मानसिकता और इच्छाशक्ति के साथ उन सब चीजों की भी परीक्षा होती है जिनसे प्रतिस्पर्धा के समय आप गुजरते हो।

उन्होंने कहा, तथा शिकायतें हो रही हैं कि विकेट बहुत अधिक स्पिन ले रहा था और इसी तरह की अन्य बातें की जा रही हैं। यह सिक्के का दूसरा पहलू है। लगता है कि लोग भूल जाते हैं कि जब आप भारत दौरे पर जाते हो तो आपको ऐसी उम्मीद रखनी चाहिए। आप ऐसे देश में जा रहे हो जहां पिचें स्पिनरों को मदद करती है। आपको असल में इसके लिए खुद को तैयार करना चाहिए। रिचर्ड्स ने कहा कि इंग्लैंड की श्रृंखला के शुरू में बड़ी जीत के बाद भारत ने उसे उसकी आरामदायक स्थिति से बाहर कर दिया। उन्होंने कहा, पहले टेस्ट मैच से ही इंग्लैंड अपनी आरामदायक स्थिति में था। अभी उन्हें उनके इस आरामदायक क्षेत्र से बाहर कर दिया गया है और उन्हें जिन परिस्थितियों का सामना करना है उससे पार पाने के लिए रास्ता ढूंढना होगा।

रिचर्ड्स ने कहा, स्पिन भी खेल का हिस्सा है, टेस्ट मैच में यही सब होता है। भारतीय तेज गेंदबाजों ने पिछले कुछ वर्षों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। [8230]. अब आप भारत में हैं आपको इन चीजों का सामना करना होगा और उसके लिए तरीका ढूंढना होगा।

---

# बजरंग ने कहा, ओलंपिक तक सभी सोशल मीडिया हैंडल बंद कर रहा हूं

**एजेंसी। नई दिल्ली**



ओलंपिक की तैयारियों में लगे पहलवान बजरंग पूनिया ने सोमवार को घोषणा की कि वह जुलाई-अगस्त में तोक्यो में होने वाले खेलों तक अपने सभी सोशल मीडिया अकाउंट को बंद कर रहे हैं। ओलंपिक में भारत की बड़ी उम्मीद माने जा रहे बजरंग ने ट्विटर पर अपने फैसले की घोषणा की।

उन्होंने ट्वीट किया, मैं अपने सभी सोशल मीडिया हैंडल्स को आज से बंद कर रहा हूं। अब ओलंपिक के बाद आप सभी से मुलाकात होगी, उम्मीद करता हूं कि आप अपना प्यार बनाए रखेंगे, जय हिंद। बजरंग ने 2019 विश्व चैंपियनशिप में कोटा हासिल करके ओलंपिक में जगह बनाई थी। वह अमेरिका में एक महीने के शिविर में भाग लेकर हाल में स्वदेश लौटे थे। यह 27 वर्षीय खिलाड़ी गुरुवार से इटली में विश्व कुश्ती की रैंकिंग सीरीज प्रतियोगिता में भाग लेगा।

## ब्रेंडन ग्रेस ने प्यूर्टो रिको ओपन जीता

**रियो ग्रेंडे (प्यूर्टो रिको)।** ब्रेंडन ग्रेस ने आखिरी दो होल मंद ईगल और बर्डी बनाकर प्यूर्टो रिको ओपन गोल्फ टूर्नामेंट का खिताब जीता। ग्रेस ने पार-चार के 17वें होल में ईगल बनाई और 18वें होल में बर्डी बनाकर जोनाथन वेगास पर एक शॉट से जीत दर्ज की। ग्रेस के पिता पीटर का जनवरी में एक महीने तक कोविड-19 से जूझने के बाद निधन हो गया था और इसलिए इस जीत पर वह भावुक हो गए। उन्होंने कहा, आज सुबह जब मैं कार में अपनी पत्नी से बात कर रहा था तो मेरे आंसू नहीं रुक रहे थे। यह मेरे लिए भावुक करने वाला दिन है। दक्षिण अफ्रीका के इस 32 वर्षीय खिलाड़ी ने पीजीए टूर में दूसरी बार जीत दर्ज की। यह उनका कुल 13वां खिताब है। उन्होंने आखिरी दौर में छह अंडर 66 का कार्ड खेला और उनका कुल स्कोर 19 अंडर 269 रहा।

---

## संक्षिप्त समाचार

### हैदराबाद में आईपीएल मैचों के आयोजन का समर्थन किया

**हैदराबाद।** हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) के अध्यक्ष और पूर्व भारतीय कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने इस सत्र में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचों का आयोजन हैदराबाद में कराने का समर्थन किया है। रिपोर्टों के अनुसार यह शहर इस टी20 टूर्नामेंट के मेजबान स्थलों में शामिल नहीं है। अजहरुद्दीन ने तेलंगाना के मंत्री और सत्तारूढ़ टीआरएस के कार्यवाहक अध्यक्ष केटी रामाराव के बीसीसीआई और आईपीएल से हैदराबाद को एक मेजबान स्थान के रूप में शामिल करने के अनुरोध का समर्थन किया है। अजहर ने ट्वीट किया, मैं केटी रामाराव की अपील का पुरजोर समर्थन करता हूं। हैदराबाद बीसीसीआई के निर्देशों के अनुसार आईपीएल का आयोजन करने और जैव सुरक्षित वातावरण तैयार करने में पूरी तरह से सक्षम है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड आईपीएल आयोजन के लिए पांच स्थलों पर विचार कर रहा है।

### एटलेटिको मैड्रिड ने जीत की राह पकड़ी, बनाई पांच अंक की बढ़त

**मैड्रिड।** एटलेटिको मैड्रिड ने पिछले कुछ मैचों के लचर प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए विल्लारीयाल को 2-0 से हराकर फिर से जीत की राह पकड़ी और स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में शीर्ष पर पांच अंकों की बढ़त बनाई। रविवार को खेले गए मैच में अल्फोंसो पेडरजा ने पहले हाफ में आत्मघाती गोल किया जबकि जोओ फेलिक्स ने दूसरे हाफ में गोल करके एटलेटिको को जरूरी जीत दिलाई। एटलेटिको इससे पहले पिछले तीन मैचों में जीत दर्ज नहीं कर पाया था। इस जीत से एटलेटिको ने दूसरे स्थान पर काबिज बार्सिलोना पर पांच अंक की बढ़त बना ली है। बार्सिलोना ने शनिवार को चौथे स्थान की टीम सेविला को 2-0 से पराजित किया था।

### लाहिड़ी प्यूर्टो रिको में संयुक्त 39वें स्थान पर रहे

**रियो ग्रेंडे (प्यूर्टो रिको)।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने लगातार चौथे दौर में अंडर पार का स्कोर बनाया और प्यूर्टो रिको ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 39वें स्थान पर रहे। लाहिड़ी ने आखिरी दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेला और उनका कुल स्कोर छह अंडर 282 रहा। लाहिड़ी ने 10वें होल से शुरुआत की तथा 13वें और 16वें होल में बोगी कर बैठे लेकिन इसके बाद उन्होंने 17वें और 18वें होल में बर्डी बनाकर अच्छी वापसी की। दूसरे नौ होल में उन्होंने दूसरे और पांचवें होल में बर्डी बनाई और बाकी होल में पार स्कोर हासिल किया।

---

## हॉग ने अश्विन को वनडे टीम में शामिल करने की सिफारिश की



**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व आलराउंडर ब्रैड हॉग ने रविचंद्रन अश्विन को भारत की एकदिवसीय टीम में शामिल करने की अपील करते हुए कहा कि यह सीनियर ऑफ स्पिनर विकेट हासिल करने में माहिर है और उससे निचले क्रम की बल्लेबाजी को भी मजबूती मिलती है। एक प्रशंसक के ट्वीट का जवाब देते हुए हॉग ने कहा कि अश्विन को 50 ओवरों के प्रारूप के लिए भारतीय टीम में शामिल करना बहुत अच्छा फैसला होगा। हॉग से पूछा गया कि क्या अश्विन वनडे में वापसी कर सकते हैं, उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि यह शानदार विकल्प होगा। इससे निचले क्रम में बल्लेबाजी को अधिक मजबूती मिलेगी जिससे शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अधिक खुलकर खेल सकते हैं। उन्होंने कहा, वह विकेट लेने वाला गेंदबाज है और साथ ही काफी किफायती भी है। उसे वापस टीम में शामिल करो। अश्विन ने 77 टेस्ट मैचों के अलावा 111 वनडे और 46 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वह पिछले कुछ वर्षों से भारत की सीमित ओवरों की टीम का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने अपना आखिरी वनडे जून 2017 में खेला था।



## लुकाकु ने 32वें सेकेंड में दागा गोल इंटर मिलान की आसान जीत

**मिलान।** रोमेलु लुकाकु ने मैच शुरू होने पर 32वें सेकेंड में गोल करने के अलावा दो अन्य गोल में भी मदद की जिससे इंटर मिलान ने जेनोआ को 3-0 से हराकर इटालियन फुटबॉल लीग सेरी ये में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। लुकाकु के शुरुआती गोल से इंटर ने दबाव बनाया लेकिन उसे अपनी बढ़त दोगुनी करने के लिए 69वें मिनट तक इंतजार करना पड़ा। उसकी तरफ से यह गोल माटियो डॉर्मिया ने किया। स्थानापन्न अलेक्सिस सांचेज ने 77वें मिनट में तीसरा गोल किया। इस जीत से इंटर मिलान ने दूसरे नंबर की टीम एसी मिलान पर चार अंक की बढ़त बनाए रखी। एसी मिलान ने एक अन्य मैच में रोमा को 2-1 से हराया। एक अन्य मैच में अटलांटा ने संपडोरिया को 2-0 से हराकर चौथा स्थान हासिल कर लिया।

---

# बेले ने दिलाई टोटैनहैम को बड़ी जीत यूनाईटेड और चेल्सी ने ड्रॉ खेला

**एजेंसी। लंदन**



**गेरेथ** बेले ने सही समय पर दो गोल दागकर टोटैनहैम को इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में जीत दिलाई जबकि चेल्सी और मैनचेस्टर यूनाईटेड का मैच गोलरहित बराबर छूटा। बेले के शानदार प्रदर्शन से टोटैनहैम ने बर्नले को 4-0 से करारी शिकस्त दी। बेले ने दूसरे मिनट में ही अपनी टीम को बढ़त दिला दी थी और फिर उन्होंने 55वें मिनट में टीम की तरफ से चौथा गोल भी किया।

इस बीच हैरी केन (15वें मिनट) और लुकास मोरा (31वें मिनट) ने गोल किए। बेले ने जहां फार्म में वापसी की वहीं शानदार लय में चल रहे हार्वे बर्न्स को घुटने की चोट के कारण बाहर होना पड़ा। इसका प्रभाव उनकी टीम लीस्टर सिटी के प्रदर्शन पर साफ दिखा और उसे आर्सनल से 3-1 से हार झेलनी पड़ी।

चेल्सी ने मैनचेस्टर यूनाईटेड के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेलकर कोच थॉमस टुचेल के रहते हुए अपना अजेय रिकार्ड बरकरार रखा। लिवरपूल ने लगातार चार मैचों में हार के बाद शैफील्ड यूनाईटेड को 2-0 से पराजित किया। पिछले मैचों के खराब प्रदर्शन के कारण लिवरपूल की खिताब की उम्मीदें लगभग समाप्त हो गई हैं। उसके और शीर्ष पर काबिज मैनचेस्टर सिटी के बीच 19 अंकों का अंतर है।

## लाहौर ने पीएसएल में कराची को हराया

**कराची।** शाहीन अफरीदी की शानदार गेंदबाजी और डेविड वीज की अंतिम क्षणों की तूफानी पारी से लाहौर कलंदर्स ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में मौजूदा चैंपियन कराची किंग्स को छह विकेट से हराया। अफरीदी ने रविवार को खेले गए मैच में लगभग 150 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी की और 27 रन देकर तीन विकेट लिए। इससे लाहौर ने शार्जील खान (64) और मोहम्मद नबी (57) के अर्धशतकों के बावजूद कराची को नौ विकेट पर 186 रन पर रोक दिया। वीज के नौ गेंदों पर नाबाद 31 रन से लाहौर ने 19.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर दिया। दक्षिण अफ्रीका के इस बल्लेबाज ने आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज डेनियल क्रिस्टियन पर लगातार दो छक्के लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। लाहौर की तरफ से फखर जमां ने 83 रन बनाए जबकि बेन डंक 57 रन बनाकर नाबाद रहे।

---

# मुंबई ने हिमाचल को 200 रन से हराया, लीग चरण मे अजेय रहा

**एजेंसी। जयपुर**

**मुंबई** ने विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के एलीट ग्रुप डी के अपने अंतिम मैच में सोमवार को यहां हिमाचल प्रदेश को 200 रन से हराया जिससे टीम लीग चरण में अजेय रही।

मुंबई ने इससे पहले दिल्ली, महाराष्ट्र, पुडुचेरी और राजस्थान को शिकस्त दी थी। सवाई मानसिंह स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे मुंबई ने शीर्ष क्रम की विफलता के बाद शारदुल ठाकुर के 92, सूर्यकुमार यादव के 91 और आदित्य तारे के 83 रन की बदौलत नौ विकेट पर 321 रन बनाए। इसके जवाब में हिमाचल की टीम लेग स्पिनर प्रशांत सोलंकी (31 रन पर चार विकेट) और शम्स मुलानी (42 रन पर तीन विकेट) के फिरकी के जादू के बावजूद सिर्फ 121 रन पर ढेर हो गई। मुंबई की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने आठ रन के स्कोर तक ही सलामी बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल (02) और पृथ्वी साव (02) के अलावा श्रेयस अय्यर (02) का विकेट भी गंवा दिया।

जायसवाल को रिषी धवन (84 रन पर चार विकेट) ने प्रवीण ठाकुर के हाथों कैच कराया जबकि पृथ्वी को वैभव अरोड़ा ने पवेलियन भेजा। धवन ने अय्यर को पगबाधा करके मुंबई को तीसरा झटका दिया। सरफराज भी 11 रन बनाने के बाद पवेलियन लौट गए जिससे टीम का स्कोर 49 रन पर चार विकेट हो गया। सूर्यकुमार ने इसके बाद मोर्चा संभाला और 75 गेंद में 15 चौकों की मदद से 91 रन की पारी के दौरान कई आकर्षक शॉट खेले। उन्होंने तारे (98 गेंद में 83 रन, छह चौके और एक छक्का) के साथ पांचवें विकेट के लिए 99 रन जोड़कर पारी को संभाला। सूर्यकुमार के 31वें ओवर मे आउट होने के बाद तारे और शारदुल ने छठे विकेट के लिए 112 रन की साझेदारी की। शारदुल ने 57 गेंद में 92 रन की पारी के दौरान छह छक्के और इतने की चौके मारे। शारदुल की आक्रामक बल्लेबाजी की बदौलत मुंबई की टीम 300 रन के आंकड़े को पार करने में सफल रही।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे हिमाचल की शुरुआत भी बेहद खराब रही। टीम ने धवल कुलकर्णी (आठ रन पर दो विकेट) और मोहित अवस्थी (19 रन पर एक विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने चार रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए।

---

# कोहली से सीख लेने के लिए बेताब हैं मैक्सवेल

### उम्मीद है कि मैं उनसे नेतृत्वकौशल के भी कुछ गुण सीखने में सफल रहूंगा

**एजेंसी। वेलिंगटन**



आस्ट्रेलियाई आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में विराट कोहली के साथ खेलने और उनसे सीख लेने को लेकर बेहद उत्साहित हैं और उन्होंने भारतीय कप्तान के सभी प्रारूपों में दबदबे को देखते हुए कहा कि वह खेल के शिखर पर हैं।

कोहली की अगुवाई वाले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने मैक्सवेल को पिछले महीने की नीलामी में 14.25 करोड़ रुपये देकर खरीदा। आईपीएल 2020 में लचर प्रदर्शन के बाद पंजाब किंग्स ने मैक्सवेल को रिलीज कर दिया था। मैक्सवेल ने आस्ट्रेलियाई एसोसिएटेड प्रेस (एएपी) से कहा, वह (कोहली) टेस्ट से लेकर टी20 तक सभी प्रारूपों में छाया हुआ है और पिछले कुछ समय से इस खेल के शिखर पर है। उन्होंने कहा, वह परिस्थितियों के अनुसार अपने खेल को ढालता है, लंबे समय तक दबदबा बनाए रखता है तथा भारत का कप्तान और उनका सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी होने के भारतीय दबाव से पार पा लेता है।


इंडियन प्रीमियर लीग के अप्रैल के दूसरे सप्ताह में शुरू होने की संभावना है और इस आलराउंडर को उम्मीद है कि उन्हें इस दौरान भारतीय कप्तान से नेतृत्वक्षमता के गुण सीखने को मिलेंगे। कोहली आरसीबी में मैक्सवेल के कप्तान होंगे। इस 32 वर्षीय आलराउंडर ने कहा, मैं केवल मैच ही नहीं बल्कि अभ्यास को लेकर उनकी कार्यशैली को समझने को लेकर उत्सुक हूं। उम्मीद है कि मैं उनसे नेतृत्वकौशल के भी कुछ गुण सीखने में सफल रहूंगा।

उन्होंने कहा कि उनकी कोहली के साथ अच्छी मित्रता है और जब उन्होंने 2019 में मानसिक कारणों से विश्राम लिया था तब भारतीय स्टार ने उनका समर्थन किया था। मैक्सवेल ने कहा, उन्होंने मेरे फैसले का खुलकर समर्थन किया था। एक तरह से वह उन सारी चीजों को समझ गए थे जिनसे मैं गुजर रहा था। बहुत सारी अपेक्षाएं और दबाव जिन्हें यकीनी तौर पर वह खुद से संबद्ध कर सकता है।

---

# विजेंदर का अगला पेशेवर मुकाबला गोवा में कैसीनो जहाज की छत पर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



**भारतीय** पेशेवर मुक्केबाज विजेंदर सिंह का अगला मुकाबला अगले महीने गोवा में एक कैसीनो जहाज की छत पर होगा।

इस मुकाबले के प्रतिद्वंद्वी की घोषणा अभी नहीं हुई है। पैंतीस साल के गत डब्ल्यूबीओ ओरिएंटल और डब्ल्यूबीओ एशिया पैसीफिक सुपर मिडिलवेट चैंपियन विजेंदर ने नवंबर 2019 में घाना के पूर्व राष्ट्रमंडल चैंपियन चार्ल्स अदामु को दुबई में हराकर लगातार 12वीं जीत दर्ज की थी। इसके बाद से इस भारतीय मुक्केबाज ने किसी मुकाबले में हिस्सा नहीं लिया है।

विजेंदर के प्रमोटर आईओएस बॉक्सिंग प्रमोशंस ने बयान में कहा, अपनी तरह का यह पहला मुकाबला मेजिस्टिक प्राइड कैसीनो जहाज की छत पर होगा। मैजीस्टिक प्राइड गोवा के पणजी में मांडवी नदी के किनारे खड़ा जहाज है।आयोजकों की विज्ञप्ति के अनुसार, यह मुकाबला नियमित पेशेवर मुकाबले के पारंपरिक आयोजन से अलग होगा जिसमें दर्शकों को वेगास शैली के मुक्केबाजी मुकाबले जैसी चमक-धमक और ग्लैमर देखने को मिलेगा।

विजेंदर ने कहा कि वह इस नए अनुभव को लेकर उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, यह ऐसी चीज है जो भारत में पहले कभी नहीं हुई और इस बेजोड़ पेशेवर मुकाबले का हिस्सा बनने की मुझे खुशी है। मैं उत्साह से भरा हूं और रिंग में उतरने के लिए बेताब हूं। मैं कड़ी ट्रेनिंग करके खुद को मुकाबले के लिए फिट रख रहा हूं।

# जर्मनी में पढ़ाई करें और बढ़िया स्कॉलरशिप भी पाएं

यूरोप में पढ़ाई करना तमाम ब्राइट स्टूडेंट्स का सपना होता है, और बात जब जर्मनी की हो, तो यहां से लोगों का एक खास लगाव होना स्वभाविक है। यूं भी जर्मनी टेक्नोलॉजी में काफी आगे है और यहां का एजुकेशन सिस्टम भी कई देशों की तुलना में काफी बेहतर माना जाता है। ऐसे में तमाम भारतीय छात्र जर्मनी की ओर पढ़ाई का रुख करते ही हैं। वास्तव में उन्हें काफी सहूलियत भी मिलती है। चूंकि एजुकेशन डेस्टिनेशन के रूप में हाल-फिलहाल जर्मनी काफी पॉपुलर हो रहा है, और वहां क्वालिटी एजुकेशन भी बड़े पैमाने पर मिल रही है, इसलिए स्वाभाविक है कि वहां भारतीय छात्रों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है।

एक अनुमान के मुताबिक प्रत्येक वर्ष सात फीसदी से अधिक भारतीय छात्र वहां पढ़ने जा रहे हैं। आप कह सकते हैं कि जर्मनी में ऐसी क्या चीज है, जिसके कारण छात्र आकर्षित हो रहे हैं, तो इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि वहां उचित शिक्षा की फीस बहुत कम है और न केवल शिक्षा की, बल्कि शिक्षा के बाद काम करने के लिए परमिट भी वहां आसानी से मिल जाता है। खास बात यह है कि अगर आप जर्मनी में शिक्षा लेना चाहते हैं, तो आप बेहतरीन स्कॉलरशिप भी पा सकते हैं। आइए जानते हैं कुछ स्कॉलरशिप प्रोग्राम्स के बारे में।

## एचडब्ल्यूके फैलोशिप

जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है और यह एक प्रतिष्ठित स्कॉलरशिप मानी जाती है। अगर आप एक काबिल वैज्ञानिक हैं, तो फेलोशिप प्रोजेक्ट के बेसिस पर जर्मनी में स्टडी के लिए रेग्युलर फैलोशिप और जूनियर फैलोशिप 3 और 10 महीने के लिए प्रदान की जाती है। जाहिर तौर पर यह एक आकर्षक फैलोशिप है, जो ब्राइट स्टूडेंट्स के लिए काफी मददगार साबित होती है। यूं भी विज्ञान के प्रयोगों में काफी धन की आवश्यकता होती है और इसीलिए इस स्कॉलरशिप प्रोग्राम को काफी हाईलाइट किया जाता है।

## मैनहीम यूनिवर्सिटी डॉचलैंड स्कॉलरशिप

इस स्कॉलरशिप का नाम तो आपने सुना ही होगा। अगर आप बेहतरीन मेरिट पाते हैं, तो ग्रेजुएशन या पोस्ट ग्रेजुएशन के लिए आप इस स्कॉलरशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। 24000 रुपये प्रत्येक महीने आपको स्कॉलरशिप के तौर पर दिए जाते हैं जो कि एक काफी आकर्षक स्कॉलरशिप मानी जा सकती है। विदेशों में अगर आपको इतनी रकम पढ़ाई के लिए मिलती है, वह भी प्रत्येक महीने तो वह आपकी शिक्षा में निश्चित तौर पर मददगार साबित होगी।

आप कह सकते हैं कि जर्मनी में ऐसी क्या चीज है, जिसके कारण छात्र आकर्षित हो रहे हैं, तो इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि वहां उचित शिक्षा की फीस बहुत कम है और न केवल शिक्षा की, बल्कि शिक्षा के बाद काम करने के लिए परमिट भी वहां आसानी से मिल जाता है।



## जीएसएलएस फेलोशिप, विर्जवर्ग यूनिवर्सिटी, जर्मनी

हम बोल रिसर्च ट्रैक स्कॉलरशिप स्कॉलरशिप पीएचडी की पढ़ाई करने वालों के लिए रहे हैं चाहे इस्ट्रीम जो भी हो अगर आप मास्टर डिग्री ले चुके हैं इस स्कॉलरशिप के लिए अप्लाई कर सकते हैं। तकरीबन छह महीने तक63000 तक आपको मिल सकते हैं 32000 प्रत्येक महीने चुने हुए हैं स्कॉलर के बच्चों के लिए खर्च दिए जाते हैं तो जाहिर तौर पर आप को लाभ पहुंचा सकता है

## जीएसएलएस फैलोशिप

विर्जवर्ग यूनिवर्सिटी, तीन सालों के लिए पीएचडी फेलोज को यह स्कालरशिप देती है। खास बात यह है कि इसमें आपको लाइफ साइंस के किसी भी सब्जेक्ट में डिग्री लेनी होती है। इस फेलोशिप में प्रत्येक वर्ष चार लाख रिसर्च से सम्बंधित खर्च, यात्रा आदि पर खर्च किए जाते हैं।

## साइंस और इंजीनियरिंग में डीएएडी इंटर्नशिप

इंटर्नशिप में करंट में चल रहे रिसर्च और भिन्न परियोजनाओं के हिस्से के तौर पर डॉक्टोरल स्टूडेंट्स, प्रोफेसर या साइंटिस्ट के साथ काम करने का मौका इसमें मिलता है। गणित, विज्ञान या फिर इंजीनियरिंग के स्टूडेंट अंतिम वर्ष में या उससे पहले भी इंटरव्यू के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें ट्रैवल एलाउंस के लिए आपको प्रत्येक महीने 50 हजार तक मिल जाते हैं, जो कि पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट के लिए सफिशिएंट माने जा सकते हैं।

## बोहरिंगर इंगेलहिम फोंड्स पीएचडी फेलोशिप

भारत के बेहद जूनियर साइंटिस्ट इस स्कॉलरशिप का फायदा उठा सकते हैं। वे जर्मनी के हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट में पीएचडी कर सकते हैं। दाखिला लेने के बाद, स्कॉलरशिप के तहत साइंटिफिक रिसर्च और लाइव फील्ड एक्सपेरिमेंट के लिए इसमें फंड प्रोवाइड किया जा सकता है। आप यह जानकर हैरान रह जाएंगे कि मासिक भत्ते के रूप में तकरीबन 1.2 लाख रुपया दिया जाता है तो 12000 रिसर्च एंड डेवलपमेंट भत्ता के तौर पर। इसके अलावा भी दूसरे भत्ते इसमें शामिल हैं।

## आइंस्टाइन फैलोशिप जर्मनी

आइंस्टाइन फोरम टाइमर एंड डैमर ऐंड बेंज फाउंडेशन भारत के ह्यूमैनिटीज, सोशल साइंस अथवा नेचुरल साइंसेज के छात्रों को यह फेलोशिप प्रोवाइड करता है। महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइन्स्टीन के नाम पर शुरू की गयी इस फेलोशिप का मतलब बेहतर प्रतिभाओं को सामने लाना है।



# इंटरव्यू के लिए जा रहे हैं तो ऐसे करें तैयारी

सफलता के लिए हर व्यक्ति एक अच्छी जॉब चाहता है, लेकिन कई बार सारी क्वालिटी होने के बाद भी व्यक्ति को मनचाही जॉब नहीं मिलती, क्योंकि वह जॉब इंटरव्यू की तैयारी सही तरह से नहीं करता और फिर उसे असफलता का सामना करना पड़ता है। जॉब इंटरव्यू के दौरान एचआर डिपार्टमेंट आपकी छोटी से छोटी बात को नोटिस करता है। सिर्फ उस जॉब के लिए आपकी एजुकेशन क्वालिफिकेशन होना ही काफी नहीं है, तो चलिए आज हम आपको कुछ ऐसे ही टिप्स बता रहे हैं, जिनकी मदद से आप जॉब इंटरव्यू के लिए सही तरह से तैयारी कर सकते हैं?

**पढ़े जॉब विवरण :** जॉब इंटरव्यू की तैयारी का यह सबसे पहला स्टेप है, जिस पर अधिकतर लोग ध्यान नहीं देते और उन्हें हाथ आई जॉब को गंवाना पड़ता है। इसलिए जॉब इंटरव्यू पर जाने से पहले जॉब के विवरण को सही तरह से पढ़ें। यह सिर्फ एजुकेशन क्वालिफिकेशन तक ही सीमित नहीं है। इसके अलावा आप जॉब की अन्य जरूरतों जैसे एंप्लायर की क्वालिटीज व बैकग्राउंड डिटेल के बारे में जानें। आप जॉब विवरण को जितना गहराई से पढ़ेंगे, आपके लिए उस जॉब की पोस्ट के बारे में ज्यादा बेहतर तरीके से पता चलेगा। इसके अलावा आपके लिए यह समझना भी काफी आसान होगा कि जॉब इंटरव्यू के दौरान आपसे किस तरह के प्रश्न पूछे जाएंगे।

**करें पूरी रिसर्च :** आप जिस भी कंपनी में जॉब के लिए अप्लाई कर रहे हैं, उसके बारे में आपको पहले पूरी रिसर्च करनी जरूरी है। दरअसल, किसी भी कंपनी में जॉब इंटरव्यू के दौरान यह जरूर पूछा जाता है कि आप इस कंपनी में जॉब क्यों करना चाहते हैं या फिर आप इस नौकरी को क्यों करना चाहते हैं। इस सवाल का आप सबसे अच्छा जवाब तभी दे पाएंगे, जब आपको कंपनी के बारे में पूरी जानकारी हो।

**करें प्रैक्टिस :** कई बार ऐसा होता है कि पूरी तैयारी होने के बाद भी जब आप इंटरव्यू के लिए जाते हैं, तो आपका कॉन्फिडेंस लूज हो जाता है या फिर घबराहट में आपके जवाब और बॉडी लैग्वेंज नेगेटिव हो जाता है। इसलिए कॉन्फिडेंस को बढ़ाने और एंग्जाइटी को दूर करने के लिए प्रैक्टिस करें। इस तरह के मॉक इंटरव्यू से जब आप बार-बार जवाब देते हैं, तो आपके भीतर एक आत्मविश्वास पैदा होता है और फिर जॉब इंटरव्यू के दौरान आप हिचकिचाते नहीं हैं।

> “जॉब इंटरव्यू के दौरान एचआर डिपार्टमेंट आपकी छोटी से छोटी बात को नोटिस करता है।

**अन्य तैयारी :** इन सभी तैयारियों के अलावा ऐसी कई छोटी-छोटी तैयारियां हैं, जो जॉब इंटरव्यू के लिए बेहद जरूरी है। जैसे आप जॉब इंटरव्यू की तैयारी के दौरान अपने रिज्यूम की हार्ड कॉपी को भी जरूर पढ़ें। कई बार इंटरव्यूवर आपके रिज्यूम को लेकर ही कुछ सवाल पूछते हैं और अगर उस दौरान आप कोई गड़बड़ी करते हैं, तो इससे आपकी क्रेडिबिलिटी डाउन होती है। इसलिए आपने जो रिज्यूम कंपनी में दिया है, उसकी डिटेल आपको पूरी तरह याद होनी चाहिए। इंटरव्यू के लिए आपका ड्रेसअप भी सही होना चाहिए। साथ ही आपके पास सभी जरूरी डॉक्यूमेंट की हार्ड कॉपी होनी चाहिए। इंटरव्यू के दिन आप समय से 15 मिनट पहले से पहुंच जाएं। इससे आपको रिलैक्स होने में मदद मिलेगी। साथ ही आपका इंप्रेशन भी बना रहेगा।

# बागवानी से है प्यार तो बनाएं हार्टिकल्चर में कॅरियर



**प्रकृति** की गोद में रहने का अपना एक अलग ही आनंद है। कंप्यूटर की किट-किट और डेडलाइन्स से दूर रहकर अगर आप नेचर संबंधित एक सुखद कॅरियर की तलाश में हैं तो आप हार्टिकल्चर अर्थात बागवानी में अपना भविष्य तलाश सकते हैं। हार्टिकल्चर वास्तव में एग्रीकल्चर का ही एक छोटा स्वरूप है। जहां एग्रीकल्चर में बड़े पैमाने पर खेती की जाती है, वहीं बागवानी में इसे छोटे स्तर पर किया जाता है। अगर आपको भी प्रकृति के करीब रहना पसंद है तो आप हार्टिकल्चर में अपना कॅरियर बनाएं। तो चलिए विस्तार से जानते हैं इस बारे में-

## क्या है हार्टिकल्चर

हार्टिकल्चर वास्तव में आर्ट और विज्ञान का एक अद्भुत मिश्रण है। जिसमें फल, सब्जियों, मसालों, फूलों, औषधीय व सुगंधित फूलों की खेती की जाती है। बागवानी के क्षेत्र में न सिर्फ परिवेश का सौंदर्यीकरण शामिल है, बल्कि पौधों और उनके महत्व का अध्ययन भी शामिल है। बागवानी में पौधों के फसल उत्पादन से लेकर मिट्टी की तैयारी, पौधे की प्रजनन और आनुवंशिक इंजीनियरिंग, पौधे की जैव रसायन और पादप शरीर क्रिया विज्ञान आदि शामिल है।

## योग्यता

इस क्षेत्र में आपकी शैक्षणिक योग्यता इस बात पर निर्भर करती है कि आप किस प्रकार के बागवानी व्यवसाय में रूचि रखते हैं। इस क्षेत्र में प्रवेश स्नातक स्तर से शुरू होता है। जिन उम्मीदवारों ने भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित / जीव विज्ञान / कृषि के साथ विज्ञान स्ट्रीम (कक्षा 12 वीं) में उत्तीर्ण किया है, वे विषय के रूप में बागवानी में स्नातक की डिग्री के लिए एक अलग विषय के रूप में या बीएससी कृषि विज्ञान विषय के रूप में चयन कर सकते हैं। डिप्लोमा कार्यक्रम करने के लिए एक ही मूल योग्यता आवश्यक है। छात्र बागवानी में बीएससी करने के बाद, बागवानी में एमएससी कर क्षेत्र में अपना आगे का अध्ययन जारी रख सकते हैं।

## पर्सनल स्किल्स

इस क्षेत्र में कॅरियर देख रहे छात्रों में प्रकृति के प्रति प्रेम की भावना होनी चाहिए। इसके अलावा छात्रों में सीखने के लिए उत्साह और प्रेरणा देने की क्षमता, गहन एकाग्रता के साथ लंबे समय तक काम करना और एक उत्सुक विश्लेषणात्मक मन होना चाहिए। उनके भीतर पौधों में रोग के शुरुआती लक्षणों का पता लगाने के लिए बागवानी विशेषज्ञों में व्यावहारिक क्षमता, अवलोकन की अच्छी शक्तियां होनी चाहिए। सामान्य तौर पर, बागवानी विशेषज्ञों को अपने आसपास की दुनिया के बारे में जानने और समस्याओं को हल करने में रचनात्मक होने की आवश्यकता होती है।

## संभावनाएं

इस क्षेत्र में भविष्य की चाह रखने वाले छात्रों के लिए सिर्फ भारत ही नहीं, विदेशों में भी रोजगार के पर्याप्त अवसर हैं। आप बागवानी उद्योग, सरकारी या शैक्षणिक संस्थानों या फिर निजी क्षेत्रों में भी प्रवेश कर सकते हैं। बागवानी वैज्ञानिक कृषि व्यवसाय, आर्बरकल्चर (लकड़ी के पौधों की देखभाल और देखभाल), वनस्पति उद्यान, संरक्षण, फसल प्रबंधन, पुष्प डिजाइन, खाद्य रसायन, फल और सब्जी उत्पादन, उद्यान केंद्र, ग्रीनहाउस, मैदान प्रबंधन, परिदृश्य निर्माण में कई क्षेत्रों में काम करते हैं। आप सरकारी क्षेत्र में पार्क, सार्वजनिक उद्यान, सरकारी लॉन आदि का रखरखाव कर सकते हैं। या फिरएक बागवानी निरीक्षक, फल और सब्जी निरीक्षक, कृषि विज्ञान केंद्र में प्रशिक्षण सहायक, जिला बागवानी अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, विपणन निरीक्षक, फार्म पर्यवेक्षक, अनुभाग अधिकारी और कृषि निरीक्षक के रूप में काम कर सकते है। इस क्षेत्र में ग्रेजुएट्स व पोस्ट ग्रेजुएट्स के लिए कृषि विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में एसोसिएट प्रोफेसर या तकनीकी सहायक के रूप में काम किया जा सकता है। वहीं अगर आप सेल्फ एम्प्लॉयमेंट चाहते हैं तो आप हॉर्टिकल्चर कंसल्टेंट या हॉर्टिकल्चर थेरेपिस्ट, फ्लोरल डेकोरेटर, फ्लोरिस्ट शॉप, फ्रूट / वेजिटेबल, फ्लावर ग्रोवर इत्यादि के रूप में कार्य कर सकते हैं। कोई भी फल-फूल, सब्जियां या फूल या फल उगाने के लिए हॉर्टिकल्चर फार्म स्थापित करके बागवानी उद्यमी बन सकता है।

> हार्टिकल्चर वास्तव में आर्ट और विज्ञान का एक अद्भुत मिश्रण है। जिसमें फल, सब्जियों, मसालों, फूलों, औषधीय व सुगंधित फूलों की खेती की जाती है। बागवानी के क्षेत्र में ना सिर्फ परिवेश का सौंदर्यीकरण शामिल है, बल्कि पौधों और उनके महत्व का अध्ययन भी शामिल है।

## प्रमुख संस्थान

- देशभगत यूनिवर्सिटी, पंजाब
- नालंदा कॉलेज ऑफ हार्टिकल्चर, नालंदा
- श्रीराम कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, महाराष्ट
- हार्टिकल्चरल कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, तमिलनाडु
- आईटीएम यूनिवर्सिटी, ग्वालियर
- पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, लुधियाना

## आमदनी

एक हार्टिकल्चरिस्ट की आमदनी उनकी शिक्षा, स्पेशलाइजेशन व रोजगार की भौगोलिक स्थित पर निर्भर करता है। सार्वजनिक क्षेत्र की तुलना में निजी क्षेत्र में बागवानी पेशेवरों का वेतन अधिक है। नए स्तर पर, बागवानी में वेतन 8,000 रुपये से लेकर 10,000 रुपये प्रति माह तक हो सकता है। क्षेत्र में दो से तीन साल के अनुभव के बाद, प्रति माह 20,000 रुपये तक कमा सकते हैं। बागवानी निरीक्षक (संबंधित राज्य या केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त) 7,000 रुपये से शुरू होता है और अनुभव और सेवा के कुल वर्षों के आधार पर 17,000 रुपये तक जाता है। जिला बागवानी अधिकारियों को 20,000 रुपये से अधिक मासिक वेतन मिलता है। बागवानी वैज्ञानिकों और वैज्ञानिकों का वेतन 18,000 से 25,000 रुपये के बीच है।

# सात बातों का रखें ख्याल और कॉलेज लाइफ को बनाएं शानदार

कोरोना महामारी के बाद कई कॉलेज खुल गए हैं तो कई खुलने वाले हैं। नए सत्र में नामांकन लेने वाले छात्रों के लिए यह साल अहम होगा। नए सत्र में नामांकन लेने वाले छात्रों का कॉलेज के परिवेश में ढलना ही होगा। कई नवयुवक ऐसे होंगे जिनको कॉलेज का माहौल शुरुआत में सही न लगे, लेकिन उनको कॉलेज के वातावरण के अनुसार ढलना होगा। कॉलेज जीवन आपको एक नया रोमांच प्रदान करता है, जो स्वतंत्रता से भरा है। इस अनुभव के लिए एक बुरी शुरुआत आपको ऐसी यादें देगी जो आप भूलना चाहते हैं। आइए सात बिंदुओं में समझते हैं, कैसे अपने कॉलेज लाइफ को कुछ बातों को ख्याल रखकर उसे खास और यादगार बना सकते हैं।



## शुरुआत के हर क्लास में जाए

आपका स्कूलिंग कैसा भी हो वह अब मायने रखता है, अब कॉलेज में आप अपने क्लास के शेड्यूल का प्रिंट आउट लें आपको नित्य नया सीखना है और नित्य आगे बढ़ना है। कॉलेज के शुरुआती दिनों में अपने क्लास के शेड्यूल का प्रिंट आउट लें। कोशिश करें शुरुआत के सभी क्लास में शामिल हो, क्योंकि कॉलेज के शुरुआती क्लास आपके लिए बहुत जरूरी होता है।

## न कहना सीखे

नए सत्र में नामांकन है तो शिक्षा के साथ आपको और बहुत कुछ सीखना है। कई ऐसे प्रकरण मिलेंगे जो आपके नवयुवक मन मस्तिष्क को खूब भाएगा, लेकिन आपको सीखने के ज्ञान से दूर ले जाएगा तो कृपया आप इस तरह के गतिविधियों पर ध्यान दे और उससे बचे। कॉलेज में दोस्तों और अन्य गैर-शैक्षणिक गतिविधियों जैसे विकर्षणों से दूर जाना आसान है। 'नहीं' कहने के लिए सीखना आपको संभावित परेशानियों को हल करने में मदद करेगा जो दोस्तों और रूममेट्स को आप पर फेंक देंगे। ये विक्षेप आपके समय प्रबंधन को नकारात्मक रूप से प्रभावित करेंगे।

## अच्छे और सच्चे दोस्त बनाओ

कॉलेज समय के दोस्तों का महत्व कुछ खास होता है, वह आपके नोट्स में मदद करते ही हैं, साथ ही साथ वह आपके कॉलेज के समस्या में भी आपका मदद करते हैं। दोस्त आपके क्लास में हो या बाहर के हो, दोस्त तो दोस्त होते हैं। जब भी आप दूसरों से अपना परिचय दें और बातचीत शुरू करें। सामाजिक रूप से शर्मीले लोगों के लिए एक संघर्ष हो सकता है, लेकिन ध्यान रखें कि अन्य लोग भी घबराए हुए हैं। एक क्लब या समाज में शामिल होने से आपको नए दोस्त बनाने के करीब लाया जाएगा जो भविष्य में मदद कर सकते हैं। आप बहुत सारे दोस्त बनाएंगे और अपना सर्कल बढ़ाएंगे।

## फिजूलखर्च से बचें और अपने बजट पर टिके रहें

आपके घर वाले आपको सपनों को सच करने के लिए कॉलेज में पढ़ने के लिए भेजे है, कृपया पढ़ाई पर फोकस बनाये रखें और कोशिश करें बेकार के कामों से दूर रहे। अपने नए-नवेले दोस्तों को प्रभावित करने के लिए आपको कर्ज में नहीं पड़ना चाहिए। बजट बनाना एक आदत है, मुश्किल हो सकता है और समय लग सकता है, लेकिन आत्म-अनुशासन के साथ, यह प्राप्त करने योग्य है। यह निर्धारित करें कि आपको अपनी आवश्यक चीजों जैसे कि किताबें, भोजन और किराए पर लेने और बाकी को बचाने के लिए क्या चाहिए। आप कभी नहीं जानते हैं कि आपको तत्काल नकदी की आवश्यकता कब होगी, लेकिन आकस्मिक निधि होने से आपका बोझ कम हो जाएगा।

## आपस में प्रश्न पूछे और बात

यदि आपने पाया कि आपको अपने कॉलेज में छात्र सहायता दल जल्दी मिल गया और अपने आप को उनसे परिचित कराया। यदि आपके पास प्रश्न हैं, तो उनसे पूछें क्योंकि संभावना यह है कि किसी ने पहले ही प्रश्न पूछा था और उत्तर दिया गया था। यदि उनके पास आपके द्वारा मांगे गए उत्तर नहीं हैं, तो वे आपको किसी ऐसे व्यक्ति के पास भेज देंगे। इसके अतिरिक्त , यदि आप कक्षा में संघर्ष कर रहे हैं, तो अपने व्याख्याताओं से मदद मांगने से न डरें।

## अपने कॉलेज के अनुभव का आनंद लें

वास्तव में, आपके पास कोई अन्य अनुभव नहीं होगा जो आपके कॉलेज के रोमांच के करीब आता है। कॉलेज जीवन को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए, अपने शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक पहलुओं को संतुलित करें। अपने भविष्य के स्वयं को खुशी होगी कि आपने कॉलेज में यादें बनाई।